राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 03 फ़रवरी 2026
वर्ष 07, अंक 125, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

रात के अंधेरे में कटे सात सरकारी पेड़ सबूत मिटाने के लिए जेसीबी से खोदे गड्ढे, ग्रामीणों ने की शिकायत...03

अमेरिका के हमले का जरा भी खौफ नहीं, खुमैनी के मकबरे से दहाड़े खामनेई...12

## जाति जनगणना की प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली याचिका खारिज, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को क्या दी सलाह?

● **जाति जनगणना की प्रकिया पर सवाल उठाने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है. इस दौरान अनुसूचित जनजाति ने केंद्र सरकार को सलाह दी है. मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि जाति आंकड़ों की पहचान के लिए कोई पूर्व-निर्धारित डेटा मौजूद नहीं है**



जाति जनगणना की प्रकिया पर सवाल उठाने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है. इस दौरान याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को सलाह भी दी है. एससी ने केंद्र सरकार और भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय से याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने 2027 की सामान्य जनगणना में नागरिकों की जाति संबंधी आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से सोमवार को इनकार कर दिया. हालांकि, इस दौरान एससी ने केंद्र और भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय से जनहित याचिका दायर करने वाले शिक्षाविद् आकाश गोयल द्वारा इस मुद्दे पर दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा।

**कोई पूर्व-निर्धारित डेटा मौजूद नहीं**

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि जाति आंकड़ों की पहचान के लिए कोई पूर्व-निर्धारित डेटा मौजूद नहीं है. पीठ ने कहा कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1958 और उसके तहत बने 1990 के नियमों के अनुसार संचालित होती है, जो संबंधित अधिकारियों को यह तय करने का अधिकार देते हैं कि जनगणना किस तरीके और किन बिंदुओं पर की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि संबंधित अथॉरिटी विषय विशेषज्ञों की मदद से ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की आशंका न रहे. कोर्ट ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दे प्रासंगिक हैं और पहले ही रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष रखे जा चुके हैं।

**याचिका में क्या-क्या मांग की गई थी?**

बताया जा रहा है कि याचिका शिक्षाविद आकाश गोयल द्वारा दायर की गई थी, जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने पक्ष रखा. याचिका में मांग की गई थी कि जाति संबंधी जानकारी दर्ज करने, उसे वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रश्नावली को सार्वजनिक किया जाए, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे।

याचिकाकर्ता का दावा था कि जनगणना संचालन देशालय ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि नागरिकों की जाति पहचान दर्ज करने के लिए कौन-से मानदंड अपनाए जाएंगे, जबकि इस बार जाति गणना का दायरा अनुसूचित जाति और जनजाति से आगे बढ़ाया जा रहा है।

## एंटी करप्शन बांदा ने सरकारी कार्यालयों में पोस्टर चस्पा कर भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों को किया जागरूक



**हमीरपुरः-** 'सरकारी कार्य के एवज में रिश्वत की मांग होने पर हमें बताएं' लिखे पोस्टरों को एंटी करप्शन टीम बांदा ने कस्बे में सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर चस्पा कर लोगों को जागरूक किया। इनमें मोबाइल नंबर भी लिखे गए हैं। थाना एंटी करप्शन बांदा के टीम प्रभारी व आरक्षी ने मौदहा तहसील/कोतवाली क्षेत्र, नगर पालिका कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया। आरक्षी ने आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उन्हें एंटी करप्शन विभाग की कार्यप्रणाली की जानकारी दी और भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्भीक होकर सामने आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोगों को बताया कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी या अधिकारी किसी भी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना तत्काल एंटी करप्शन विभाग को दी जाए। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शिकायत के लिए विभाग द्वारा मोबाइल नंबर 9454402489 एवं 9454402484 जारी किए गए हैं।

## यूपी को गति देगा केंद्र का बजट

● **दो हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, जहाज मरम्मत का केंद्र बनेगा प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश को मिले 4.26 लाख करोड़ रुपये**



**लखनऊ।** केंद्रीय आम बजट 2026-27 में उत्तर प्रदेश को अब तक का सबसे बड़ा वित्तीय सहयोग मिला है। केंद्र सरकार ने प्रदेश के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए कुल 4.26 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यह बजट न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर और परिवहन को मजबूती देगा, बल्कि स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यटन और रोजगार जैसे अहम क्षेत्रों में भी नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बजट उत्तर प्रदेश को देश की आर्थिक धुरी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**हाई-स्पीड रेल से तेज होगी विकास की रफ्तार**

बजट में उत्तर प्रदेश के लिए दो हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित करने का प्रावधान किया गया है। इससे प्रदेश के प्रमुख शहरों के बीच यात्रा समय में भारी कमी आएगी और औद्योगिक व व्यावसायिक गतिविधियों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही रेलवे नेटवर्क के विस्तार, ट्रैक आधुनिकीकरण और स्टेशनों के पुनर्विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। यह कदम यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के साथ-साथ लॉजिस्टिक्स लागत को भी कम करेगा।

**सड़क नेटवर्क को मिलेगा नया विस्तार**

सड़क परिवहन के क्षेत्र में प्रदेश को बड़ी सौगात मिली है। बजट के तहत 10 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों के निर्माण और उन्नयन का लक्ष्य रखा गया है। इससे ग्रामीण इलाकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सहूलियत होगी और छोटे कस्बों में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी। विशेषज्ञों के अनुसार मजबूत सड़क नेटवर्क प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ साबित होगा।

4.26 लाख करोड़ का विस्तृत ब्योरा

केंद्रीय बजट में उत्तर प्रदेश को विभिन्न मदों में यह धनराशि दी गई है–

» केंद्रीय करों में हिस्सेदारीः लगभग 2.68 लाख करोड़ रुपये

» केंद्र प्रायोजित योजनाएंः करीब 1.10 लाख करोड़ रुपये

» कैपिटल असिस्टेंसः लगभग 20 हजार करोड़ रुपये

» रेल सेक्टरः करीब 18 हजार करोड़ रुपये

» अन्य विकास मदः लगभग 10 हजार करोड़ रुपये

यह वित्तीय सहायता प्रदेश के दीर्घकालिक विकास परियोजनाओं को मजबूती देगी।

**स्वास्थ्य ढांचे को मिलेगा बल**

स्वास्थ्य क्षेत्र में महात्मा गांधी हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत जिला अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने, नए ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने और ग्रामीण व शहरी इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की योजना है। इससे दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर इलाज मिल सकेगा और स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव कम होगा।

**जहाज मरम्मत और उद्योग से बढ़ेगा रोजगार**

औद्योगिक विकास के लिहाज से बजट में उत्तर प्रदेश को जहाज मरम्मत के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल निर्माण और अन्य मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इससे प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की उम्मीद जताई जा रही है, खासकर युवाओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे।

**पर्यटन को मिलेगी नई पहचान**

पर्यटन क्षेत्र में अयोध्या, मथुरा, वाराणसी, आगरा जैसे प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से न केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय के नए स्रोत भी खुलेंगे। इससे उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई मजबूती मिलेगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बलरामपुर चेयरमैन ने सड़क निर्माण का निरीक्षण किया:स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास चौड़ीकरण कार्य की गुणवत्ता जांची



**बलरामपुर** चेयरमैन डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने देर रात स्पोर्ट्स स्टेडियम के चारों ओर चल रहे सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ राजकीय ठेकेदार रूपेश ओझा भी उपस्थित थे।निरीक्षण के दौरान, चेयरमैन ने कार्य की गुणवत्ता, प्रगति और निर्धारित मानकों का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डॉ. सिंह ने विशेष रूप से सड़क पर पड़ने वाले क्रॉस के उचित निर्माण का निर्देश दिया, ताकि जल निकासी में कोई बाधा न आए। उन्होंने दिक्षित चौराहे के चौड़ीकरण का भी निर्देश दिया, जिससे वाहनों का आवागमन सुगम हो सके। चेयरमैन डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनहित में सुव्यवस्थित, सुरक्षित और टिकाऊ सड़क निर्माण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### नाजायज तमंचा के साथ दो गिरफ्तार



**हमीरपुरः-** कुरारा थाना क्षेत्र के कंडौर गांव में गश्त के दौरान पुलिस ने दो युवकों को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। तथा न्यायालय में पेश किया गया है। क्षेत्र के कंडोर गांव में लगे मोबाइल टावर के पास मोराकंदर गांव जाने वाले रास्ते में दो युवक को जाते समय पुलिस ने गश्त के दौरान तलाशी ली तो दोनों के पास से अवैध तमंचा 315 बोर दो अदद व चार कारतूस 315 बोर बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी राघवेंद्र सिंह उर्फ रग्घू निवासी कंडोर हाल निवास टीकापुर थाना लालपुरा हमीरपुर तथा दूसरा आरोपी सचिन उर्फ रामु पुत्र बलराम पाल निवासी अच्छपुरा बहदीना थाना ललपुरा हमीरपुर को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है तथा दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## पाकिस्तान के इनकार पर आईसीसी सख्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले क्रिकेट जगत में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा टीम इंडिया के साथ मैच खेलने से इनकार करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अब सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक, इस मुद्दे पर आईसीसी बोर्ड की अहम बैठक मंगलवार या बुधवार को हो सकती है, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदमों पर विचार किया जाएगा।

पाकिस्तान के इस फैसले से टूर्नामेंट की योजना, प्रसारण अधिकारों और वैश्विक क्रिकेट कैलेंडर पर असर पड़ने की आशंका है। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला न केवल खेल के लिहाज से, बल्कि व्यावसायिक रूप से भी टूर्नामेंट का सबसे बड़ा आकर्षण माना जाता है। ऐसे में एकतरफा इनकार को आईसीसी की प्रतियोगिता शर्तों और सहभागिता नियमों के उल्लंघन के तौर पर देखा जा रहा है।

**आईसीसी के पास क्या विकल्प?**

क्रिकेट जानकारों के अनुसार, आईसीसी के पास कई विकल्प मौजूद हैं–जिसमें चेतावनी, आर्थिक जुर्माना, अंक कटौती, मैच फिक्स्चर में बदलाव या भविष्य की मेज़बानी/भागीदारी पर शर्तें लगाना शामिल हो सकता है। हालांकि, अंतिम फैसला बोर्ड बैठक के बाद ही स्पष्ट होगा।

**पीसीबी का पक्ष**

पाकिस्तान की ओर से अब तक आधिकारिक रूप से विस्तृत कारण सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, लेकिन माना जा रहा है कि द्विपक्षीय और क्षेत्रीय परिस्थितियों का हवाला दिया जा सकता है। पीसीबी सूत्रों का कहना है कि वे आईसीसी के नियमों के दायरे में अपनी बात रखेंगे।

**बीसीसीआई की प्रतिक्रिया**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अब तक औपचारिक टिप्पणी से परहेज किया है। लेकिन सूत्रों के मुताबिक, बीसीसीआई, आईसीसी के दिशा-निर्देशों का पालन करने और टूर्नामेंट की अखंडता बनाए रखने के पक्ष में है।

**क्रिकेट जगत की नजरें बैठक पर**

अब सभी की निगाहें आईसीसी बोर्ड की प्रस्तावित बैठक पर टिकी हैं। यह बैठक न सिर्फ पाकिस्तान के मामले में, बल्कि भविष्य में ऐसे विवादों के लिए भी एक मिसाल कायम कर सकती है। अगर आईसीसी सख्त कदम उठाता है, तो यह संदेश जाएगा कि वैश्विक टूर्नामेंट्स में सहभागिता से जुड़े नियमों से कोई भी बोर्ड ऊपर नहीं है।

## गबन का आरोपी सीतापुर का सहायक विकास अधिकारी सस्पेंड, विभागीय जांच के आदेश




**लखनऊ।** गबन के आरोपित सीतापुर की ग्राम पंचायत सकरन के सहायक विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार रस्तोगी को ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने निलंबित कर दिया है। विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। ग्राम पंचायत सकरन में विकास कार्यों में घोटाले के संबंध में शिकायत की गई थी। सीतापुर के डीएम द्वारा कराई गई जांच में जितेंद्र कुमार रस्तोगी को बन के लिए प्रथम दृष्टिया दोषी पाया गया है। डीएम की रिपोर्ट के आधार पर सहायक विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए जिला विकास कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वहीं परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सीतापुर को प्रकरण में जांच अधिकारी बनाया गया है।

## 48 घंटे में अवैध निर्माण नहीं हटा तो JNU के हॉस्टल वार्डनों पर होगा एक्शन, यूनिवर्सिटी प्रशासन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्लीः** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रशासन ने परिसर में अवैध निर्माण के मामलों को गंभीरता से लेते हुए कड़ा रुख अपनाया है। विश्वविद्यालय ने सभी हॉस्टल वार्डनों को निर्देश दिया है कि वे 48 घंटे के भीतर वार्डन फ्लैट और हास्टल परिसर के अंदर-बाहर किए गए किसी भी तरह के अवैध निर्माण को हटाएं। आदेश का पालन नहीं करने पर वार्डन के पद से हटाने तक की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इस संबंध में डीन, छात्र कार्यालय की ओर से सोमवार को एक सर्कुलर जारी किया गया।

सर्कुलर में कहा गया है कि हाल के दिनों में यह सामने आया है कि कुछ हास्टल वार्डन विश्वविद्यालय परिसर के भीतर और आसपास अस्थायी व स्थायी दोनों प्रकार के अवैध निर्माण कर रहे हैं, जो विश्वविद्यालय के आवास आवंटन नियमों का सीधा उल्लंघन है। जेएनयू प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जेएनयू परिसर में किसी भी तरह के अवैध निर्माण पर पूरी तरह प्रतिबंध है। विश्वविद्यालय की ओर से पहले भी इस विषय पर सख्त निर्देश जारी किए जा चुके हैं। पिछले वर्ष तीन दिसंबर को भी कर्मचारियों और वार्डनों को अवैध निर्माण से बचने को लेकर सर्कुलर जारी किया गया था, इसके बावजूद ऐसे मामलों की शिकायतें सामने आ रही हैं।

नए सर्कुलर में सभी हॉस्टल वार्डनों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने वार्डन फ्लैट के अंदर और बाहर किए गए सभी अनधिकृत निर्माण को 48 घंटे के भीतर स्वयं हटाना सुनिश्चित करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्देशों की अनदेखी करने पर विश्वविद्यालय नियमों के तहत सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## गिग वर्कर्स का बड़ा ऐलान... कल पूरे भारत में बंद रहेगा काम, जानें क्या हैं मांगें

**ऑनलाइन डिलीवरी एप्स और प्लेटफॉर्म से जुड़े गिग वर्कर्स ने अपनी समस्याओं को लेकर 3 फरवरी यानी कल काम बंद करने और राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है. गिग वर्कर्स का कहना है कि 26 जनवरी और इससे पहले भी उन्होंने हड़ताल की थी लेकिन समाधान नहीं निकला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



ऑनलाइन डिलीवरी एप्स और प्लेटफॉर्म से जुड़े गिग वर्कर्स ने अपनी समस्याओं को लेकर 3 फरवरी यानी कल काम बंद करने और राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है. गिग वर्कर्स का आरोप है कि उनको काम का उचित माहौल और मेहनताना नहीं में मिलता है. साथ ही मनमाने तरीके से आईडी भी ब्लॉक कर दी जाती है।

गिग वर्कर्स का दावा है कि उनके साथ हड़ताल में ऑनलाइन काम करने वाले ब्यूटिशियन, स्पा, सैलून, घरेलू काम, सफाई, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, AC, टैक्निशियन और कारपेंटर भी शामिल होंगे. गिग वर्कर्स का कहना है कि 26 जनवरी और इससे पहले भी उन्होंने हड़ताल की थी लेकिन समाधान नहीं निकला. इसलिए अब Gig & Platform Service Workers Union ( GIPSWU ) के बैनर तले सैकड़ों गिग वर्कर्स 3 फरवरी को दोपहर 1 बजे जंतर मंतर पर इकट्ठा होकर अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

**जीआईपीएसडब्लू ने लगाए आरोप**

जीआईपीएसडब्लू ने आरोप लगाया कि श्रमिकों को अक्सर मनमाने ढंग से उनकी आईडी ब्लॉक किए जाने, अपारदर्शी रेटिंग प्रणालियों, अस्थिर आय और कार्य नीतियों में बार-बार एकतरफा बदलावों का सामना करना पड़ता है. उचित वेतन या कार्य परिस्थितियों को लेकर चिंता व्यक्त करने वाली महिला श्रमिकों को कथित तौर पर परेशान किया जाता है, कभी-कभी हिंसा का शिकार बनाया जाता है और बाद में आईडी निष्क्रिय करके परेशान किया जाता है, जिससे उनकी आजीविका छिन जाती है।

**गिग वर्कर्स की मांगें**

जीआईपीएसडब्ल्यू की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा सिंह ने कहा कि यूनियन ने केंद्र सरकार से बार-बार संपर्क किया है, लेकिन उसकी मुख्य मांगें अभी तक पूरी नहीं हुई हैं. उन्होंने कहा, हम एक अलग केंद्रीय कानून के तहत गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को औपचारिक मान्यता देने, मनमाने ढंग से आईडी ब्लॉक करने पर रोक लगाने, पारदर्शी रेटिंग और कार्य आवंटन प्रणाली, उचित आय दरें और आंतरिक शिकायत समितियों सहित मजबूत शिकायत निवारण तंत्र की मांग कर रहे हैं. सरकार उनकी मांगों को नहीं सुन रही है।

## शादी का झूठा वादा कर सहमति से संबंध बनाना अपराध नहीं... इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला

**उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि शादी का झूठा वादा कर सहमति से शारीरिक संबंध बनाना अपराध नहीं. इस दौरान कोर्ट ने झूठे वादे से संबंध बनाने की धारा 69के तहत दर्ज अपराध को रद्द कर दिया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



शादी का झूठा वादा कर आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बनाना अपराध नहीं है. इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इस पर अहम फैसला सुनाया है. हाई कोर्ट ने कहा कि ऐसे में युवती या महिला द्वारा युवक पर धोखे से और छल से संबंध बनाने का आरोप लगाना दंडनीय अपराध नहीं माना जा सकता है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 केवल धोखे या छल से बनाए गए संबंधों को दंडित करती है न कि आपसी सहमति से बने रिश्तों के टूटने से उत्पन्न निराशा को. कोर्ट ने कहा कि लंबे समय तक चले सहमति आधारित संबंध को बाद में धोखाधड़ी नहीं माना जा सकता. कोर्ट ने झूठे वायदे से संबंध बनाने की धारा 69के तहत दर्ज अपराध को रद्द कर दिया. लेकिन अन्य धाराओं में दर्ज प्राथमिकी की विवेचना जारी रखने का आदेश दिया है. पुलिस रिपोर्ट पेश होने तक याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी पर रोक लगा रखी है।

**सगाई के बाद टूटी शादी**

यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अब्दुल शाहिद की खंडपीठ ने नीलेश राम चंदानी की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है. शिकायतकर्ता ने नोएडा सेक्टर-63 थाने में धारा 352, 351(2), 69 और दहेज निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया था. याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने बताया कि जोधपुर में एलएलएम के दौरान दोनों में नजदीकी आई और जून 2023 में सगाई भी हुई थी. नवंबर 2024 में शादी तय थी जिसके लिए होटल बुकिंग, कार्ड छपाई और फोटोग्राफर तक तय किए जा चुके थे. लड़की पिछड़े वर्ग से थी इस जानकारी के बाद भी याची परिवार शादी के लिए राजी था।

**शादी टूटने पर दर्ज कराई थी एफआईआर**

लड़की के पिता नोएडा में बिजली विभाग में थे. लेकिन अचानक शादी टूट गई तो लड़की ने एफआईआर दर्ज करा दी. आरोप लगाया कि शादी का झूठा वादा कर संबंध बनाया है. कोर्ट ने कहा कि शादी का वास्तविक इरादा मौजूद था इसलिए यह धोखाधड़ी का मामला नहीं बनता. हालांकि धमकी और मारपीट से जुड़े आरोपों की जांच जारी रहेगी. इसके बाद कोर्ट ने धारा 69के तहत दर्ज अपराध को रद्द कर दिया. लेकिन अन्य धाराओं में दर्ज प्राथमिकी की विवेचना जारी रखने का आदेश दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोतवाल साहब आखिर क्यों नहीं बन्द हो रही ट्रकों की आवाजाही

-बाइपास के बावजूद कस्बे से गुजर रहे ट्रेलर

-मूकदर्शक बनी रूद्रपुर पुलिस

**रूद्रपुर, देवरिया।** उपनगर का खजुहा चौराहा ट्रैफिक जाम का दूसरा नाम बन गया है। त्योहारों में कौन कहे सामान्य दिनों में भी चौराहे पर घण्टों जाम लगता है। जिससे चौराहे पर तू-तू-मैं-मैं की स्थिति पैदा हो जाती है। खजुहा चौराहा रुद्रपुर नगर का सबसे व्यस्ततम चौराहा साबित हो रहा है। रुद्रपुर से बड़हलगंज के रास्ते बनारस की तरफ जाने वाली सभी बड़ी ट्रकें नजदीक होने के कारण रुद्रपुर उपनगर से ही होकर गुजर रही हैं। हालांकि गौरी बाजार रुद्रपुर मार्ग पर दुग्धेश्वर नाथ मंदिर के पास बाईपास बना हुआ है किंतु ट्रक वाले बाईपास से नहीं जा रहे हैं। कोतवाल साहब आप ही बताइए कि क्यों ट्रकों का आवागमन कस्बे से नहीं बन्द हो पा रहा है। खजुहा चौराहा एक तो संकरा है ऊपर से बसों और ट्रकों की भीड़ के नाते दिन में अक्सर जाम ही रहता है। ट्रैफिक जाम से जहां एक तरफ राहगीर परेशान है वहीं चौराहे की दुकानदार भी खासे परेशान हैं। जाम के झाम से निजात दिलाने में पुलिस प्रशासन अक्षम साबित हो रहा है। कभी-कभार चौराहे पर एक दो होमगार्ड की ड्यूटी लगा दी जाती है किंतु ना तो नगर पंचायत प्रशासन और ना ही कोतवाली पुलिस कोई ठोस उपाय कर रही है। ट्रेलरों के आवागमन से खजुहा,आदर्श और सेमरौना चौराहा पूरी तरह जाम से परेशान है। सेमरौना पुल पर ठेले वाले कोढ़ में खाज का काम कर रहे हैं। उपनगर में बस स्टेशन, जामुन चौराहा भी संकरा हो गया है। खजुहा चौराहा पर शराब व मीट मछली की दुकानों के कारण शाम के समय जबरदस्त जाम लगा रहता है। उसी समय गुज़रने वाले ट्रेलर दुर्घटना को दावत देते हैं।

### पांच वर्षीय दलित मासूम के साथ चॉकलेट देने के बहाने दुष्कर्म करने का प्रयास रिपोर्ट दर्ज



**बस्ती।** बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में सनसनी खेज वारदात को अंजाम देने की सूचना प्रकाश में आया है डायल 112 पर फोन करके मासूम बच्ची की मां ने स्थानीय पुलिस से गुहार लगाई कि मेरी बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने अपने घर में ले जाकर आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया घटना की सूचना मिलते ही मौके पर क्षेत्राधिकारी कलवारी थानाध्यक्ष कलवारी पहुंचे मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजनों से तहरीर लेकर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट एवं एससी एसटी दुष्कर्म का प्रयास करने जैसे गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी कलवारी संजय सिंह ने बताया कि दलित बच्ची की उम्र महज 5 वर्ष है आरोपी चॉकलेट दिलाने के बहाने बहला फुसलाकर अपने घर में ले जाकर बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया है स्थानीय पुलिस तत्परता दिखाते हुए आरोपी के ऊपर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही कर रही है शांति व्यवस्था कायम है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर राख



**बस्ती।** बस्ती जिले केदुबौलिया थाना क्षेत्र के दमोदरपुर गांव में रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। अचानक लगी आग से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग लगते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए और बाल्टी, पानी तथा उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों के अनुसार यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो आसपास के अन्य घर भी इसकी चपेट में आ सकते थे। दमोदरपुर निवासी मुन्नर ने बताया कि आग किन कारणों से लगी, इसका अभी पता नहीं चल सका है। आग में घर का अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया, जिससे परिवार को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। सूचना मिलने पर उमरिया चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# एडी बेसिक, बीएसए, बीईओ व बाबू की लम्बी तैनाती शिक्षा विभाग में बना भ्रष्टाचार का कारण

**●एडी बेसिक संजय शुक्ला व बीएसए अनूप कुमार तिवारी का लगभग 03 वर्ष हो रहा पूर्ण बीईओ कप्तानगंज प्रभात कुमार श्रीवास्तव का भी एक ही ब्लाक में लगभग 03 वर्ष पूर्णबीएसए कार्यालय में तैनात वरिष्ठ बाबू सन्तोष गुप्ता का लगातार 23 वर्ष हो रहा पूर्ण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की लम्बी तैनाती शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ बनती जा रही है जिससे शिक्षा विभाग में पीड़ित कर्मचारियों को न्याय के लिए दर दर की ठोकरें खाने पड़ रही है और जिम्मेदार




अधिकारियों को मुंह मांगा सुविधा शुल्क भी देना पड़ रहा है ।आपको बता दें कि संयुक्त शिक्षा निदेशक (एडी बेसिक ) संजय शुक्ला व बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभात कुमार श्रीवास्तव की बस्ती जिले में लगभग एक महीने के अन्तर पर तैनाती हुई थी और सभी का एक ही स्थान पर एक ही पद पर लगभग 03 वर्ष पूर्ण हो रहा है जो शिक्षा विभाग में बड़े भ्रष्टाचार का संकेतक है । बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में वरिष्ठ बाबू सन्तोष गुप्ता वर्ष 2003 से ही लगातार जमे हुए हैं । बाबू सन्तोष गुप्ता भ्रष्टाचार मामले में दो बार निलंबित व एक बार जेल भी जा चुके हैं फिर भी बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी द्वारा लम्बे समय से जमे बाबू का पटल बदलना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं जो शिक्षा विभाग में सबसे बड़ा भ्रष्टाचार का कारण बना हुआ है । आप सोच सकते हैं कि जब कोई अधिकारी / कर्मचारी जब एक ही स्थान पर लगातार 03 वर्षों से जमा हो तो वह किस प्रकार विभागीय कार्य करता होगा ? और पीड़ितों के साथ कैसे व्यवहार करता होगा ? प्रदेश सरकार को शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की लम्बी तैनाती जैसे गंभीर मामले का संज्ञान लेना चाहिए और निष्पक्ष जांच कर लम्बे समय से जमे अधिकारियों व कर्मचारियों का स्थानांतरण करना चाहिए । सूत्रों की माने तो उच्च अधिकारियों को गुमराह कर भाजपा सरकार की साफ सुथरी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है । अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग में लम्बे समय से जमें अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती में राजनीतिक व आर्थिक जुगाड़ कब तक चलेगा ? जिसको लेकर जिले में तरह - तरह की चर्चाएं चल रही है ।

### नाबालिग लड़की को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार:बलरामपुर पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने अपहृता को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देश पर वांछित और वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी के नेतृत्व में कोतवाली देहात पुलिस टीम ने इस अभियान को अंजाम दिया।पुलिस ने 1 फरवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर हरिहरगंज बाजार स्थित एसएसबी कैंप के पास से आरोपी रामसागर को गिरफ्तार किया। रामसागर, शिवकुमार का पुत्र और ग्राम सिरसिया, थाना कोतवाली देहात, जनपद बलरामपुर का निवासी है। यह गिरफ्तारी थाना कोतवाली देहात में पंजीकृत मु0अ0सं0-21/26, धारा 137(2)/87 बीएनएस से संबंधित मामले में हुई है। गिरफ्तार आरोपी को नियमानुसार माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

## किन्दीपुर में ग्रामीण बैंक के सामने घर में चोरी

**●मोटरसाइकिल, मोबाइल समेत अन्य सामान गायब**

**पुलिस गश्त पर भी उठ रहे सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चांदा/ सुल्तानपुर।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के किन्दीपुर बाजार में रविवार रात उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के ठीक सामने एक आवासीय मकान में चोरी हो गई। अज्ञात चोर घर से एक मोटरसाइकिल, पांच बोरी चावल, एक मोबाइल फोन और कुछ बर्तन लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना दिलीप शर्मा के घर में हुई, जो ग्रामीण बैंक किन्दीपुर के ठीक सामने स्थित है। घटना के समय दिलीप शर्मा के दो बेटे, ऋषभ और हर्ष, घर में सो रहे थे। चोरों ने गैलरी का ताला तोड़कर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी की। सुबह करीब 5 बजे ऋषभ के उठने पर चोरी का पता चला, जब उसने अपना मोबाइल बिस्तर पर नहीं पाया। जांच करने पर अलमारी का दरवाजा, पूजा मंदिर का दराज और गैलरी का ताला टूटा हुआ मिला, साथ ही मोटरसाइकिल भी गायब थी। ऋषभ ने तुरंत अपनी दादी मुन्नी शर्मा और माताजी को घटना की जानकारी दी। दादी मुन्नी शर्मा ने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि घर से एक मोटरसाइकिल, एक मोबाइल, कुछ बर्तन और पांच बोरी चावल चोरी हुए हैं। हालांकि, उन्होंने अभी तक पुलिस को लिखित तहरीर नहीं दी है। दिलीप शर्मा दिल्ली में रहते हैं, जबकि उनके बेटे किन्दीपुर बाजार स्थित इस आवासीय मकान में रहते थे, जो उनके पैतृक गांव से लगभग 200 मीटर दूर है। ग्रामीण बैंक के ठीक सामने से चोरी की इस घटना ने स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ा दी है।

### टेम्पो और बाइक भिड़ंत में दो घायल हालत गंभीर

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार थाना क्षेत्र के महादेवा के पास सोमवार की शाम टेम्पो और बाइक की भिड़ंत में दो लोगों की हालत गंभीर है। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची । घायल को इलाज के लिए सीएचसी उसका बाजार पहुंचाया । जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कालेज रेफर किया गया। क्षेत्र के महादेवा के पास टेम्पो और बाइक के बीच हुई दुर्घटना में पंकज यादव 22 वर्ष पुत्र दीप नारायण और अंजलि यादव 18 वर्ष निवासी अजीगरा थाना उसका बाजार को काफी चोट आई और दो तीन लोगो को मामूली चोट लगी। प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया की स्थानीय लोगो ने पुलिस की 112 को सूचना दी । मौके पर पुलिस पहुंचकर एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद चोटिल पंकज यादव और अंजली को प्राथमिक चिकित्सा के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## 85 वर्षीय बुजुर्ग द्वारा 6 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म का प्रयास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले के कलवारी थाना क्षेत्र से एक ऐसी खबर आयी है जिसे जानकार आपके भी होश उड़ जाएंगे थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले 85 वर्षीय बुजुर्ग द्वारा 6 वर्षीय मासूम नाबालिक के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 वर्षीय मासूम जो अपने ननिहाल आई हुई थी और वह दोपहर में खेलने के लिए घर से निकली थी कुछ समय बीत जाने के बाद जब दोपहर लगभग 1:30 बजे मासूम नजर नहीं आई तो घर वाले उसे खोजने के लिए निकले उसे खोजते हुए जब वह गांव के एक घर पहुंचे तो देखा हदीस अहमद और बच्ची दोनों नग्न अवस्था में थे हदीस बच्ची के साथ के साथ दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था यह देख बच्ची की मां चीखने लगी उसकी चीख पुकार सुनकर अड़ोस पड़ोस और गांव के लोग भी पहुंच


C. O. कलवारी संजय सिंह

गए ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना कलवारी पुलिस को दी बच्ची की मां ने बताया की हदीस द्वारा बच्ची को टॉफी देने के बहाने ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया जा रहा था सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष कलवारी गजेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया गया मामले में क्षेत्राधिकारी कलवारी संजय सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस द्वारा पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली गई तथा पीड़ित के परिजनों द्वारा तहरीर प्राप्त कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुबौलिया में नही लगा स्वास्थ्य मेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लटक रहा ताला ग्रामीण वापस लौटे

**● अधीक्षक डा0 सुशील कुमार की लापरवाही से दुबौलिया क्षेत्र में डगमगा रही स्वास्थ्य सुविधाएं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया विकासखंड अधीक्षक डा0 सुशील कुमार की लापरवाही से दुबौलिया क्षेत्र में डगमगा रही स्वास्थ्य सुविधाएंअंतर्गत जहां एक तरफ प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है वही दूसरी तरफ अधीक्षक डॉक्टर सुशील कुमार स्वास्थ्य विभाग की धज्जियां उड़ाने में मस्त हैं । सरकारी शासनादेश के अनुसार पूरे प्रदेश में रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य मेला लगाने का आदेश जारी है उसी आदेश के क्रम में पूरे प्रदेश में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को स्वास्थ्य मेला लगता है स्वास्थ्य मेला में सभी प्रकार के रोगों की जांच व इलाज निःशुल्क किया




जाता है और घातक बीमारियों के बारे में जानकारी दी जाती है लेकिन अधीक्षक डा0 सुशील कुमार की उदासीनता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुबौलिया (सरैया अतिबल ) के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुबौलिया ( अराजी डूही धरमूपुर ) में स्वास्थ्य मेला नही लगा जिसका खुलासा मीडिया टीम के पड़ताल में हुआ ।

आपको बता दें कि जब से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुबौलिया ( सरैया अतिबल ) का कार्यभार डा0 सुशील कुमार ने संभाला है तब से दुबौलिया क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है क्योंकि दुबौलिया क्षेत्र में अधिकांश उप स्वास्थ्य केंद्रों / आयुष्मान आयोग्य मंदिरों पर ताला लगा रहता है और वही हाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का है । इस प्रकार स्पष्ट है कि अधीक्षक डॉक्टर सुशील कुमार की उदासीनता / लापरवाही स्वास्थ्य विभाग पर भारी पड़ रही है । मीडिया टीम 06 महीने से लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुबौलिया के अंतर्गत सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व उप स्वास्थ्य केंद्रों / आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का पड़ताल कर रहा है और मीडिया टीम द्वारा पड़ताल में मिली स्वास्थ्य संबंधी कमियों की खबर प्रमुखता से प्रकाशित कर रहा है लेकिन अभी तक अधीक्षक डा0 सुशील सुशील कुमार के खिलाफ कोई विभागीय कार्रवाई नही हो पायी है । उक्त प्रकरण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव निगम से फोन के माध्यम से जानकारी ली गई तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा स्वास्थ्य मेला सुबह 10 बजे से शाम 03 बजे रहता है यदि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुबौलिया पर स्वास्थ्य मिला नही लगा है तो जांच कराकर ड्यूटी में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी ।

# बस्ती में 51 ग्राम पंचायतों में ई-स्वराज की अनदेखी, 86.38 लाख रुपये का भुगतान

**● निदेशक की जांच में खुलासा, दोषी ग्राम सचिवों पर कार्रवाई के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले की 51 ग्राम पंचायतों में ई-स्वराज पोर्टल एवं पंचायत गेटवे पोर्टल का उपयोग किए बिना अक्टूबर माह में विकास कार्यो के नाम पर 86 लाख 38 हजार रुपये का भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। इस गंभीर अनियमितता का खुलासा पंचायतीराज विभाग के निदेशक द्वारा कराई गई जांच में हुआ है। जांच में विकास कार्यो की आड़ में वित्तीय गड़बड़ी की आशंका जताई गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पंचायतीराज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने संबंधित जिला पंचायत राज अधिकारियों को पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराने तथा दोषी ग्राम सचिवों और अन्य संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निदेशक का पत्र जारी होते ही विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। जांच में यह स्पष्ट हुआ



है कि जिले की 51 ग्राम पंचायतों में पंचायत गेटवे पोर्टल का प्रयोग किए बिना भुगतान किया गया, जो ई-ग्राम स्वराज पोर्टल की अनदेखी और निर्धारित नियमों के उल्लंघन को दर्शाता है।

इन ग्राम पंचायतो अनियमितता की आशंकासदर ब्लॉक की लोनहा, पकरी चंदा, भौरा, कैथवलिया, छितौनी, महथा, पधरी, हल्लौर, नगरा, दौरा खुर्द, ख्वोरा उर्फ छबील्हा, कोहड़हवा, खीरीघाट, कुसमौर, बरसांव, नंदपुर, उरई, बंगावा लिंड, चौबा, चनानी सिरोबास एवं बंटाला ग्राम पंचायतें शामिल हैं। इसके अलावा दुबौलिया ब्लॉक की भिउरा व बैरागल, गौर ब्लॉक की हरदी खास, असनहरा, दुबौला, करणपुर, हलुवा, पैकोलिया, तेंदाई चेत सिंह, मिरवापुर, बड़ोखर, हरैया ब्लॉक की संग्रामपुर व रेबरा दास, कुदरहा ब्लॉक की पसरा, परसरामपुर ब्लॉक की रजवापुर, भैसहा, दुखेरी, मझगांव माफी, सेहरिया, लोहरौली, गोरया, रामनगर ब्लॉक की रजवापुर, भैसहा, दुखेरी, मझगांव माफी, सेहरिया, लोहरौली, गोरया, रुधौली ब्लॉक की धनसी, सल्टौआ गोपालपुर ब्लॉक की मुगरहा व भिउरा, साऊघाट की मुड़ाडीहा तथा विक्रमजोत ब्लॉक की एकमा हिरणिया ग्राम पंचायतों में भी गड़बड़ी की आशंका जताई गई हैबताया गया कि ई-स्वराज गेटवे, उत्तर प्रदेश पंचायतीराज विभाग का डिजिटल पोर्टल है, जिसके माध्यम से ग्राम पंचायतों में कराए जाने वाले विकास कार्यों एवं उनके भुगतान की ऑनलाइन निगरानी की जाती है।जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर ने बताया कि सभी ग्राम सचिवालयों में स्थापित कंप्यूटर सिस्टम के माध्यम से ही पंचायत गेटवे पोर्टल का प्रयोग कर भुगतान किया जाना अनिवार्य है। लापरवाही बरतने वाले ग्राम सचिवों, सहायक विकास अधिकारियों एवं अन्य संबंधित कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उनके जवाब प्राप्त होने के बाद मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी। बिना पोर्टल के भुगतान करने वाली ग्राम पंचायतों की विशेष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बलरामपुर में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन वेटलैंड' योजना लागू: जल संरक्षण से बढ़ेगा भूजल स्तर और जैव विविधता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर-** उत्तर प्रदेश सरकार ने बलरामपुर जिले में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन वेटलैंड' योजना लागू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर यह योजना जिले के प्राकृतिक जलस्रोतों के संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।इस योजना के तहत जिले की उन महत्वपूर्ण आर्द्रभूमियों (वेटलैंड्स) का संरक्षण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जो अतिक्रमण, उपेक्षा और प्राकृतिक क्षरण के कारण संकटग्रस्त हैं। इनके पुनर्जीवित होने से भूजल स्तर में सुधार होगा और ये वर्षा जल संचयन के प्रभावी प्राकृतिक स्रोत के रूप में कार्य करेंगी।वेटलैंड्स के संरक्षण से स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र में सकारात्मक बदलाव आएगा। यह लुप्तप्राय वनस्पतियों के साथ-साथ प्रवासी पक्षियों और अन्य वन्य जीवों



के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल बनेंगे। इससे बलरामपुर में ईको-टूरिज्म की संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलेगा।

वन विभाग ने वर्ष 2024 में सदर तहसील के फत्तेजोत स्थित चंदा वेटलैंड, तुलसीपुर के महादेव हरिहर नगर स्थित ओजहवा वेटलैंड और रानीजोत के भुइला वेटलैंड के संरक्षण का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके अतिरिक्त, चांदे ताल, केरावगढ़ तालाब, रामपुर बनेघुसरा और चारोकाफरी जिले के प्रमुख वेटलैंड्स में शामिल हैं, जहाँ वर्षभर आर्द्रता बनी रहती है।सोहेलवा वन क्षेत्र में भंगवानपुर जलाशय, रामपुर, कोहरगड्डी, चित्तौड़गढ़, मजगवां, रजियाताल, हथियाकुंडा और खैरमान सहित कुल 13 जलाशय और 56 पहाड़ी नाले मौजूद हैं। इनमें से 16 पहाड़ी नालों में पूरे वर्ष पानी उपलब्ध रहता है, जो वन्य जीवों के लिए महत्वपूर्ण प्राकृतिक जलस्रोत हैं।पूर्व में जिले की 22 वेटलैंड्स के संरक्षण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सहयोग से तीन वेटलैंड्स का संक्षिप्त अभिलेख भी तैयार किया गया था। अब 'वन डिस्ट्रिक्ट वन वेटलैंड' योजना के लागू होने से इन सभी जलस्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन की उम्मीदें और मजबूत हुई हैं। इस संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी गौरव गर्ग ने बताया कि यह योजना न केवल जल संरक्षण बल्कि जैव विविधता, वन्यजीव सुरक्षा और स्थानीय आजीविका को भी मजबूती प्रदान करेगी।

# गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ सेवा यात्रा 6.0 के अंतर्गत सीमावर्ती गांवों में लगेगा निशुल्क चिकित्सा कैंप

**●सीमावर्ती 75 गांवों में लगेगा निशुल्क चिकित्सा शिविर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर-** जनपद मे नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा.06,के अंतर्गत 05 फरवरी 2026 से 07 फरवरी 2026 तक सीमावर्ती विकास खंड पचपेड़वा गैसड़ी तुलसीपुर शिवपुरा के 75 ग्रामो मे निशुल्क स्वास्थिय शिविर एवं मेगा कैंप श्री देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर मे दिनांक 08 फरवरी 2026 को आयोजित किया जा रहा है। स्वास्थिय सेवा यात्रा नेशनल मेडिको ऑर्गनाइजेशन (NMO) की ओर से लगातार 06 वर्षो से किया जा रहा है। कैंप कि जानकारी राधेश्याम वर्मा, जिला अध्यक्ष NMO, स्वास्थ्य यात्रा के जिला संयोजक रामकृपाल और एन एम ओ के जिला सचिव डॉक्टर विकल्प, विभाग प्रचार प्रमुख मनीष कुमार के द्वारा सयुंक्त रूप से जानकारी दी गयी। नेशनल मेडिको ऑर्गनाइजेशन (NMO) सेवा, समर्पण और मानव कल्याण को समर्पित चिकित्सकों का एक राष्ट्रीय संगठन है, जो निरंतर देश के सीमावर्ती, दूरस्थ एवं पिछड़े




क्षेत्रों में निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराता रहा है।

आज हम आप सभी के माध्यम से भारत-नेपाल सीमा से सटे जिलों में आयोजित मेडिकल कैंप - फेस-6 की जानकारी साझा करने हेतु उपस्थित हैं। यह सेवा अभियान विशेष रूप से बलरामपुर ज़िले के नेपाल सीमा से सटे विकास खंडों– शिवपुरा, तुलसीपुर, गैसड़ी एवं पचपेड़वा के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है। दिनांक 6 एवं 7 तारीख को प्रातः 9 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में 68 निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे, जबकि दिनांक 8 तारीख को देवीपाटन मंदिर, प्रांगण में एक भव्य मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा।

इस सेवा अभियान का प्रमुख उद्देश्य है– सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सुलभ, निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों की स्वास्थ्य जाँच, परामर्श एवं आवश्यक उपचार सुनिश्चित करना, विभिन्न रोगों की समय पर पहचान, रोकथाम तथा स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना। फेस-6 के अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सामान्य चिकित्सा, महिला एवं बाल स्वास्थ्य सेवाएँ, नेत्र परीक्षण के साथ-साथ आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

NMO का दृढ़ विश्वास है कि स्वस्थ सीमावर्ती समाज ही सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र की आधारशिला होता है। इसी भावना के साथ यह सेवा अभियान पूर्ण निष्ठा, प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ संचालित किया जा रहा है। हम आप सभी मीडिया साथियों से विनम्र अनुरोध करते हैं कि इस मानवीय, सेवा-प्रधान एवं जनकल्याणकारी अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग करें, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद नागरिक इसका लाभ उठा सकें। पिछले वर्ष में विकासखंड पचपेड़वा, गैशनी, तुलसीपुर, शिवपुरा मे 68 कैंप मे 55821 मरीज देखा गया जिसमे 14 मेडिकल कॉलेज के 247 चिकित्सक शामिल रहे।

## केन्द्रीय बजट 2026 का लाइव प्रसारण बस्ती में उत्साहपूर्वक सम्पन्न

**●विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम : हरीश द्विवेदी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** लोकसभा में केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026 का केन्द्रीय बजट प्रस्तुत किया गया। बजट का लाइव प्रसारण बस्ती सदर ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से देखा गया। इस अवसर पर असम प्रभारी एवं पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी तथा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र की उपस्थिति में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सदर ब्लॉक के साथ-साथ यह कार्यक्रम जिले के सभी मण्डलों में भी आयोजित किया गया, जहाँ भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने सामूहिक रूप से बजट प्रस्तुति का सजीव प्रसारण देखा और केन्द्र सरकार की नीतियों पर चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह केन्द्रीय बजट 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार



करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को और अधिक मजबूती प्रदान करता है। गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और उद्यमियों–देश के प्रत्येक वर्ग के सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह बजट दूरदर्शी, जनकल्याणकारी एवं समावेशी विकास को गति देने वाला है। यह बजट भारत को आर्थिक रूप से सशक्त और वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर करेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को साकार करता है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधान आम जनमानस के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगे। यह बजट आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव को और मजबूत करता है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से गोपेश्वर त्रिपाठी, राकेश श्रीवास्तव, गजेंद्र सिंह, चन्द्रशेखर मुन्ना, प्रत्युष सिंह, रमेश चक्रवर्ती, भानु प्रकाश मिश्र, प्रमोद कुमार गिल्लम चौधरी, अभिषेक कुमार गौतम, अंकुर वर्मा, अरविन्द पाल, अखण्ड सिंह, अमृत वर्मा, राजकुमार शुक्ल, सुमन सिंह, शालिनी मिश्र, ममता सिंह, शिवानी सिंह, नीलम गौड़, सत्येन्द्र सिंह भोलू, विनोद चौधरी, सुनील सिंह, अभिषेक सिंह पीठिया, प्रदीप निषाद, सुभाष श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर पैसे लेने का आरोप

**ग्रामीणों के विरोध पर लौटाए रुपये, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे कालिका बख्श का पुरवा मजरे ऐहार गांव में सोमवार को स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि निजी कंपनी के दो कर्मचारियों ने स्मार्ट मीटर बदलने के नाम पर ग्रामीणों से एक-एक हजार रुपये ले लिए। ग्रामीणों के विरोध के बाद कर्मचारियों ने रुपये वापस कर दिए। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार को निजी कंपनी के दो कर्मचारी गांव पहुंचे थे। उन्होंने पुराने मीटर में गड़बड़ी बताकर स्मार्ट मीटर लगाने की बात कही। इसी दौरान उन्होंने कई ग्रामीणों से एक हजार रुपये की मांग की। कुछ लोगों से रुपये भी ले लिए गए। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और कारण पूछा तो कर्मचारियों ने बिजली चोरी का मामला दर्ज कराने की धमकी देने की बात कही। इससे ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई। दबाव बढ़ने पर कर्मचारियों ने ली गई रकम वापस कर दी। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि स्वतंत्र प्रभात इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। गांव निवासी संतोष कुमार, पप्पू, पिंटू साहू और बाबू ने बताया कि स्मार्ट मीटर कर्मचारियों ने उनसे रुपये लिए थे। बाद में हंगामा होने पर पैसे लौटा दिए गए। इस संबंध में एसडीओ शिवम वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी।

### धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती, भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के कालिकाबख्श का पुरवा मजरे ऐहार गांव में महान संत भगवान रविदास की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने केक काटकर भगवान रविदास व डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। गांव के अंबेडकर मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गांववासियों ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि राजेश फौजी ने कहा कि संत रविदास ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने समाज को समानता, भाईचारे और सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया। साथ ही संत रविदास के प्रसिद्ध कथन 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कविताओं और गीतों के माध्यम से संत रविदास की स्तुति प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इस मौके पर मोहम्मद नसरुद्दीन रंजीत, आशीष, सोनू, रामनारायण, शीलू साहू, रमेश, धानू, विनोद यादव, हरिमोहन, विजय, सुमन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

फ़ोटो0021

42वां श्री विष्णु महायज्ञ व संगीतमय राम कथा महोत्सव भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

बिसवां सीतापुर श्री राम चरित मानस समिति के तत्वावधान में 42 वां श्री विष्णु महायज्ञ व संगीतमय रामकथा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। मानस मंदिर स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो बाबा मंशाराम मंदिर, प्राचीन हनुमानजी मंदिर, पत्थर शिवाला मंदिर होते हुए पुरैनी नहर में पहुचकर कलश में पानी भरकर यात्रा का समापन मानस मंदिर पर हुआ। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर पीले वस्त्र धारण करके चल रही थी।कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए वैद्य रामकिशोर शुक्ला, अवधेश शुक्ला, रामनाथ शुक्ला, पुनीत शुक्ला, अंशू, सानुज शुक्ला व बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा।कार्यक्रम आयोजक वैद्य रामकिशोर शुक्ला ने बताया कि आयोजन 2 फरवरी से 8 फरवरी तक चलेगा। जिसमे प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक व शाम को 7 से 10 बजे तक संगीतमय रामकथा कथाव्यास आचार्य दीपक शुक्ला जी महाराज के द्वारा भक्तो को रसपान करवाया जायेगा। यज्ञ के मुख्य यजमान अजय रस्तोगी व कथा यजमान राकेश रस्तोगी है। उन्होंने सभी भक्तों से आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

# रात के अंधेरे में कटे सात सरकारी पेड़ सबूत मिटाने के लिए जेसीबी से खोदे गड्ढे, ग्रामीणों ने की शिकायत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में सरकारी पेड़ों की अवैध कटान का गंभीर मामला सामने आया है। चौकी चांदपुर अंतर्गत कटरा गांव के पास सड़क किनारे खड़े बहुमूल्य सरकारी पेड़ों को रात के अंधेरे में काटे जाने से इलाके में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफियाओं और लकड़ी ठेकेदारों ने मिलकर यह अवैध कटान किया है स्थानीय लोगों के अनुसार, रात में भिलोर और सिरसा प्रजाति के कुल सात सरकारी पेड़ों को काट दिया गया कटे हुए पेड़ों की लकड़ी ट्राले में भरकर मौके से फरार हो गई। इतना ही नहीं, सबूत मिटाने के उद्देश्य से जेसीबी मशीन की मदद से कटे हुए पेड़ों के ठूंठों को मिट्टी से ढक दिया गया, ताकि घटना के निशान न मिल सकें ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस अवैध कटान में मुन्ना ठेकेदार निवासी रामद्वारी, खनन माफिया नरेंद्र वर्मा, अंकित वर्मा और अर्जुन सिंह के नाम सामने आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि जब वन विभाग के कर्मचारी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे, तो कथित रूप से उनका पीछा किया गया और दबाव बनाने का प्रयास किया गया आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने एक भाजपा नेता का नाम लेकर राजनीतिक संरक्षण की बात भी कही ग्रामीणों का यह भी कहना है कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन कुछ देर रुकने के बाद बिना कोई ठोस कार्रवाई किए वापस लौट गई इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। कटान का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में अवैध कटान और खनन माफियाओं के हौसले बुलंद होने की चर्चा तेज हो गई है ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है फिलहाल वन विभाग और पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं, और लोग जल्द कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं!!

## वन विभाग और स्थानीय पुलिस की मदद से फलफूल रहा है अवैध लकड़ी कटान का व्यापार

- उप प्रभागीय वन निदेशक बिसवां( एसडीओ) ब्रजेश पाण्डेय वनक्षेत्राधिकारी हरगांव बीनू पाल और केसरीगंज चौकी प्रभारी मनोज गुप्ता की भूमिका सवालों के घेरे में
- प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों के कटान की लगातार घट रहीं हैं घटनायें

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लहरपुर सीतापुर** जनपद की लहरपुर तहसील के वन क्षेत्र हरगांव में स्थानीय पुलिस और वन कर्मियों की मिली भगत से प्रतिबंधित प्रजाति के हरे पेड़ों का अवैध कटान लगातार हो रहा है और लगातार घट रही घटनाओं के बावजूद उच्च अधिकारियों की चुप्पी को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। बीती 30-31 जनवरी की रात क्षेत्र के ग्राम नबीनगर के मजरा फत्तेपुर मे प्रशासनिक मिलीभगत से मनबढ़ लकड़कट्टों ने एक नीम और सात आम के पेड़ों पर आरा चला डाला। लेकिन मीडिया के संज्ञान मे आ जाने से पहले तो दोपहर तक मैनेजमेंट का खेल चलता रहा पर आखिरकार दोपहर बाद वनकर्मियों की तहरीर पर स्थानीय कोतवाली लहरपुर मे उत्तर प्रदेश ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों मे वृक्षों का संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 3 व 7 और उत्तर प्रदेश ट्रांजिट ऑफ टिम्बर एण्ड अदर फॉरेस्ट प्रोड्यूस रूल्स 1978 की धारा 3 व 28 के तहत मु0अ0सं0 0037/2026 दर्ज करा दिया गया। सूत्रों की माने तो ये अवैध तरीके से कटान का सिलसिला स्थानीय वन व पुलिस कर्मियों की सांठगांठ से लगातार चलता रहता है और इक्का-दुक्का मामले ही मीडिया की नजरों तक पहुंचते हैं जिनमे पेंड़ मालिक और ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कराकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री और उच्चाधिकारियों को गुमराह करने का काम किया जा रहा है।

## केंद्रीय बजट दिशाहीन और जनविरोधी: संजीव



**देवरिया।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026 को जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने निराशाजनक और जनविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम आदमी और मध्यम वर्ग को कोई राहत नहीं देता, बल्कि केवल पूंजीपतियों के हितों को साधने वाला है। संजीव मिश्रा ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए रोजगार का कोई ठोस रोडमैप नहीं है, वहीं किसानों के लिए भी पर्याप्त उपायों का अभाव है। महंगाई पर नियंत्रण को लेकर कोई स्पष्ट नीति सामने नहीं आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि वेतनभोगी करदाताओं के लिए कर दरों में कोई बदलाव न होने से मध्यम वर्ग खुद को ठगा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनता को बजट से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार और महंगाई जैसे जमीनी मुद्दों को नजरअंदाज किया गया। यह बजट केवल सपने दिखाने वाला है, वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं करता।

## भैंस चोरी के आरोप में तीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा

क्राइम

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर गांव में हुई भैंस चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने चोरी की गई दोनों भैंस भी बरामद कर ली है। रविवार की रात गांव निवासी शिवमोहन विश्वकर्मा की दो भैंस घर के दरवाजे पर बंधी थीं। रात में अज्ञात लोगों ने दोनों भैंस खोलकर चोरी कर लीं। सुबह पशुपालक को घटना की जानकारी हुई। उसने तुरंत कोतवाली में शिकायती पत्र दिया। शिकायत में बताया गया कि गांव का ही मोनू उर्फ राजकुमार यादव अपने दो साथियों के साथ भैंस चोरी में शामिल था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मंगलवार को पुलिस ने मोनू उर्फ राजकुमार यादव को गिरफ्तार किया। उसके साथ खीरो थाना क्षेत्र के महारानीगंज रायखेड़ा गांव निवासी दीपू और उसके पिता सल्लर को भी पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चोरी की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई दोनों भैंस बरामद कर लीं। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## वैश्विक शोध जगत में भारतीय अकादमिक की सशक्त उपस्थिति: उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रो. भरत राज सिंह को एल्सेवियर जर्नल्स का औपचारिक सम्मान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित शैक्षणिक प्रकाशन संस्था एल्सेवियर जर्नल्स ने वर्ष 2025 के दौरान वैश्विक शोध समुदाय को सुदृढ़ बनाने में किए गए उल्लेखनीय पीयर-रिव्यू योगदान के लिए *वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं शोधकर्ता प्रो. भरत राज सिंह, महानिदेशक स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के प्रति औपचारिक आभार व्यक्त किया है। एल्सेवियर जर्नल्स लीडरशिप टीम द्वारा भेजे गए प्रशस्ति-पत्र में कहा गया है कि प्रो. भरत राज सिंह द्वारा प्रदत्त समय, गहन अकादमिक विवेक और विशेषज्ञ मूल्यांकन ने प्रकाशित शोध की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और वैज्ञानिक दिशा को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभाई है।

पत्र में यह भी रेखांकित किया गया कि पीयर-रिव्यू सुदृढ़, नैतिक और प्रभावी शोध की आधारशिला है। प्रो. सिंह जैसे समर्पित समीक्षकों की अंतर्दृष्टि और बौद्धिक प्रतिबद्धता ही शोध समुदाय को आगे बढ़ाती है और नवाचार को विश्वसनीय आधार प्रदान करती है। यद्यपि यह कार्य प्रायः पर्दे के पीछे संपन्न होता है, किंतु इसका प्रभाव दूरगामी और स्थायी होता है। एल्सेवियर जर्नल्स की प्रबंध निदेशक (मैनेजिंग डायरेक्टर) लॉरा हैसिंक ने अपने संदेश में कहा कि 'प्रो. भरत राज सिंह का योगदान यह सुनिश्चित करता है कि प्रकाशित शोध कठोर अकादमिक मानकों पर खरा उतरे और जिन समुदायों की यह सेवा करता है, उनके लिए वास्तविक रूप से मूल्यवान सिद्ध हो।' एल्सेवियर ने यह भी स्पष्ट किया कि वर्ष 2026 की ओर बढ़ते हुए संस्था पीयर-रिव्यू अनुभव को और अधिक सशक्त, पारदर्शी और समीक्षक-केंद्रित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अंतर्गत स्पष्ट मार्गदर्शन, अधिक प्रासंगिक आमंत्रण तथा समीक्षकों के योगदान को औपचारिक मान्यता देने की पहल को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रो. भरत राज सिंह का यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया योगदान न केवल भारतीय अकादमिक जगत के लिए गौरव का विषय है, बल्कि यह युवा शोधकर्ताओं के लिए भी प्रेरणा है कि अकादमिक ईमानदारी, बौद्धिक निष्पक्षता और समर्पण से ही ज्ञान की प्रगति संभव है।

# राज्य आयुक्त दिव्यांगजन ने मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजनों की सुनी समस्याएं, दिये निस्तारण के निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रायबरेली:** जनपद रायबरेली के सामुदायिक केन्द्र, रतापुर में राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश प्रो0 हिमांशु शेखर झा ने दिव्यांगजनों की समस्याओं के निराकरण हेतु आयोजित मोबाइल कोर्ट का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। मोबाइल कोर्ट में अपनी समस्याओं के साथ आए दिव्यांगजनों की समस्याओं पर राज्य आयुक्त द्वारा सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगता प्रमाणन (मेडिकल बोर्ड), यूडीआईडी, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, रेल कन्सेशन प्रमाण-पत्र आदि के स्टॉल लगाए गए। शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों की कुल 182 प्रकरणों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देश दिये। उन्होंने दिव्यांगजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किए जाने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया।

मोबाइल कोर्ट में समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग, नगर निकाय, विद्युत विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे साथ ही संबंधित बैंकों के अधिकारी एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक आफ बड़ौदा भी उपस्थित रहे।

दिव्यांगता प्रमाणन हेतु चिकित्सकीय बोर्ड की उपस्थिति सुनिश्चित की गई तथा आवश्यकतानुसार एम्बुलेंस की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम स्थल पर दिव्यांगजनों की सुविधा हेतु पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। मोबाइल कोर्ट के माध्यम से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की मूल भावना के अनुरूप विशेषकर ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग लखनऊ मंडल राजेश मिश्र, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला पिछड़ा वर्ग कलयाण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उबेर्दुरहमान सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# तेज़ रफ़्तार एर्टिगा ने बाइक को मारी टक्कर भतीजे की मौत चाचा सहित दो घायल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं खैराबाद थाना क्षेत्र के कैथाभारी के पास तेज रफ्तार एर्टिगा कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग सहम गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई मृतक युवक की पहचान ग्राम निजामाबाद निवासी अंकित के रूप में हुई है। वह अपने चाचा देशराज और साथी लक्ष्मीनारायण के साथ होटल में कैटरिंग का काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था रात का वक्त होने के चलते सड़क पर सन्नाटा था, लेकिन जैसे ही बाइक कैथाभारी के पास पहुंची, सामने से आ रही तेज रफ्तार एर्टिगा कार ने सीधी टक्कर मार दी प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक कई फीट दूर जाकर सड़क पर गिरे। बाइक चला रहे अंकित को सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं देशराज और लक्ष्मीनारायण लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़े रहे। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर दौड़े और पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

वहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए दोनों को लखनऊ रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर खैराबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में शामिल एर्टिगा कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है अंकित की मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, परिवार में चीख-पुकार मच गई। घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि हादसे में शामिल कार को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों की तहरीर मिलते ही मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार चालक की तलाश जारी है। इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरनाक नतीजों की याद दिला दी है!!

# सर्राफा व्यापारी से लूट मामला सीसीटीवी में दिखे बदमाश, पुलिस ने 3 KM तक खंगाले फुटेज, दस टीमें जांच में जुटी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के सकरन थाना इलाके में बीती 2 दिन पूर्व सर्राफा व्यापारी से हुई लूटपाट मामले में पुलिस को सीसीटीवी से अहम सुराग मिले हैं। पुलिस ने घटना से कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी कैमरे में बाइक सवार दो बदमाशों की पहचान करते हुए उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। हालांकि पुलिस इस मामले में सर्विलांस टीम के साथ अन्य साक्ष्यों को भी जुटने में लगी हुई है। वही वारदात के बाद सर्राफा व्यापारियों में भी सुरक्षा पर सवाल खड़े किए है मालूम हो कि शनिवार की देर शाम बिसवा कोतवाली इलाके के रहने वाले सर्राफा व्यापारी मोनू रस्तोगी सकरन इलाके में अपनी दुकान बंद करते हुए वापस अपने घर की तरफ आ रहे थे। आरोप है इस दौरान रास्ते में बाइक सवार दो नकाब पोश बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और उनके पास मौजूद 2 लाख कीमत जेवरों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए इस वारदात के बाद एसपी अंकुर अग्रवाल समेत भारी पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की थी। घटना के दूसरे दिन रविवार को पुलिस टीम ने इलेक्ट्रानिक सर्विलांस जुड़ते हुए वारदात की जगह से करीब 3 किलोमीटर दूर तक करीब 12 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले थे। वहीं पुलिस को इस घटना के खुलासे के लिए करीब 10 टीमों को लगाया गया है जो मामले में छानबीन कर घटना के अनावरण में लगी हुई है सकरन पुलिस ने इस मामले में पीड़ित सर्राफा व्यापारी की तहरीर पर दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह ने बताया कि घटना के खुलासे के प्रयास किए जा रहे है!!

# सही मार्गदर्शन से प्रतिभाओं में आता है निखार: प्रेमनाथ

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान बच्चों को अविरल फाउंडेशन ने किया सम्मानित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लंभुआ।** सुल्तानपुर शिक्षक एवं अभिभावकों के सही मार्गदर्शन से प्रतिभाओं में निखार आता है। इसलिए बच्चों को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए उनमें सकारात्मक सोच पैदा करना हमारी आपकी जिम्मेदारी है। उक्त विचार सम्मान समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विद्यालय प्रबंधक प्रेमनाथ शुक्ला ने व्यक्त किए।

लंभुआ में अविरल फाउंडेशन की तरफ से प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष भानुकर तिवारी ने बताया कि क्षेत्र के कई विद्यालयों के बच्चे फाउंडेशन द्वारा कराए गए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। दिसंबर माह में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परीक्षाफल घोषित किया गया था। जिसमें बच्चों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जूनियर स्तर प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनपुर के अयांश सरोज को प्रथम स्थान, नेशनल एकेडमी करनपुर के सूर्यांश सिंह बघेल द्वितीय स्थान तथा साक्षी यादव को तृतीय स्थान मिलने पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज गोपालपुर मधैया के प्रबंधक प्रेमनाथ शुक्ला ने बच्चों को सम्मानित किया। प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान गांधी शिक्षण संस्थान की खुशनूर, द्वितीय स्थान पंडित नागेश्वर बाल विद्या मंदिर के अभिनव यादव तथा दिव्या दीक्षा शिक्षण संस्थान की आस्था प्रजापति को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर उन्हें भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। मौके पर चंदन चतुर्वेदी, रंजीत सिंह, दीपक पांडे, प्रवीण पाठक, गणेश पांडे, राजीव मिश्रा, सुशील कुमार यादव, रमेश पांडे, मंगल विश्वकर्मा, सूरज यादव आदि मौजूद थे।

# यूजीसी के नए नियमों का विरोध, कलेक्ट्रेट पर फूंकी प्रति

- ब्राह्मण एकता परिषद ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर भेदभाव बढ़ने की जताई आशंका

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद सुल्तानपुर ने सोमवार को यूजीसी के नए नियमों के विरोध में प्रदर्शन किया। परिषद ने सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान यूजीसी के नियमों की प्रति फूंककर विरोध जताया गया, जिसमें पुलिस से हल्की नोंकझोंक भी हुई। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्रदेश महासचिव महंत राज दुबे ने बताया कि जब तक इन नियमों पर पूरी स्पष्टता नहीं दी जाती और सभी वर्गों के हितों की गारंटी नहीं मिलती, तब तक इन्हें लागू नहीं किया जाना चाहिए।

जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र तिवारी ने नए नियमों की व्याख्या करते हुए कहा कि इनके अनुसार 'जाति-आधारित भेदभाव' का अर्थ केवल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्यों के विरुद्ध किया जाने वाला भेदभाव है। डॉ. सौरभ मिश्र विनम्र ने चिंता व्यक्त की कि इन विनियमों में झूठी या दुर्भावनापूर्ण शिकायत करने वालों के खिलाफ दंड का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। उन्होंने आशंका जताई कि इसका उपयोग सामान्य वर्ग के छात्रों को निशाना बनाने या परेशान करने के लिए 'रिवर्स डिस्क्रिमिनेशन' के रूप में किया जा सकता है। अश्वनी उपाध्याय ने भी 2026 के नियमों के संस्थानों में लागू होने के बाद सामान्य वर्ग के छात्रों को फर्जी शिकायतों में फंसाने की आशंका जताई। प्रदर्शन में कथा वाचक शनि मिश्र, बृजेंद्र मिश्र, दीपक पांडेय, जय प्रकाश तिवारी, आशुतोष तिवारी, शरद चंद्र मिश्र, सुखदेव दुबे, बालमुकुंद दुबे, राहुल तिवारी, प्रिंस द्विवेदी, आदर्श मिश्र सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भाकियू (किरन) में बड़ा संगठनात्मक बदलाव, पुनीत कुमार यादव बने प्रदेश अध्यक्ष

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर लखनऊ (ब्यूरो)।** भारतीय किसान यूनियन (किरन) ने संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुनीत कुमार यादव जो सीतापुर के महोली तहसील क्षेत्र के मूल निवासी है को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह मनोनयन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक यादव द्वारा किया गया। संगठन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह निर्णय किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर पुनीत कुमार यादव की निरंतर सक्रियता, सामाजिक सरोकारों में भागीदारी और संगठन के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। वे लंबे समय से किसानों की समस्याओं को उठाते रहे हैं और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भाकियू (किरन) नेतृत्व का मानना है कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से प्रदेश में किसानों से जुड़े ज्वलंत मुद्दे – जैसे फसलों का उचित मूल्य, बिजली दर, सिंचाई, खाद-बीज की उपलब्धता और बकाया भुगतान – को मजबूती से उठाया जाएगा। संगठन ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में किसान एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए और प्रभावी ढंग से आवाज बुलंद करेंगे। संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन प्रदेश में नई ऊर्जा और रणनीति के साथ आगे बढ़ेगा तथा किसान हितों की लड़ाई को और धार मिलेगी।

# रक्षा खर्च नहीं, राष्ट्रीय निवेश: भारत की शक्ति-निर्माण यात्रा

**[ शक्ति का लोकतंत्रीकरण: स्वदेशी भारत ]**

**[ हथियार नहीं, आत्मविश्वास खरीदा गया है इस बजट में ]**

इतिहास के कुछ क्षण केवल घटित घटनाओं से नहीं, बल्कि उनके बाद लिए गए निर्णायक फैसलों से अमर होते हैं। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण विजय के तुरंत बाद प्रस्तुत 7.85 लाख करोड़ का रक्षा बजट ऐसा ही एक निर्णायक क्षण है। यह बजट मात्र व्यय का विवरण नहीं, बल्कि भारत की बदली हुई सामरिक दृष्टि, अडिग आत्मविश्वास और भविष्य की सशक्त तैयारी का स्पष्ट उद्घोष है। 15% की यह वृद्धि साफ संकेत देती है कि अब राष्ट्रीय सुरक्षा किसी समझौते की नहीं, बल्कि सामर्थ्य, संकल्प और निर्णायक शक्ति की भाषा में परिभाषित होगी। पिछले वर्ष के 6.81 लाख करोड़ की तुलना में यह वृद्धि असाधारण अवश्य है, परंतु वर्तमान परिस्थितियों में पूरी तरह अनिवार्य भी है। विशेष रूप से पूंजीगत व्यय का 2.19 लाख करोड़ तक पहुंचना और उसमें 22% की तेज छलांग यह दर्शाती है कि भारत अब तात्कालिक जरूरतों से ऊपर उठकर दीर्घकालिक शक्ति निर्माण की दिशा में आगे बढ़ चुका है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह निर्विवाद रूप से सिद्ध कर दिया कि आधुनिक युद्ध में तकनीक, तैयारी और आत्मनिर्भरता ही विजय की कुंजी होती है। इसी कारण यह बजट आंकड़ों से आगे बढ़कर एक सशक्त रणनीतिक संदेश बन जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने जिस निर्णायक ढंग से दुश्मन के हवाई क्षेत्र में प्रभुत्व स्थापित किया, उसने क्षेत्रीय शक्ति संतुलन की परंपरागत धारणाओं को बदल दिया। शत्रु ठिकानों का सटीक और प्रभावी विनाश तथा संघर्षविराम के लिए विवश करना केवल सैन्य सफलता नहीं, बल्कि एक स्पष्ट रणनीतिक चेतावनी थी। अब यह बजट उसी चेतावनी को स्थायी सामरिक शक्ति में रूपांतरित करने का साधन बन रहा है। प्रत्येक प्लेटफॉर्म, प्रत्येक प्रणाली और प्रत्येक हथियार को स्वदेशी बनाने की दिशा में यह एक निर्णायक और दूरदर्शी कदम है।

रक्षा मंत्री द्वारा इसे 'रणनीतिक अनिवार्यता' करार देना वर्तमान वैश्विक यथार्थ की सटीक और स्पष्ट व्याख्या है। मई 2025 के सीमित किंतु तीव्र संघर्ष ने यह उजागर कर दिया कि आतंक और अस्थिरता की जड़ें पड़ोसी भूभागों में गहराई तक फैली हुई हैं। ऐसे वातावरण में केवल रक्षात्मक रुख पर्याप्त नहीं, बल्कि आक्रामक, आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम सैन्य शक्ति की नितांत आवश्यकता है। इसी रणनीतिक सोच के अनुरूप इस बजट में विमानन, एयरो इंजन और अगली पीढ़ी की युद्ध प्रणालियों पर विशेष और स्पष्ट बल दिया गया है। विमान और एयरो इंजन के लिए 63,733 करोड़ तथा नौसेना के बेड़े के लिए 25,023 करोड़ का आवंटन भारत की बहु-आयामी और संतुलित सैन्य तैयारी का स्पष्ट संकेत है। अगली पीढ़ी के फाइटर जेट, एईडब्ल्यू एंड सी प्रणालियां, एमएलआरएस, बीवीआर मिसाइलें और लोइटरिंग मुनिशन्स अब कागजी योजनाएं नहीं, बल्कि ठोस अधिग्रहण की प्राथमिक सूची में शामिल हो चुके हैं। कुल पूंजीगत बजट का 75% घरेलू उद्योग से खरीद के लिए निर्धारित किया जाना आत्मनिर्भर भारत की नीति को विचार से निकालकर ठोस जमीन पर स्थापित करता है।

स्वदेशी रक्षा उत्पादन अब केवल एक आकांक्षा नहीं, बल्कि सशक्त और स्थापित वास्तविकता का रूप ले चुका है। 1.39 लाख करोड़ से बढ़कर 1.64 लाख करोड़ तक घरेलू खरीद का विस्तार यह स्पष्ट करता है कि भारतीय रक्षा उद्योग पर सरकार का भरोसा पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है। डीआरडीओ के लिए 29,100 करोड़ का आवंटन, जिसमें 17,250 करोड़ पूंजीगत अनुसंधान और विकास के लिए निर्धारित है, भविष्य की युद्ध तकनीकों की नींव रखता है। यह निवेश अनुसंधान प्रयोगशालाओं को सीधे रणभूमि की आवश्यकताओं से जोड़ने वाला साबित होगा। आत्मनिर्भरता की इस रणनीतिक यात्रा में निजी क्षेत्र, स्टार्टअप और शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका लगातार अधिक निर्णायक होती जा रही है। रक्षा अनुसंधान बजट का 25% इन क्षेत्रों के लिए खोलना नवाचार, प्रतिस्पर्धा और तकनीकी आत्मविश्वास को नई ऊर्जा प्रदान करता है। ड्रोन स्वार्म, साइबर डिफेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रणालियां और स्पेस वारफेयर जैसी क्षमताएं अब भारत की प्राथमिक सामरिक सूची में शामिल हो चुकी हैं। यह बजट भारत को तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि सशक्त निर्माता और संभावित निर्यातक बनाने की दिशा में आगे बढ़ाता है।

रक्षा निर्यात में लगातार हो रही वृद्धि इस नीति की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। भारत अब वैश्विक रक्षा बाजार में एक भरोसेमंद और सक्षम साझेदार के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। राजस्व व्यय के लिए 3.65 लाख करोड़ और पेंशन के लिए 1.71 लाख करोड़ का प्रावधान यह दर्शाता है कि सैनिकों और पूर्व सैनिकों का कल्याण भी उतनी ही प्राथमिकता में है। ईसीएचएस में 45% की बढ़ोतरी कर 12,100 करोड़ का आवंटन सैनिक परिवारों के प्रति राष्ट्र की स्थायी और सशक्त प्रतिबद्धता को और मजबूती प्रदान करता है। वैश्विक परिदृश्य पर दृष्टि डालें तो चीन का निरंतर सीमा दबाव, पाकिस्तान की अस्थिर और आक्रामक रणनीति तथा इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव भारत के समक्ष जटिल और बहुस्तरीय चुनौतियां खड़ी करता है। ऐसे परिवेश में जीडीपी का लगभग 2% रक्षा पर व्यय करना भारत को विश्व के शीर्ष रक्षा व्यय करने वाले देशों की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करता है। क्वाड और आई2यू2 जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भारत की भूमिका लगातार सशक्त हो रही है, और यह रक्षा बजट उस भूमिका को आवश्यक सैन्य आधार और विश्वसनीयता प्रदान करता है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह निर्विवाद संदेश दिया कि शांति की सबसे ठोस और विश्वसनीय गारंटी सशक्त, सजग और सक्षम सेना ही होती है। यह रक्षा बजट उसी सीख को संकल्प से नीति में रूपांतरित करता है। सुरक्षा और विकास के बीच संतुलन साधते हुए यह आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को ठोस गति प्रदान करता है। विकसित भारत2047 के दृष्टिकोण से जुड़ा यह बजट केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाले दशकों की राष्ट्रीय सुरक्षा की मजबूत नींव रखता है। 7.85 लाख करोड़ का यह रक्षा बजट भारत की नई सामरिक पहचान का स्पष्ट घोषणापत्र है। यह पहचान भय से नहीं, आत्मविश्वास और सामर्थ्य से गढ़ी गई है। स्वदेशी हथियारों से सुसज्जित, तकनीकी रूप से सक्षम और रणनीतिक रूप से एकजुट भारतीय सेनाएं आज राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बन चुकी हैं। हर रुपये में राष्ट्रभक्ति और हर निर्णय में अडिग संकल्प झलकता है। यह बजट स्पष्ट करता है कि भारत अब केवल परिस्थितियों पर प्रतिक्रिया नहीं देता, बल्कि अपने भविष्य की दिशा स्वयं निर्धारित करता है।

**प्रो. आरके जैन**

# गगनयान से गूंजता भारतअंतरिक्ष में आत्मनिर्भर राष्ट्र का उदय

भारत आज इतिहास के उस मोड़ पर खड़ा है जहां उसका आत्मविश्वास आकाश से भी ऊंचा दिखाई देता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा गगनयान मिशन की तैयारियां इस बात का प्रमाण हैं कि भारत अब केवल सपने देखने वाला देश नहीं रहा बल्कि उन्हें साकार करने की क्षमता भी रखता है। गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है और इससे पहले प्रस्तावित मानवरहित मिशन भारत की वैज्ञानिक सोच अनुशासन और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इसरो अध्यक्ष द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि गगनयान कार्यक्रम की शुरुआत 2027 से होगी और उससे पहले तीन मानवरहित मिशन पूरे किए जाएंगे। यह रणनीति बताती है कि भारत किसी भी सफलता को जल्दबाजी में नहीं बल्कि ठोस तैयारी और कठोर परीक्षण के बाद ही हासिल करना चाहता है। अंतरिक्ष यात्रा में मानव जीवन की सुरक्षा सर्वोपरि होती है और भारत इस जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता से समझता है। मानवरहित गगनयान मिशन भारत की पहली प्राथमिकता है क्योंकि यह पूरे कार्यक्रम की नींव है। इसमें प्रयुक्त हर प्रणाली हर तकनीक और हर यंत्र की गुणवत्ता की गहन जांच की जा रही है। रॉकेट प्रणाली हो या कैप्सूल नियंत्रण तंत्र हो या पुनः प्रवेश प्रणाली हर स्तर पर शत प्रतिशत सफलता का लक्ष्य रखा गया है। यह भारतीय वैज्ञानिकों की परिपक्वता और वैश्विक मानकों के अनुरूप सोच को दर्शाता है। गगनयान का उद्देश्य केवल अंतरिक्ष में मानव भेजना नहीं है बल्कि यह भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। तीन सदस्यीय दल को तीन दिनों के लिए अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाना अत्यंत जटिल कार्य है। इस चुनौती को स्वीकार करना ही यह साबित करता है कि भारत अब उन देशों की पंक्ति में खड़ा है जो अंतरिक्ष विज्ञान में नेतृत्व कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में जो उपलब्धियां हासिल की हैं उन्होंने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। चंद्रयान मिशन से लेकर मंगल अभियान तक भारत ने कम लागत में उच्च गुणवत्ता वाले मिशन सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। इन उपलब्धियों ने यह धारणा तोड़ दी है कि केवल विकसित देश ही अंतरिक्ष में सफलता पा सकते हैं। भारत ने यह सिद्ध किया है कि संकल्प और वैज्ञानिक दृष्टि हो तो सीमित संसाधनों में भी असाधारण परिणाम संभव हैं। गगनयान मिशन उसी निरंतर प्रगति की अगली कड़ी है। यह केवल एक वैज्ञानिक परियोजना नहीं बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान का विषय है। आज जब भारत अमृत काल में प्रवेश कर चुका है तब अंतरिक्ष में मानव भेजना देश की नई पहचान गढ़ने वाला कदम है। यह युवा पीढ़ी को विज्ञान अनुसंधान और नवाचार की ओर प्रेरित करेगा और देश में वैज्ञानिक सोच को और मजबूत करेगा। दुनिया आज भारत को नए दृष्टिकोण से देख रही है। भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति तकनीकी क्षमता और कूटनीतिक संतुलन ने उसे वैश्विक मंच पर एक निर्णायक भूमिका में ला खड़ा किया है। अंतरिक्ष कार्यक्रमों की सफलता ने इस साख को और मजबूत किया है। यही कारण है कि कुछ विकसित देश भारत की इस तेज प्रगति से असहज महसूस कर रहे हैं। भारत को कमतर आंकने के प्रयास किए जाते हैं लेकिन हर सफल मिशन उन प्रयासों को निष्फल कर देता है। स्वतंत्रता के बाद के भारत और पिछले बारह वर्षों के भारत की तुलना की जाए तो अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। आज भारत आत्मनिर्भरता की राह पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। रक्षा उत्पादन अंतरिक्ष तकनीक डिजिटल क्रांति और बुनियादी ढांचे में भारत ने जो प्रगति की है वह अभूतपूर्व है। गगनयान मिशन इसी विकास यात्रा का प्रतीक है। 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य केवल एक नारा नहीं है बल्कि एक सुविचारित योजना है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी इसमें केंद्रीय भूमिका निभा रहे हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भारत को संचार मौसम पूर्वानुमान आपदा प्रबंधन और सुरक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। मानव अंतरिक्ष मिशन भारत को अनुसंधान नवाचार और वैश्विक सहयोग के नए अवसर प्रदान करेगा। गगनयान के मानवरहित मिशन यह सुनिश्चित करेंगे कि जब भारत अपने अंतरिक्ष यात्रियों को भेजे तब हर प्रणाली पूर्ण रूप से विश्वसनीय हो। यह धैर्य और अनुशासन भारत की कार्य संस्कृति को दर्शाता है। भारत दिखावे की नहीं बल्कि स्थायी सफलता की राह पर चलने वाला राष्ट्र है। आज का भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है। अंतरिक्ष की सफलताओं ने यह साबित कर दिया है कि भारत किसी से पीछे नहीं है। युवा वैज्ञानिकों की मेहनत अनुभवी विशेषज्ञों का मार्गदर्शन और राष्ट्रीय नेतृत्व की स्पष्ट दृष्टि ने भारत को इस मुकाम तक पहुंचाया है। भविष्य में गगनयान केवल एक मिशन नहीं रहेगा बल्कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा का आधार बनेगा। इससे आगे चलकर अंतरिक्ष स्टेशन गहरे अंतरिक्ष मिशन और वैश्विक साझेदारियां संभव होंगी। भारत ज्ञान विज्ञान और मानवता के हित में अंतरिक्ष का उपयोग करने वाला अग्रणी राष्ट्र बनेगा। गगनयान की तैयारी यह संदेश देती है कि भारत सुरक्षित साहसी और दूरदर्शी है। यह राष्ट्र चुनौतियों से डरता नहीं बल्कि उन्हें अवसर में बदलता है। आने वाला समय भारत का है और अंतरिक्ष में गूंजता गगनयान उसी उज्ज्वल भविष्य की उद्घोषणा है।

**कांतिलाल मांडोत**

# 'मदर ऑफ ऑल डील्स' को कैसे प्रभावी बनाए सरकार?

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता, जिसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' के रूप में जाना जा रहा है, 27 जनवरी, 2026 को संपन्न हुआ है। यह समझौता लगभग दो दशकों की लंबी वार्ताओं का परिणाम है और इसमें 2 अरब से अधिक की आबादी तथा 27 ट्रिलियन डॉलर की संयुक्त अर्थव्यवस्था शामिल है, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा है, जबकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे वैश्विक व्यापार का एक-तिहाई हिस्सा कवर करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। यह समझौता भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का अवसर प्रदान करता है, विशेषकर ऐसे समय में जब अमेरिकी टैरिफ के कारण निर्यात प्रभावित हो रहा है। हालांकि, इसे प्रभावी बनाने के लिए सरकार को रणनीतिक कदम उठाने होंगे, जिसमें अर्थशास्त्री प्रोफेसर अरुण कुमार की चेतावनियों को ध्यान में रखना आवश्यक है। इस समझौते के तहत यूरोपीय संघ भारत में निर्यात होने वाले 96.6 प्रतिशत सामानों पर टैरिफ को समाप्त या कम करेगा, जिससे यूरोपीय कंपनियों को सालाना लगभग 4 बिलियन यूरो (लगभग 4.7 बिलियन डॉलर) की बचत होगी। भारत ने यूरोपीय संघ को 102 सेवा उप-क्षेत्रों में पहुंच प्रदान की है, जबकि यूरोपीय संघ ने भारत को 144 उप-क्षेत्रों में अवसर दिए हैं, जिसमें वित्तीय, समुद्री और दूरसंचार सेवाएं शामिल हैं। ऑटोमोटिव क्षेत्र में यूरोपीय कारों पर वर्तमान 110 प्रतिशत टैरिफ को धीरे-धीरे 10 प्रतिशत तक कम किया जाएगा। भारत के लिए यह समझौता टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, आईटी सेवाओं और इंजीनियरिंग निर्यात को बढ़ावा देगा। अनुमान है कि यह समझौता 2032 तक यूरोपीय संघ के भारत में निर्यात को दोगुना कर देगा। साथ ही, यह अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने में मदद करेगा, जहां भारत के श्रम-गहन निर्यात प्रभावित हो रहे हैं। माना जा रहा है कि यह समझौता 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' योजनाओं के साथ तालमेल बैठाता है। यह न केवल निर्यात को बढ़ाएगा बल्कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, निवेश और रोजगार सृजन को भी प्रोत्साहित करेगा। उदाहरण के लिए, यूरोपीय संघ के साथ समझौता भारतीय एमएसएमई को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में शामिल होने का अवसर देगा। हालांकि, इसके लाभों को अधिकतम करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। यहां जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अरुण कुमार की चेतावनियां प्रासंगिक हैं। प्रोफेसर कुमार, जो काले धन और आर्थिक नीतियों के विशेषज्ञ हैं, ने भारत-यूरोपीय संघ एफटीए को 'अमेरिका जैसा एक और जाल' बताया है। उन्होंने असमान शर्तों, घरेलू उद्योगों विशेषकर कृषि और डेयरी पर जोखिम, व्यापार घाटे में वृद्धि, नीति स्थान की हानि और दीर्घकालिक आर्थिक निर्भरता की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि पिछले एफटीए में भागीदारों को अधिक लाभ हुआ है, और निवेश नियमों, नियामक संरेखण तथा बाजार बाढ़ से आत्मनिर्भरता कमजोर हो सकती है। उन्होंने अमेरिकी व्यापार समझौतों से सबक लेने की सलाह दी है, जहां कृषि बाजार खोलने की मांग भारत के लिए कठिन है।

इन चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए, सरकार को रचनात्मक कदम उठाने चाहिए। सबसे पहले, संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। समझौते में डेयरी और कुछ कृषि उत्पादों को बाहर रखा गया है, लेकिन कुमार की चेतावनी के अनुसार, बाजार बाढ़ से बचने के लिए सख्त निगरानी तंत्र विकसित करें। सरकार कृषि क्षेत्र में सब्सिडी और समर्थन को मजबूत करे, जैसे कि फसल बीमा और बाजार लिंकेज को बढ़ावा देकर। साथ ही, एग्रीस्टैक जैसी डिजिटल पहलों को तेज करें ताकि किसान वैश्विक मानकों के अनुरूप उत्पादन कर सकें।

दूसरा, एमएसएमई और छोटे उद्योगों की तैयारी पर फोकस करें। प्रोफ़ेसर कुमार की निर्भरता की चेतावनी को संबोधित करने के लिए, उत्पादन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम को विस्तार दें, विशेषकर टेक्सटाइल, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स में। एमएसएमई को क्रेडिट पहुंच, कौशल विकास और निर्यात प्रशिक्षण प्रदान करें। यूरोपीय संघ के साथ संयुक्त निवेश कोष स्थापित करें जो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर केंद्रित हो, ताकि 'मेक इन इंडिया' मजबूत हो सके।

तीसरा, पर्यावरण और सस्टेनेबिलिटी मानकों का अनुपालन। यूरोपीय संघ का कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम), जो 1 जनवरी, 2026 से पूर्ण रूप से लागू है, भारतीय स्टील और एल्यूमिनियम पर कार्बन टैक्स लगा सकता है, जिससे निर्यातकों को 22 प्रतिशत तक कीमत कम करनी पड़ सकती है। सरकार को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ाकर, जैसे कि 500 जीडब्ल्यू सौर लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़कर, इस चुनौती का सामना करना चाहिए। सीबीएएम-अनुपालन प्रमाणन प्रणाली विकसित करें और यूरोपीय संघ के साथ संयुक्त हरित प्रौद्योगिकी परियोजनाएं शुरू करें।

चौथा, व्यापार घाटे को संतुलित करने के लिए विविधीकरण। प्रोफ़ेसर कुमार की व्यापार घाटे की चेतावनी को देखते हुए, सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नए बाजारों की तलाश करें, जैसे कि अफ्रीका और लैटिन अमेरिका। साथ ही, समझौते के तहत निवेश नियमों को मजबूत करें ताकि नीति स्थान सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय निवेश बोर्ड को सक्रिय करें जो विदेशी निवेश की समीक्षा करें और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करें। पांचवां, मानव संसाधन और प्रवासन पर फोकस। समझौता प्रवासन और मोबिलिटी फ्रेमवर्क से जुड़ा है, जो 'टैलेंट एंड सिक्योरिटी' पर केंद्रित है। सरकार को कौशल विकास कार्यक्रमों को यूरोपीय मानकों के अनुरूप बनाना चाहिए, जैसे कि आईटी और इंजीनियरिंग में। इससे युवा रोजगार बढ़ेगा और ब्रेन ड्रेन को रोका जा सकेगा। इन सुझावों से, सरकार यदि चाहे तो प्रोफ़ेसर कुमार की चेतावनियों को अवसर में बदल सकती है। समझौता वैश्विक अनिश्चितताओं, जैसे कि अमेरिकी टैरिफ और चीन से व्यापार विचलन के बीच, भारत को रणनीतिक लाभ देगा। अनुमान है कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को 41-65 प्रतिशत बढ़ाएगा और जीडीपी में 0.12-0.13 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। यह चीन से व्यापार विचलन (5-9 प्रतिशत) को बढ़ावा देगा, जो यूरोपीय संघ की डी-रिस्किंग और भारत की विविधीकरण रणनीति से मेल खाता है। 'मदर ऑफ ऑल डील्स' भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में ले जाने का माध्यम बन सकता है। कबीरदास के दोहे, 'निंदक नियरे राखिए, ऑंगन कुटी छवाय, बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करें सुभाय।।' को ध्यान में रखते हुए सरकार को प्रोफेसर कुमार की चेतावनियों को गंभीरता से लेना चाहिए और संतुलित और समावेशी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। इससे न केवल आर्थिक विकास होगा बल्कि आत्मनिर्भरता भी मजबूत होगी। 2047 तक 'विकसित भारत' का सपना साकार करने के लिए यह समझौता एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है, बशर्तेइसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

# संपादकीय

## संसद का बजट सत्र और लोकतांत्रिक विमर्श की कसौटी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव से उभरते सत्ता-विपक्ष के तर्क



संसद के बजट सत्र का चौथा दिन भारतीय लोकतंत्र के उस जीवंत पक्ष को सामने लाता है, जहां सरकार और विपक्ष एक ही मंच पर देश की दिशा, प्राथमिकताओं और नीतिगत दावों पर खुली बहस करते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा इसी परंपरा का केंद्रीय पड़ाव है। यह केवल औपचारिक धन्यवाद नहीं, बल्कि सरकार के पूरे एजेंडे पर संसद की सामूहिक प्रतिक्रिया होती है। लोकसभा में सांसद सर्बानंद सोनोवाल द्वारा प्रस्ताव पेश किए जाने के साथ शुरू हुई यह बहस 18 घंटे तक चलेगी, जिसमें सत्ता पक्ष अपनी उपलब्धियों का बखान करेगा तो विपक्ष अपने सवालों और आपत्तियों के साथ सरकार को कठघरे में खड़ा करेगा। इसी बहस के बीच प्रधानमंत्री का 4 फरवरी को जवाब और वित्त मंत्री का 11 फरवरी को बजट से जुड़े प्रश्नों पर उत्तर, सत्र की दिशा तय करेंगे।

इस वर्ष का बजट सत्र दो चरणों में विभाजित है, जो संसदीय कामकाज की व्यापकता और गंभीरता को रेखांकित करता है। पहले चरण में राष्ट्रपति का अभिभाषण, आर्थिक सर्वेक्षण और आम बजट प्रस्तुत हुआ, जबकि दूसरे चरण में मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर विस्तृत चर्चा, वोटिंग और वित्तीय विधेयकों का पारित होना तय है। यह संरचना बताती है कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि नीतियों, प्राथमिकताओं और राजनीतिक संकल्पों का समुच्चय है, जिसे संसद की कसौटी पर परखा जाता है। धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सत्ता और विपक्ष के बीच वैचारिक टकराव स्वाभाविक है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित कई वरिष्ठ नेता इस बहस में भाग ले रहे हैं। राहुल गांधी ने अपने वक्तव्य की शुरुआत एक आत्मीय धन्यवाद के साथ की और तत्काल एक प्रतीकात्मक संदर्भ चुना पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की आत्मकथा। यह चयन अपने आप में संदेश देता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, देशभक्ति और संस्थागत दृष्टिकोण जैसे विषय विपक्ष के विमर्श के केंद्र में हैं। हालांकि, उनके वक्तव्य के दौरान हंगामा भी हुआ, जो संसद की उस वास्तविकता को दर्शाता है जहां तीखे आरोप-प्रत्यारोप अक्सर संवाद को बाधित कर देते हैं।

विपक्ष की रणनीति स्पष्ट दिखती है। एक ओर वह बजट की सामाजिक-आर्थिक प्राथमिकताओं पर सवाल उठा रहा है, दूसरी ओर सरकार के नैरेटिव को चुनौती दे रहा है। मनरेगा जैसे कार्यक्रमों का उल्लेख कर कांग्रेस यह बताने की कोशिश कर रही है कि पूर्ववर्ती नीतियों ने ग्रामीण रोजगार और सामाजिक सुरक्षा में परिवर्तनकारी भूमिका निभाई थी, जबकि नई योजनाओं में खामियां हैं। केरल के सांसदों का प्रदर्शन और राज्य के प्रति उपेक्षा के आरोप संघीय ढांचे में केंद्र-राज्य संबंधों की पुरानी बहस को फिर से सामने लाते हैं। विपक्ष के लिए यह मंच न केवल आलोचना का, बल्कि अपने वैकल्पिक दृष्टिकोण को रखने का अवसर भी है।

सत्ता पक्ष का रुख भी उतना ही आक्रामक और आत्मविश्वासी है। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या का लंबा वक्तव्य सरकार की वैचारिक दिशा और उपलब्धियों को रेखांकित करता है। उन्होंने कांग्रेस के पिछले दस वर्षों के भाषणों में संस्कृति, स्टार्ट-अप, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और विकसित भारत जैसे शब्दों की अनुपस्थिति का उल्लेख कर यह तर्क दिया कि देश की आकांक्षाएं बदली हैं और वर्तमान सरकार ने उन आकांक्षाओं को शब्द और दिशा दी है। यूपीआई, आईपीओ और डिजिटल अर्थव्यवस्था का उदाहरण देकर उन्होंने यह दिखाने की कोशिश की कि युवाओं की शब्दावली और सपने कैसे बदले हैं। यह बहस केवल आंकड़ों की नहीं, बल्कि दृष्टिकोणों की है।एक ओर परंपरागत कल्याणकारी राज्य का मॉडल, दूसरी ओर विकास, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर जोर।

तेजस्वी सूर्या का सांस्कृतिक विमर्श भी उल्लेखनीय है। मंदिरों के विकास, राम मंदिर के उद्घाटन और सांस्कृतिक आत्मविश्वास की बात करते हुए उन्होंने यह संदेश दिया कि सरकार केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण को भी अपनी उपलब्धि मानती है। इसके साथ ही कांग्रेस की चुनावी पराजयों का उल्लेख कर राजनीतिक बढ़त का दावा किया गया। ऐसे वक्तव्य संसद को एक ऐसे मंच में बदल देते हैं जहां नीतिगत चर्चा के साथ-साथ राजनीतिक संदेश भी जनता तक पहुंचाया जाता है।

राज्यसभा की कार्यवाही भी इसी व्यापक तस्वीर का हिस्सा है। धन्यवाद प्रस्ताव का पेश होना, प्रश्नकाल में न्यायिक भर्ती के लिए राष्ट्रीय प्रणाली की मांग, जयललिता को भारत रत्न देने की मांग जैसे मुद्दे यह दिखाते हैं कि संसद केवल बजट तक सीमित नहीं, बल्कि विविध राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सवालों का केंद्र है। प्रश्नकाल के दौरान स्पीकर की यह टिप्पणी कि सवाल और जवाब संक्षिप्त होने चाहिए, संसदीय दक्षता और प्रभावशीलता की ओर संकेत करती है। इस पूरे सत्र की पृष्ठभूमि में 1 फरवरी को प्रस्तुत आम बजट की छाया स्पष्ट दिखती है। 85 मिनट का बजट भाषण सरकार की आर्थिक प्राथमिकताओं का खाका था, जबकि आर्थिक सर्वेक्षण ने देश की अर्थव्यवस्था का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। अब धन्यवाद प्रस्ताव की बहस उस खाके और रिपोर्ट कार्ड की राजनीतिक समीक्षा है। विपक्ष जहां सामाजिक न्याय, रोजगार और संघीय संतुलन पर जोर दे रहा है, वहीं सरकार बुनियादी ढांचे, नवाचार, वैश्विक भूमिका और सांस्कृतिक पहचान को अपनी उपलब्धि के रूप में पेश कर रही है।

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि बजट सत्र लंबा और चरणबद्ध है। पहले चरण के बाद अवकाश और फिर दूसरे चरण में अनुदान मांगों पर चर्चा, यह सुनिश्चित करता है कि वित्तीय प्रस्तावों की गहन जांच हो सके। मंत्रालयों की डिमांड पर ग्रांट की चर्चा और वोटिंग लोकतांत्रिक जवाबदेही का मूल तत्व है, क्योंकि यहीं सरकार को यह स्पष्ट करना होता है कि सार्वजनिक धन का उपयोग कैसे और क्यों किया जाएगा।

धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उठे विवाद, आरोप और हंगामे संसद की सीमाओं को भी उजागर करते हैं। संवाद की जगह शोर, और तर्क की जगह नारे जब हावी हो जाते हैं, तो लोकतांत्रिक विमर्श कमजोर पड़ता है। फिर भी, यही बहसें लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण भी हैं। विभिन्न विचारों का टकराव, असहमति का खुला प्रदर्शन और अंततः प्रधानमंत्री का जवाब यह सब मिलकर संसदीय प्रक्रिया को पूर्णता देता है।

प्रधानमंत्री का 4 फरवरी को प्रस्ताव पर उत्तर इस सत्र का निर्णायक क्षण होगा। परंपरागत रूप से यह उत्तर न केवल विपक्ष के सवालों का जवाब होता है, बल्कि सरकार की भविष्य की दिशा का संकेत भी देता है। इसी तरह वित्त मंत्री का बजट पर उत्तर वित्तीय बहस को समेटने का काम करेगा। इन दोनों जवाबों से यह स्पष्ट होगा कि सरकार आलोचनाओं को कैसे देखती है और किन प्राथमिकताओं के साथ आगे बढ़ना चाहती है।

कुल मिलाकर, संसद का बजट सत्र और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा भारतीय लोकतंत्र का वह आईना है, जिसमें देश की राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक बहसें एक साथ प्रतिबिंबित होती हैं। यहां केवल कानून और बजट नहीं बनते, बल्कि विचार गढ़े जाते हैं, दावे परखे जाते हैं और जनता के सामने सत्ता का लेखा-जोखा रखा जाता है। यही कारण है कि इस सत्र की कार्यवाही केवल संसदीय रिकॉर्ड नहीं, बल्कि समकालीन भारत की कहानी भी है।एक ऐसी कहानी जिसमें विकास की आकांक्षा, सामाजिक न्याय की मांग, सांस्कृतिक पहचान और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, सभी एक साथ चलती हैं।

# आतंकियों को पालोगे तो आत्मसम्मान ही नहीं, देश भी गिरवी रखना पड़ेगा

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हाल ही में उद्योगपतियों के एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा दिया गया बयान कि पाकिस्तान को विदेशों से कर्ज मांगते समय अपना आत्मसम्मान तक गिरवी रखना पड़ता है—दरअसल कोई नई बात नहीं है। यह स्वीकारोक्ति पाकिस्तान की उस भयावह आर्थिक और राजनीतिक सच्चाई को उजागर करती है, जिसमें वह वर्षों से फंसा हुआ है । खनिज संपदाओं और प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध, मेहनतकश पठानों का देश पाकिस्तान आज जिस बदहाली के दौर से गुजर रहा है, उसके लिए बाहरी ताकतें नहीं, बल्कि उसकी अपनी नीतियां जिम्मेदार हैं। भारत के प्रति जन्मजात नफरत और उसके अस्तित्व को मिटाने की सनक में पाकिस्तान के हुक्मरानों ने आतंकवाद को राज्य-नीति बना लिया। नतीजा यह हुआ कि देश कर्ज के दलदल में इस कदर धंस गया कि अब उसके कई हिस्से और उद्योग चीन के पास गिरवी रखे जा चुके हैं। आज पाकिस्तान के अनेक रणनीतिक ठिकानों पर चीन का प्रत्यक्ष प्रभाव किसी से छिपा नहीं है।

भारत के प्रति पाकिस्तान की दुश्मनी कोई आज की बात नहीं है। बंटवारे के समय से ही भारत यह सब देखता आ रहा है पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं का कत्लेआम, बहन-बेटियों के साथ की गई बर्बरता और नफरत की वह आग, जो आज भी बुझने का नाम नहीं ले रही। हर युद्ध, हर साजिश और हर आतंकवादी प्रयास में पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी, लेकिन इसके बावजूद उसकी नफरत कम नहीं हुई । कट्टरपंथी ताकतों ने इस्लाम और अल्लाह के नाम पर पाकिस्तान की गरीबी का फायदा उठाया। मासूम युवाओं को बहलाकर उनके हाथों में बंदूकें थमाई गईं और भारत में आतंक फैलाने भेजा गया। दशकों तक पाकिस्तान इस नीति में लगा रहा और आज भी उसकी दहशतगर्दी की कोशिशें जारी हैं। आतंकवादी शिविर, प्रशिक्षण केंद्र और उनके रख-रखाव पर होने वाला भारी खर्च—सब कुछ पाकिस्तानी सरकार की शह पर चलता रहा।

यदि यही धन पाकिस्तान ने अपने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और बुनियादी ढांचे पर खर्च किया होता, तो आज वह विकास के मामले में कई देशों से आगे होता। लेकिन जिस देश का जन्म ही नफरत की बुनियाद पर हुआ हो, उससे भारत के साथ भाईचारे की उम्मीद करना बेमानी है । पाकिस्तान का इतिहास गवाह है कि वहां जो भी शासक भारत के साथ बेहतर संबंधों और जनता की भलाई की बात करता है, उसे सेना और कट्टरपंथी ताकतें बर्दाश्त नहीं करतीं। कई लोकप्रिय हुक्मरानों को तख्तापलट कर फांसी के फंदे तक पहुंचा दिया गया। वहां की सेना ने कभी लोकतांत्रिक सरकारों को स्वतंत्र रूप से काम नहीं करने दिया, यही कारण है कि पाकिस्तान आज भी निर्णायक नेतृत्व से वंचित है । प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का दर्द दरअसल हर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का दर्द रहा है। आत्मसम्मान गिरवी रखकर कर्ज मांगने की यह मजबूरी उन्हीं नीतियों का परिणाम है, जिनमें सत्ता के लिए सेना और कट्टरपंथियों के आगे घुटने टेक दिए गए।

जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का सफाया नहीं करता, आतंकी संगठनों को संरक्षण और आर्थिक मदद देना बंद नहीं करता, तब तक उसके हुक्मरान यूं ही आत्मसम्मान गिरवी रखकर दुनिया के दरवाजे खटखटाते रहेंगे। जिस दिन पाकिस्तान की जनता और युवा कट्टरपंथ और सैन्य वर्चस्व के खिलाफ खड़े होकर देशहित में काम करने वाली लोकतांत्रिक सरकार बनाएंगे, उसी दिन पाकिस्तान को यह अपमान झेलना नहीं पड़ेगा। अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब आत्मसम्मान के साथ-साथ पूरा पाकिस्तान ही गिरवी रखा हुआ दिखाई देगा।

**अरविंद रावल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सिम्मी ट्रेडिंग कॉरपोरेशन की तरफ से क्रेटर मीटअप का किया गया आयोजन, बड़े क्रिएटरों को किया गया सम्मानित



**मनकापुर गोण्डा** – सोमवार को सिम्मी ट्रेडिंग कॉरपोरेशन एवं मसाले और सूखा मेवा के द्वारा गाजीपुर जनता इंटर कॉलेज के पीछे ग्राउंड में कई जिलों के क्रिएटरों का मीटअप हुआ इस मीटअप के आयोजक रामराज शर्मा ने बाहर से आए सभी क्रिएटरों को पहले फूल माला पहनाकर स्वागत किया मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे गौरा विधायक के भाई पंकज पटेल ने बाहर से आए सभी बड़े क्रिटरों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया सोशल मीडिया सम्मान समारोह के आयोजनकर्ता रामराज शर्मा ने बताया कि सिमी ट्रेडिंग कॉरपोरेशन की तरफ से क्रेटर मीट और भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें चार जनपदों के मोहन यादव, सब्बू दादा ,अनमोल पांडे, महेंद्र पटेल, पीयूष पांडे, सुहेल शाह, इमरान, हिमांशु ओझा, सहित दर्जन भर सोशल मीडिया क्रिएटरों एवं इनफ्लुएंसर को सम्मानित किया गया इस अवसर पर रामराज, शर्मा, रामकुमार शर्मा, वंशराज शर्मा, चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार, राकेश सिंह, शैलेंद्र श्रीवास्तव, सलमान पटेल, माया भाई अमन ब्लॉगर, सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

### पूर्व प्रधान के द्वितीय पुण्यतिथि पर कार्यक्रम कर जरूरत मंन्दो को वितरित किया गया कंबल



**मनकापुर गोण्डा**– पूर्व प्रधान सत्यदेव सिंह के द्वितीय पुण्यतिथि पर केशव नगर ग्रांट पश्चिमी कैदरा बाद अजय सिंह चौराहा पर पूर्व प्रधान के पुत्र समाज सेवी एवं प्रधान पद प्रत्याशी केशव नगर ने अपने बड़े भाई रणविजय सिंह के सलाह पर बड़े भाई दिग्विजय सिंह उर्फ़ राजा भैय्या के साथ मिलकर सामूहिक रूप से जरूरत मंन्दो को कार्यक्रम के दौरान कंबल वितरित किया कंबल वितरण के दौरान अजय सिंह ने कहा कि हमारा परिवार हमेसा क्षेत्र मे गरीबो एवं असहायो का मदद करते रहे है और हमारा प्रयास है कि हमेसा अपने पिता जी के बताये हूए रास्ते पर चलकर क्षेत्र के जनता के बीच उनके दुःख सुख मे भागीदारी करते हूए हमेसा सहयोग करने का प्रयास करूंगा। समाज सेवी अजय सिंह ने बताया कि अपने पिता जी के द्वितीय पुण्यतिथि पर लगभग एक हजार क्षेत्रीय जरूरत मंन्दो को कंबल वितरित किया गया।और हमारा प्रयास है कि हमारे पूज्यनीय पिता जी के प्रत्येक वर्ष पुण्यतिथि पर इसी तरह कार्यक्रम करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पप्पू शुक्ला, पप्पू सिंह पूर्व प्रधान, सुशील सिँह,सत्यवीर सिंह, टेकधर शुक्ला, मनीष पाण्डेय, मनोज श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, सहित अधिकांश क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### पांच दिवसीय समावेशी शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**प्रशिक्षक ने कहा कि दिव्यांगता का समय पर पहचान हो जाने से बच्चों को उपयुक्त शैक्षिक सहयोग प्रदान किया जा सकता है**

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के रतनपुर स्थित बीआरसी पर सोमवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्र के अध्यक्षता में समावेशी शिक्षा को सुदृढ़ करने हेतु पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 106 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्र ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और शिक्षकों को समावेशी शिक्षा के प्रति संवेदनशील व सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रशिक्षक राजेश कुमार ने दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों तथा उनकी पहचान पर विस्तार से चर्चा की किया। उन्होंने बताया कि दिव्यांगता का समय पर पहचान हो जाने से बच्चों को उपयुक्त शैक्षिक सहयोग प्रदान किया जा सकता है। इस दौरान एआरपी रविंद्र त्रिपाठी, अविनाश पटेल यशवंत यादव, सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाऐं मौजूद रहे।

# बलरामपुर चीनी मिल में गन्ना खरीद व्यवस्था पर सवाल, अधिकारियों-विचौलियों की भूमिका जांच के घेरे में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोण्डा।** बलरामपुर जनपद में स्थित बलरामपुर चीनी मिल में गन्ना खरीद व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मिल में तैनात कुछ अधिकारियों और सक्रिय विचौलियों की कथित मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखकर गन्ना खरीद का खेल खुलेआम चल रहा है। हालात यह हैं कि वास्तविक किसान परेशान और हताश हैं, जबकि बिचौलिए मिल प्रबंधन की शह पर मनमानी करते नजर आ रहे हैं।सूत्रों के अनुसार, मिल गेट पर गन्ना तौल और पर्ची निर्गमन में भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं। बिना पर्ची अथवा हाल पर्चियों को जबरन खुलवाकर चहेते बिचौलियों की ट्रॉलियों की तुरंत तौल कराई जा रही है, जबकि कतार में पहले से खड़े किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई मामलों में किसानों को निर्धारित तिथि के बावजूद गन्ना डालने का अवसर नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीण किसानों का कहना है कि इस अव्यवस्था के चलते उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। खेतों में तैयार खड़ा गन्ना समय पर न बिक पाने से सूखने लगा है, वहीं बिचौलियों के माध्यम से लाया गया गन्ना आसानी से मिल में खपाया जा रहा है। इससे सरकार की किसान हितैषी नीतियों और पारदर्शी गन्ना खरीद व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।कई किसानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यदि बिचौलियों के माध्यम से गन्ना भेजा जाए तो हायल पर्ची खुल कर तौल कराया जा रहा है जबकि सीधे किसान को नियमों और प्रक्रियाओं का हवाला देकर परेशान किया जाता है। यही कारण है कि मिल परिसर में बिचौलियों की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है।सूत्रों का यह भी कहना है कि हाल ही में मिल प्रबंधन द्वारा कई जारी पर्चियों को खोलकर तौल कराए जाने का मामला सामने आया था, जिसको लेकर उच्च स्तरीय जांच भी बैठाई गई थी। हालांकि जांच शुरू होने के बावजूद आज तक न तो उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक हुई है और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी पर कोई ठोस कार्रवाई की गई है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जांच लंबित होने के बावजूद हालात जस के तस क्यों बने हुए हैं? यदि अनियमितताएं सामने आई थीं, तो अब तक दोषियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? इससे मिल प्रबंधन की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।इस पूरे मामले को लेकर किसानों और किसान संगठनों में भारी आक्रोश है। उन्होंने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों और बिचौलियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।इस सम्बन्ध गन्ना प्रबंधक संजय सिंह ने बताया कि जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पीपीगंज में सनसनीखेज हत्या का खुलासा: लिव-इन विवाद बना मौत की वजह, पति-पत्नी और ससुर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर** – जनपद के पीपीगंज थाना क्षेत्र में मिली अज्ञात महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए इस जघन्य अपराध का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में 02 पुरुष अभियुक्त व 01 महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कूटी, मृतका का जैकेट तथा आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति भी बरामद की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर राज करन नय्यर द्वारा अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष पीपीगंज अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। मामला थाना पीपीगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 31/2026 धारा 103(1), 238(ड्), 61(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता से संबंधित है।

**घटना का पूरा मामला**

दिनांक 30 जनवरी 2026 की सुबह पीपीगंज थाना क्षेत्र में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया था। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्य, सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस अभियुक्तों तक पहुंचने में सफल रही।

**पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा**

पूछताछ में मुख्य अभियुक्त विजय कुमार साहनी ने बताया कि वर्ष 2012 में मुंबई में उसकी मुलाकात मृतका से हुई थी, जिसके बाद दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे थे। दोनों से एक 13 वर्षीय पुत्र भी है। मृतका विजय से शादी का दबाव बना रही थी, लेकिन विजय ने इंकार कर दिया। वर्ष 2014 में विजय की शादी संध्या साहनी से हो गई, जिससे उसके तीन बच्चे हैं। इसके बावजूद मृतका लगातार विजय पर पत्नी को छोड़कर उसके साथ रहने का दबाव बना रही थी, जिसकी जानकारी संध्या को भी हो गई। इसी तनावपूर्ण स्थिति के चलते विजय ने अपनी पत्नी संध्या और ससुर रामबिलास साहनी के साथ मिलकर साजिश रची। मृतका को पैतृक गांव घुमाने के बहाने लाया गया और ससुर की स्कूटी से सुनसान स्थान पर ले जाकर उसकी हत्या कर दी गई।

**गिरफ्तारी व आगे की कार्रवाई**

पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में विधिक कार्रवाई पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है। इस सनसनीखेज हत्याकांड के खुलासे के बाद क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता की सराहना की जा रही है, वहीं यह मामला रिश्तों में उपजे तनाव और अपराध की भयावह परिणति को भी उजागर करता।

# बिजली विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार की ठगी, पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां**– गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र से नौकरी के नाम पर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। बिजली विभाग में एसएसओ पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक बेरोजगार युवक से 50 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। ठगी का आरोप गंगटही निवासी एक व्यक्ति पर है, जो खुद को गीडा सेक्टर-26 स्थित पावर हाउस में एसएसओ पद पर तैनात बताता है। पीड़ित युवक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के जबरैला विश्खोहर टोला जंगलौल निवासी धर्मवीर कुमार पुत्र लालमन की पहचान गंगटही निवासी उक्त व्यक्ति से पहले से थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने स्वयं को बिजली विभाग में प्रभावशाली पद पर कार्यरत बताते हुए धर्मवीर को एसएसओ पद पर नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके एवज में आरोपी ने पहले 70 हजार रुपये की मांग की। बातचीत के बाद 50 हजार रुपये में सौदा तय हुआ।

आरोप है कि आरोपी ने धर्मवीर से अपने एक दोस्त के बैंक खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। रुपये मिलने के बाद जब भी पीड़ित नौकरी के संबंध में पूछताछ करता, आरोपी टालमटोल करता रहा। काफी समय बीतने के बाद भी न तो नौकरी मिली और न ही रुपये वापस किए गए। उल्टा आरोपी का रवैया आक्रामक हो गया और वह गाली-गलौज करने के साथ मारपीट की धमकी देने लगा। खुद को ठगा हुआ महसूस करने पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने अपने पद और पहचान का गलत इस्तेमाल कर उसके साथ धोखाधड़ी की है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी गीडा अरुण एस ने बताया कि मामला संज्ञान में है। शिकायत मिलने पर पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# परिश्रम ही सफलता की कुंजी है-लक्ष्मण विश्वकर्मा

**●-विश्वकर्मा गौरव सम्मान से सम्मानित हुए मेधावी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रुद्रपुर, देवरिया ।** नगर पंचायत रुद्रपुर के इमामबाड़ा चौराहा स्थित मैरिज हॉल में रविवार को श्री विश्वकर्मा गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन समारोह पूर्व किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन प्राचीन विश्वकर्मा मंदिर समिति एवं भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर समिति के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीपीगंज नगर पंचायत के नगर अध्यक्ष लक्ष्मण विश्वकर्मा रहे तथा अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री निवास विश्वकर्मा ने किया। मुख्य अतिथि लक्ष्मण विश्वकर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा अध्ययन से प्राप्त किया जा सकता है जो जितना मेहनत करता है उसकी उतनी ही सफलता मिलती जाती है। उन्होंने मेधावी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र को लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है परिश्रम करके कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम को त्रिपुरारी विश्वकर्मा, चंद्र देव विश्वकर्मा, दीपक वर्मा, शिवनारायण ठठेरा, श्रीनिवास विश्वकर्मा, शिवानंद विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा तारकेश्वर विश्वकर्मा आदि ने संबोधित किया।

इस दौरान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ एस एन विश्वकर्मा, त्रिपुणायक विश्वकर्मा, डॉ चन्दन विश्वकर्मा, पीएन विश्वकर्मा, चिंतामणि शर्मा, दीपक वर्मा, गब्बूलाल विश्वकर्मा, चंद्रभान विश्वकर्मा, भीम विश्वकर्मा, शिवनारायण ठठेरा, विनायक विश्वकर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर संरक्षक जोधन विश्वकर्मा, शैलेश शर्मा, राजू विश्वकर्मा, विश्वनाथ, रामनिवास, विजय विश्वकर्मा परमेश्वर विश्वकर्मा आशुतोष शर्मा अभय शर्मा चंद्रदेव विश्वकर्मा कपिल देव विश्वकर्मा चंद्रिका विश्वकर्मा रुद्रदेव विश्वकर्मा तुषार विश्वकर्मा साकेत विश्वकर्मा दिनेश विश्वकर्मा उदय विश्वकर्मा देवेश कुमार सुमित विश्वकर्मा कुलदीप विश्वकर्मा चांदनी विश्वकर्मा निर्मला विश्वकर्मा शिवदास विश्वकर्मा आचार्य लाल बहादुर शास्त्री आचार्य मैनेजर शर्मा अशोक विश्वकर्मा राजेश विश्वकर्मा विकास विश्वकर्मा राहुल विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालक रामेश्वर विश्वकर्मा तथा अध्यक्षता श्रीनिवास विश्वकर्मा ने किया।

# संदिग्ध हाल में मिला युवक का शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** उपनगर के खजुहा चौराहे के पास स्थित शराब ठेके पर रविवार की देर रात एक युवक का शव बरामद हुआ। सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस डायल 112 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में उसकी पहचान उपनगर के मलाहटोली वार्ड निवासी धनंजय यादव पुत्र जमुना यादव के रूप में हुई। उसकी शिनाख्त मृतक की बहन चिंता देवी ने किया। उसने बताया कि धनंजय के माता-पिता पहले ही मर चुके हैं और धनंजय अकेला था। पूछताछ में पता चला कि मृतक शराब का आदी था।

## प्रो. दर्शना को मिला सर्वोच्च साहित्यकार सम्मान

**बरहज, देवरिया।** स्थानीय बाबा राघवदास भगवानदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आश्रम बरहज के राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर दर्शना श्रीवास्तव को उनके साहित्यिक, सामाजिक एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री दीप साहित्यिक सेवा संस्थान, गोरखपुर द्वारा सर्वोच्च साहित्यकार सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उत्कृष्ट साहित्य सृजन और समाज के वंचित वर्गों के लिए सतत कार्यों के लिए प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि प्रोफेसर दर्शना लंबे समय से महिला सशक्तिकरण, समाजसेवा और साहित्य सृजन से सक्रिय रूप से जुड़ी हैं। उनका प्रकाशित शोध प्रबंध 'गन्ना किसान आंदोलन का आंचलिक यथार्थ' पूर्वी उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों की समस्याओं पर केंद्रित पहला महत्वपूर्ण शोध कार्य है, जिसकी विद्वानों द्वारा सराहना की गई है। वर्तमान में वे महिला समस्याओं पर आधारित कहानी संग्रह पर कार्य कर रही हैं।

सम्मान मिलने पर जिला जज अयोध्या सुरेंद्र मोहन सहाय, प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. शम्भूनाथ तिवारी सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं गणमान्यजनों ने उन्हें बधाई दी।

## मिश्रौलिया से खोरिया जाने वाला नहर रोड वर्षों से बदहाल

**●कई दर्जन गांवों को जोड़ने वाले नहर रोड पर जगह-जगह बना गड्ढा, राहगीर हिचकोले खाने को विवश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के मिश्रौलिया से खोरिया बाजार को जाने वाला नहर रोड वर्षों से बदहाली के दौर से गुजर रहा है। सड़क पर गिट्टियां उखड़ने व जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा वर्षों से सड़क की सुधि नहीं ली गई जिससे सड़क पूरी तरह से उखड़ कर गढ्ढे में तब्दील हो चुका है। बदहाल सड़क पर लोग वर्षों से आवागमन करने को विवश हैं। जानकारी के मुताबिक नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर मिश्रौलिया से खोरिया जाने वाली करीब छह किलोमीटर की नहर रोड वर्षों से रिपेयरिंग के अभाव में बदहाल है। विभागीय उपेक्षा के चलते सड़क जगह-जगह टूट कर गड्ढे में तब्दील हो चुका है। फलस्वरूप उक्त मार्ग पर गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मार्ग से देर रात तक दोपहिया व चार पहिया वाहनों का आना जाना लगा रहता है। बावजूद इसके वाहन चालक व राहगीर उक्त सड़क पर हिचकोले खाने को विवश हैं। जबकि उक्त सड़क पर मरम्मत की मांग को लेकर कई बार क्षेत्रीय लोगों ने विभाग के आला अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से मरम्मत की मांग की लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय संतोष शुक्ला, दुर्विजय सिंह, सुशांत शुक्ला, रामानंद यादव, अमरजीत यादव, राजेन्द्र चौधरी, राकेश साहनी, राम नरेश शर्मा, उदयभान, विमलेश कुमार, अजय कुमार, सूर्यदेव सिंह, आदि लोगों ने बताया कि विभागीय उपेक्षा के कारण वर्षों से सड़क बदहाल है जिस पर चलना काफी दुखदाई है। उक्त लोगों ने विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से नहर रोड को बनवाने की मांग की है।

# रेलवे मुआवजे के 43.75 लाख पर कथित पारिवारिक कब्जा, बीमार पिता से अंगूठा लगवाकर रकम हड़पने का आरोप

**●न्याय की गुहार लेकर खजनी थाने पहुँचे ग्रामीण, पुलिस कार्रवाई से भड़का आक्रोश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनी ।** जनपद गोरखपुर के खजनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बेलडांड में रेलवे भूमि अधिग्रहण के एवज में प्राप्त 43.75 लाख की मुआवजा राशि को लेकर गंभीर और सनसनीखेज पारिवारिक विवाद सामने आया है। आरोप है कि असहाय एवं गंभीर रूप से बीमार पिता की स्थिति का लाभ उठाकर बड़े पुत्र ने कथित तौर पर पूरी मुआवजा राशि पर कब्जा कर लिया, जिससे छोटे पुत्र को उसके वैधानिक अधिकार से वंचित होना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वर्गीय रामजीत यादव की भूमि रेलवे परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई थी, जिसके सापेक्ष 06 जनवरी 2026 को 43.75 लाख की मुआवजा राशि उनके बैंक खाते में जमा हुई। उस समय रामजीत यादव चलने-फिरने में असमर्थ थे और गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। परिजनों का आरोप है कि इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए बड़े पुत्र कमलेश यादव ने कथित रूप से बैंककर्मी को घर बुलाकर पिता से अंगूठा लगवाया और पूरी मुआवजा राशि अपने नियंत्रण में ले ली।

बताया गया कि रामजीत यादव के दो पुत्र हैं। छोटा पुत्र मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। पिता के निधन के बाद जब उसे मुआवजा राशि की जानकारी हुई, तब तक पूरी रकम निकाली जा चुकी थी। पीड़ित पक्ष का कहना है कि न तो पारिवारिक सहमति ली गई और न ही छोटे पुत्र को उसकी हिस्सेदारी दी गई। मामले से आक्रोशित ग्रामीणों ने दर्जनों की संख्या में खजनी थाने पहुँचकर निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की। आरोप है कि शिकायत सुनने के बजाय पुलिस ने ग्रामीणों को थाने में बैठा लिया, जिससे क्षेत्र में भय और असंतोष का माहौल बन गया। इस कार्रवाई से नाराज ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि वे दबाव की नीति से डरने वाले नहीं हैं और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन से बैंक लेन-देन, अंगूठा लगवाने की प्रक्रिया तथा मुआवजा निकासी से जुड़े सभी बिंदुओं की गहन जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पीड़ित छोटे पुत्र को उसकी वैधानिक हिस्सेदारी दिलाने की अपील की गई है। यह मामला केवल पारिवारिक विश्वासघात के गंभीर आरोपों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रशासनिक संवेदनशीलता, बैंकिंग प्रक्रिया और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े करता है।

# पुरानी रंजिश में रास्ते में घेरकर हमला करने की कोशिश, सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ग़ोला – गोरखपुर**– गोला थाना क्षेत्र के ग्राम चाड़ी में पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार को रास्ते में घेरकर गाली-गलौज, मारपीट की कोशिश और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चाड़ी निवासी रामअवतार पुत्र मोदी ने गोला थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के ही लालजीव, श्यामलाल पुत्रगण हंसराज, संजीव पुत्र बिहारी, रणजीत, प्रदीप पुत्रगण लालजीव एवं विजवंता देवी पत्नी लालजीव ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें और उनके परिवार को निशाना बनाया। पीड़ित के अनुसार 25 जनवरी की सुबह लगभग साढ़े दस बजे वह अपने परिवार के साथ अपनी बीमार मां को देखने जा रहा था। इसी दौरान गांव के बाहर रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें घेर लिया।

आरोप है कि सभी आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला करने का प्रयास किया, अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। अचानक हुए इस घटनाक्रम से पीड़ित और उसका परिवार भयभीत हो गया। किसी तरह वहां से जान बचाकर निकलने के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित रामअवतार का कहना है कि आरोपियों की मंशा केवल डराने-धमकाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे उसकी पूरी जायदाद जबरदस्ती हड़पना चाहते हैं। उसने आशंका जताई है कि यदि समय रहते पुलिस ने सख्त कार्रवाई नहीं की तो भविष्य में कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष गोला के निर्देश पर पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(2), 352, 351(3), 131 एवं 126(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल है और लोग पुरानी रंजिश के चलते बढ़ते विवादों पर चिंता जता रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित परिवार को सुरक्षा का भरोसा दिलाया है और आरोपियों पर कड़ी नजर रखी जा रही।

# सीएचसी पर पदाधिकारी सम्मान समारोह आयोजित

**●सभी मनोनीत पदाधिकारी व सदस्यों को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के रतनपुर सीएचसी परिसर में सोमवार को आशा कार्यकत्री व संगिनी संघ के तत्वावधान में आशा कार्यकारिणी का गठन किया गया तत्पश्चात सम्मान समारोह आयोजित कर सभी को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्दा यादव व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष जमीरूननिशा रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन जिला मिडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि चंदा यादव के नेतृत्व में नौतनवां ब्लाक इकाई की कार्यकारिणी का सर्व सम्मति से गठन किया गया। कार्यकारिणी में ब्लाक अध्यक्ष पद पर विमला देवी, उपाध्यक्ष बंदना गुप्ता, सचिव ममता चौधरी, महा सचिव विन्द्रावती देवी, कोषाध्यक्ष मीना देवी, मंत्री रेनू वरूण, महामंत्री गुन्जा देवी, संयुक्त मंत्री रूपाली सिंह, संरक्षक अमित कुमार गौतम, संयोजक महेन्द्र गौतम, मिडिया प्रभारी विष्णु प्रसाद, सलाहकार पुष्पा सिंह, वरिष्ठ सलाहकार अमरनाथ गिरी, सदस्य नीलम गुप्ता, उषा चौधरी, शर्मिला देवी, अनुसुइया चौधरी, सुरजी देवी, मनोरमा चौधरी, रीता देवी, मंजू पाण्डेय, गीता देवी, तारामती देवी आदि को मनोनीत किया गया। तत्पश्चात सभी मनोनीत पदाधिकारी व सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि आशा कार्यकत्री व संगिनियों ने सदैव स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन किया है।

इस अवसर पर फार्मासिस्ट धर्मेन्द्र कुमार शाही, बीसीपीएम मुदिता त्रिपाठी, आशा कार्यकत्री एसोसिएशन जिला संरक्षक रामसंवारे यादव, जिला सचिव हीना पासवान, जिला संयोजक प्रमोद कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आर्य समाज मंदिर पर हुआ खिचड़ी भोज का आयोजन



**बरेली/**क्यों लड़िया में स्थित आर्य समाज मंदिर पर आज सेठ माया शुरू के पुत्र राजू मौर्य द्वारा खिचड़ी सा भोज का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया इस कार्यक्रम को शरद पूर्णिमा को लेकर मकर संक्रांति से लेकर शरद पूर्णिमा तक खिचड़ी भोज का आयोजन किया जाता है जिसके तहत आज क्यों लड़िया के आर्य समाज मंदिर पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया इसके आयोजन सेठ माया स्वरूप मौर्य के द्वारा संपन्न कराया गया यहां पर भारी मात्रा में लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।

### SIR फॉर्म और मतदाता सूची अपडेट पर प्रशासन सक्रिय, प्रक्रिया तेज



**मितौली खीरी।** SIR फॉर्म और मतदाता सूची अपडेट पर प्रशासन सक्रिय, प्रक्रिया तेज लखीमपुर खीरी मितौली तहसील में निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्क्रू फॉर्म भरने के लिए जारी नोटिसों पर तहसीलदार दिनेश कुमार ने कमान संभाल ली है।तेज हुई प्रक्रिया तहसीलदार ने नोटिस धारकों को बुलाकर उन्हें नियमों और नोटिस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दस्तावेजों की जाँच मौके पर ही जरूरी कागजात देखकर मतदाता सूची में नाम बढ़ाने का काम अब युद्धस्तर पर चल रहा है।मकसदः प्रशासन का प्रयास है कि प्रक्रिया में तेजी आए और कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे।

### नकहा चौकी क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन धड़ल्ले से जारी, कार्रवाई से कतरा रहे जिम्मेदार



**नकहा खीरी** थाना खीरी की नकहा चौकी क्षेत्र अंतर्गत अवैध मिट्टी खनन का कारोबार खुलेआम चल रहा है। खनन माफिया एक परमिट की आड़ में कई-कई स्थानों पर मिट्टी पटाई का कार्य कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि एक गाटा संख्या पर परमिट लेकर, कई अन्य स्थानों पर अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। इतना ही नहीं, निर्धारित संख्या से कहीं अधिक ट्रैक्टर-ट्रालियां लगाकर मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है।खनन का यह कार्य अधिकतर रात के अंधेरे में किया जाता है, ताकि किसी प्रकार की जांच या रोक-टोक न हो सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन चाहे तो इस अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जा सकती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर किस अधिकारी की शह पर यह अवैध खनन चल रहा है?औरजिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने से क्यों कतरा रहे हैं?

### माघ पूर्णिमा के अवसर पर पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष ने कराया खिचड़ी भोज




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** माघ पूर्णिमा के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्षा मीनाक्षी अग्रवाल ने अपने आवास पर समरसता तहरी भोज का आयोजन किया और कन्या भोज कराया आयोजन में नगर के बुजुर्ग युवा महिलाए भारी संख्या मेंसम्मिलित हुईं। पूर्व पालिका अध्यक्ष ने कहा कि समरसता तहरी भोज के आयोजन से भाईचारा एवं परस्पर प्रेम की भावना स्वतः उत्पन्न होती है। इस अवसर पर उन्होंने माघ पूर्णिमा के पावन पर्व की हार्दिक बधाईएवं शुभकामनाएं दी।

# तहसीलदार गोला के सामने साबित हो रहा है उच्च न्यायालय का आदेश बेसर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लखीमपुर खीरी** मामला गोला तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदुआ का है जहां पर तत्कालीन तहसील प्रशासन की मिली भगत से तालाब पर अवैध कब्जा करके दबंग कथित भूमाफिया श्रीराम द्वारा पक्का मकान बना लिया गया था ।जिसकी ग्रामीणों ने दर्जनों आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतें दर्ज कराई थी काफी मशक्कत के बाद हरकत में आए तहसील प्रशासन द्वारा तालाब घाटा संख्या 196 की पैमाइश करवाई गई ,जिसमें तालाब पर श्रीराम का अवैध कब्जा पाया गया। लेखपाल द्वारा अग्रिम कार्रवाई हेतु अपनी रिपोर्ट तहसीलदार को सौंप दी ।आज 3 माह बीतने के बाद भी तालाब पर से दबंग श्री राम का कब्जा नहीं हटवाया जा सका ।शिकायतकर्ता संजय कुमार का आरोप है कि तहसीलदार को विपक्षी गणों द्वारा मोटी रकम दी गई है जिसके चलते तहसीलदार उक्त मामले को लटकाए हुए हैं। और अवैध कब्जा धारक को संरक्षण देते दिखाई पड़ रहे हैं।जब दो नोटिस दिए जाने के बाद भी दबंग श्रीराम द्वारा तालाब से अवैध कब्जा नहीं हटाया जा रहा है तो फिर उसके विरुद्ध बेदखली की कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? यक्ष प्रश्न बना हुआ है। यदि कहीं किसी गरीब का मामला होता तो अब तक उसकी झोपड़ी को नष्ट करके तहसीलदार साहब अपनी फोटो गुड वर्क की छपवा चुके होते, लेकिन यहां पर विपक्षी से मिले भारी भरकम नजराना के चलते साहब की कलम की शायद शायद स्याही ही सूख गई है ।और सहाब की मनमानी और हिटलर शाही के चलते उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। इस मामले पर तहसीलदार गोला भीमचंद से जानकारी चाही तो साहब ने अपने अंदाज में कहा में किसी का मकान नहीं तुड़वा पाऊँगा।शायद तहसीलदार गोला उच्च न्यायालय और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी ऊपर हैं या फिर वह अवैध कब्जेदार श्री राम के नौकर हैं ।एक लोक सेवक या यू कहें राजपत्रित अधिकारी का इस तरह का बयान उनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े करने को काफी है।

### गोला धर्मेश्वर नाथ मन्दिर पर पांच दिवसीय यज्ञ व कथा का आयोजन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर के लक्ष्मी नगर कॉलोनी स्थित बाबा धर्मेश्वर नाथ मंदिर में दो फरवरी से पंचम दिवसीय भागवत कथा यज्ञ का शुभारंभ हो गया है, जिसके क्रम में भव्य कलश यात्रा बाबा धर्मेश्वर नाथ मंदिर से देवकली तीर्थ को प्रस्थान हुई सभी भक्त जनों ने कार्यक्रम में पधारकर जीवन को कृतार्थ किया। वही कार्यक्रम में कथा का समय दोपहर 1:00 से 4:00 तक और सायं में 7:00 से 10:00 तक रहेगा, भागवत कथा आचार्य श्री पंकज महर्षी जी के द्वारा कथा का रसपान कराया जाएगा आज के इस भव्य कलश यात्रा के कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका मीनाक्षी अग्रवाल जी, पूजा गुप्ता, प्रेमलता दीक्षित , राहुल मिश्रा ,सत्येंद्र प्रकाश मिश्रा पुष्कर पांडे , दिनेश दीक्षित , सुमित पांडे मोनू मिश्रा इतिहास समस्त माताएं बहने मौजूद रहीं।

### तहसील दिवस की शिकायत का किया फर्जी निस्तारण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बरेली/**पत्रकार पर हुए जानलेवा हमले की शिकायत का क्यों लड़ियां पुलिस ने कर दिया फर्जी निस्तारण ज्ञात रहे 7 दिसंबर 2025 कि विगत रात्रि को ऐन्जा राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्रा के कार्यक्रम सीतापुर के मैगलगंज में आयोजित था उसे कार्यक्रम में सम्मिलित होने गए पत्रकार विश्व देव राठौर को लौटते समय रात हो गई थी तभी वह क्यों लड़िया से बाइक द्वारा अपने घर वापस लौट रहे थे। रात्रि करीब 9:15 बजे के समय मौजम नगला ठाकुरदास से आने वाली सड़क के समीप शारदा सागर खंड शाहजहांपुर सड़क पर तीन अज्ञात लोगों ने बाइक रोकने का प्रयास किया बाइक ना रोकने पर उन्होंने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया इसकी तहरीर 8 दिसंबर 2025 को क्यों लड़िया थाने पर दी गई जिसकी जांच प्रभारी निरीक्षक ने उप निरीक्षक देशराज सिंह तोमर को दी गई परंतु उन्होंने कोई कार्रवाई न की गई।

तो इसकी शिकायत तहसील दिवस में की गई इसकी जांच को क्यों लड़ियां के प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने पुनः जांच देशराज तोमर को ही सौंप दी गई पत्रकार द्वारा नव वर्ष का कैलेंडर प्रभारी निरीक्षक को देने गया तो इस कैलेंडर उनको भी दिया गया जिसके साथ उन्होंने एक फोटो खिंचवाकर तहसील दिवस की शिकायत में सम्मिलित कर फर्जी निस्तारण कर दिया।

और पत्रकार पर हुए जानलेवा हमले की घटना को सिरे से नकारते हुए मामले को शांत कर दिया गया है जब के जांच अधिकारी द्वारा पीड़ित से घटनास्थल पर ले जाने तक की हिम्मत नहीं जुटाई और मनगढ़ंत तरीके से फर्जी दर्शाकर निस्तारण कर दिया है इस अंधेर नगरी चौपट राज पर किसी अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा है जिसके कारण लोगों का शोषण हो रहा है अब इस मामले को जिले के अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा एक प्रति मुख्यमंत्री को भी भेजी जाएगी ताकि पलिस शिकारी शैली का अनावरणहो सके।

### लालपुर में धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती भव्य शोभा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नीमगांव खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर में भारतीय बहुजन एकता समिति के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समिति द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।जिसमें क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिकों और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ?भव्य शोभा यात्रा का आयोजन कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके उपरांत गांव में एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान बैंड-बाजों की धुन और 'संत रविदास अमर रहें' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। झांकियों के माध्यम से संत रविदास के जीवन और उनके संदेशों को प्रदर्शित किया गया।

**दिग्गज नेताओं ने की शिरकत**

इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर ने शिरकत की। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संत रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में नवाब कल्बे हसन भी मौजूद रहे।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य दिनेश चंद्र गुप्ता और जिला पंचायत सदस्य राममूर्ति राठौर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और समाज में एकता व भाईचारे का संदेश दिया।इस मौके पर विकास कुमार, विश्वराज सिंह, जगदीश कुमार और एडवोकेट केवल कुमार ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। भारतीय बहुजन एकता समिति के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। शोभा यात्रा का समापन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### 28 वॉ रूद्र महायज्ञ का हुआ समापन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** बरवर क्षेत्र के सेमरा जानीपुर घाट तट के किनारे समस्त ग्राम बासियो के सहयोग से बाबा कांकर घाट पर 28 वा श्री रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया।जो कि बुधवार 28जनवरी से शुरू होकर दिनांक 1फरवरी को हवन पूजन के पुर्णाहुती के साथ सम्पन्न हुई।

पांच दिवसीय महायज्ञ मे रासलीला का कार्यक्रम तथा यज्ञ भगवान की परिक्रमा कर पुण्य अर्जित किया, वही दिन हर दिन विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाता रहा ,तथा दूर दराज से आये भक्तों ने यज्ञ में भाग लिया व भोले बाबा के दर्शन कर भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# किसान मेले में वैज्ञानिकों ने जैविक खाद के प्रयोग करने पर दिया जोर कम लागत अधिक उपज ले

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बरेली/**भदपुरा विकासखंड में आयोजित किसान मेले में आए डॉक्टर दिलीप सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कम लागत में अधिक पैदावार लेने के लिए टिप्स दिए और कहा किसानों को अपने खेतों में जैविक खादों का अधिक प्रयोग करके अधिक लाभ उठाना चाहिए साथ ही केंचुए पालन करके उसे खाद को खेत में लगाने से अधिक लाभ मिलेगा साथ ही फसलों के अवशेष ना जलाए जाएं उन्हें खेत में ही सड़ाया जाए। इससे जमीन की उपजाऊ क्षमता बढ़ेगी गन्ने के साथ-सह खेती करने पर भी जोड़ दिया गया और कहा गन्ने की बुवाई के साथ उसमें उर्द मूंग के साथ ही अन्य फसलों को भी उगाया जा सकता है टंच विधि से से गन्ने की बुवाई करके अधिक लाभ उठाया जा सकता है शीतकालीन गन्ने की बुवाई पर भी किसानों का ध्यान आकर्षित किया गया साथ ही मृदा परीक्षण करवाना भी अनिवार्य बताया गया।

इसमें ले गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा देश व प्रदेश की सरकार द्वारा किसानों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही उन्होंने भारत सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं का बजट दो गुना करने पर बधाई दी और कहा किसानों को अब तक केवल कागजों में ही सब कुछ दिया जाता था।

परंतु अब ऐसा नहीं है जो भी सुविधा शासन से उपलब्ध होती है उसे किसानों तक पहुंचाया जाता है उन्होंने कृषि विभाग के लोगों से कहा सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ प्रत्येक न्याय पंचायत के किसानों को मिलना चाहिए जो भी कार्यक्रम होता है उसका प्रचार प्रसार सभी के लिए हितकर जब भी होगा जब उनको सूचना होगी और उसका लाभ प्राप्त होगा यहां पर उपस्थित डॉ दिलीप सिंह कृषि रक्षा प्रभारी भानु प्रताप एस एम एस शीशपाल सिंह बी टी ए श्यामलाल ए डी ओ एग्रीकल्चर सत्येंद्र पाल सिंह गजेंद्र पाल आदित्य इसकी अध्यक्षता भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने की संचालन श्यामलाल मौर्य ने किया यहां पर उपस्थित किसान कृपाल सिंह अवधेश हीरालाल ठाकुर विनय सिंह समेत तमाम किशनगढ़ उपस्थित रहे।

### चीतल के शिकार में दो शिकारी रंगे हाथों गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सिंगाही/बेलरायां संवाददाता।** दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन में वन विभाग की टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बेलरायां रेंज के भैरमपुर बीट क्षेत्र से वन विभाग ने शनिवार देर रात दो शिकारियों को एक चीतल के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

वन विभाग की टीम भैरमपुर बीट में रात्रि गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर डिप्टी रेंजर हरिलाल अपनी टीम के साथ जब तकियापुरवा गांव के बाहर पुलिया के पास पहुंचे तो सामने से दो युवक एक बोरा लेकर आते दिखाई दिए।टीम को देख उन्होंने भागने का प्रयास किया, लेकिन वनकर्मियों ने घेराबंदी कर उन्हें रोककर तलाशी ली, तो बोरे के अंदर एक साबुत मृत चीतल बरामद हुआ। वन विभाग की टीम ने दोनों को मौके पर ही दबोच लिया।पकड़े गए शिकारियों ने अपना नाम बिक्रम पुत्र मुन्ना व राजेश निवासी तकियापुरवा बताया वन विभाग ने दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शिकारियों को जेल भेज दिया है। रेंजर भूपेन्द्र सिंह का बताया कि पकड़े गए शिकारियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### वारिस अली अंसारी ने फीता काटकर किया टूर्नामेंट का उद्घाटन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सपा के जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने ग्राम पंचायत गोला देहात के अर्जुन नगर कॉलोनी में फीता काटकर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस दौरान दोनों टीमो से परिचय प्राप्त कर दोनो टीमो से अच्छा प्रदर्शन करने को कहा इस दौरान टूर्नामेंट कमेटी के सहित तमाम की संख्या मे खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### खमरिया बीआरसी पर विकासखंड स्तरीय 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन



**लखीमपुर-** खमरिया खंड शिक्षा अधिकारी अखिलानन्द राय की अध्यक्षता में खमरिया बीआरसी पर विकासखंड स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत से पाँच बच्चों का चयन कर उनके अभिभावकों के साथ विकासखंड स्तर पर सम्मान किया गया।इस उत्सव में आंगनबाड़ी से 3 बच्चे (5-6 वर्ष आयु वर्ग) तथा कक्षा 1 एवं 2 से 2 बच्चों का चयन किया गया। इस प्रकार कुल 55 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के लिए चाय-पानी एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष इंद्र कुमार शुक्ला, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर शबनम एवं रुखसार, सीडीपीओ बीना सक्सेना, नोडल शिक्षक एवं एआरपी प्रतीक पंचोली, दिनेश, नरेंद्र जी, त्रिलोकी, अमित सिंह एवं अनिल कुमार कटियार की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ी। इसके साथ ही बीआरसी स्टाफ से अरुण कुमार (IMS), शमसुल (सहायक लेखाकार), कंप्यूटर ऑपरेटर संजय कुमार तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शालिनी तिवारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

### सुरहाताल को पर्यटन मानचित्र पर लाने की तैयारी, नौरंगा में कटान रोकने के निर्देश

» सुरहाताल को पर्यटन मानचित्र पर लाने की तैयारी, नौरंगा में कटान रोकने के निर्देश

» सुरहाताल को पर्यटन मानचित्र पर लाने की तैयारी, नौरंगा में कटान रोकने के निर्देश

» विकास कार्यों की समीक्षा में डीएम सख्त, पीएम सूर्य घर योजना की धीमी रफ्तार पर जताई नाराजगी



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलिया।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सुरहाताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने और बाढ़ से पूर्व नौरंगा क्षेत्र में कटान रोकने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सुरहाताल के पर्यटन विकास कार्यों की नियमित निगरानी के लिए पर्यटन अधिकारी के साथ एक जिला स्तरीय अधिकारी की तैनाती की जाए। उन्होंने पर्यटन विभाग को निर्देश दिया कि सुरहाताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विस्तृत कार्ययोजना शीघ्र तैयार की जाए और वहां सड़क, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएं। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क मार्ग संख्या-107 के अंतर्गत 45.7 किलोमीटर लंबे इंदरपुर-पांडेपुर-कुकूह-कोजी मार्ग से गड़वार-रतसड़ तक किए जा रहे चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी ने शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता विद्युत को कटहल नाला के पास जर्जर बिजली पोलों का तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं नौरंगा क्षेत्र में संभावित कटान को लेकर डीएम ने बाढ़ से पहले सभी सुरक्षा कार्य पूरे कराने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी तरह की आपदा से बचा जा सके।

यूपी सिडको द्वारा राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय, हुसैनाबाद में कराए जा रहे निर्माण कार्य की समीक्षा में बताया गया कि कार्य 77 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) को निर्देशित किया कि बैंकों के माध्यम से लाभार्थियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाए और योजना की नियमित निगरानी की जाए। डीएम ने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पीएम सूर्य घर योजना में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजना को गति देने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ ओजस्वी राज, डीडीओ आनंद प्रकाश, एडीएम अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# धवाई ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सराहनीय पहल

### ● स्वयं के खर्च से बच्चों को ठंड में जैकेट वितरित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलरामपुर** पचपेड़वा विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत धवाई में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिवांगी मिश्रा ने मानवता और शिक्षा के प्रति एक मिसाल पेश की है। ठंड के मौसम में गरीब और अति पिछड़े वर्ग के बच्चों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उन्होंने स्वयं के खर्च से बच्चों को जैकेट वितरित की। इतना ही नहीं, बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए वह रोजाना आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाले बच्चों को बिस्कुट, चॉकलेट और टॉफी भी देती हैं, ताकि बच्चे उत्साह के साथ प्रतिदिन विद्यालय आएं और पढ़ाई से जुड़े रहें।

जब हमारी टीम के चैनल रिपोर्टर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिवांगी मिश्रा से बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि 'शुरू से मेरी यही मंशा रही है कि गरीब और अति पिछड़े परिवारों के वे बच्चे, जो आर्थिक तंगी के कारण स्कूल नहीं आ पाते, उन्हें किसी न किसी तरह प्रेरित किया जाए। जिन माता-पिता के पास बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त साधन नहीं हैं, उनके बच्चों के लिए यह मेरी निजी सोच और प्रयास है।'

उन्होंने आगे बताया कि वह अपने निजी खर्च से समय-समय पर बच्चों को कपड़े, किताबें उपलब्ध कराती रहती हैं और त्योहारों पर, जैसे दीपावली में बच्चों को पटाखे भी देती हैं। उन्होंने कहा कि 'आगे भी मैं अपनी क्षमता के अनुसार गरीब बच्चों की मदद करती रहूंगी।' आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिवांगी मिश्रा की यह पहल न केवल बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य कर रही है, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने उनके इस मानवीय प्रयास की सराहना की है।

# सपा जिलाध्यक्ष ने मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

### ● मतदाता सूची से जुड़ी प्रक्रिया पर जताई आपत्ति

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** समाजवादी पार्टी जनपद भदोही की ओर से राजनीतिक दलों की बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी भदोही को पत्रक सौंपते हुए मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज कराई। जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया कि भदोही विधानसभा क्षेत्र के कई बूथों पर भाजपा नेताओं द्वारा पहले से छपे हुए फॉर्म-7 को बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से रिसीव कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि बूथ से संबंधित आपत्ति केवल संबंधित राजनीतिक दल का बूथ एजेंट ही दर्ज कर सकता है, इसके बावजूद कथित तौर पर कुछ बूथों पर अन्य व्यक्तियों द्वारा फॉर्म जमा कराए जा रहे हैं, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

इसके साथ ही जिलाध्यक्ष ने एक अलग पत्र देकर गोकुलपट्टी बूथ संख्या 81 का उल्लेख करते हुए अपना ईपीआईसी नंबर दर्ज कर यह सुनिश्चित करने की मांग की कि उनका नाम मतदाता सूची से न हटाया जाए। इस अवसर पर विधायक जाहिद बेग, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा 'पप्पू' सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। समाजवादी पार्टी ने पूरे प्रकरण में निष्पक्ष जांच एवं पारदर्शी कार्रवाई की मांग की है।

# मड़फा की टीम ने महेशपुर को चार विकेट से हराया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज के महेशपुर गांव में चल रहे टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मड़फा की टीम ने महेशपुर को चार विकेट से हराया विजेता टीम व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित विजेता टीम को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेशपुर बैजनाथ प्रसाद ने ?11000 व ट्रॉफी देकर किया सम्मानित उप विजेता टीम को सुशील पटेल ने 5100 नगद व ट्रॉफी देकर किया सम्मानित साथ में मुख्य अतिथि के रूप में धीरज मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा नदौली ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने अपने हाथों से खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन बढ़ाते हुए कहा कि आप लोग कहीं भी मैच खेले हमेशा जीत हासिल करें मौके पर मौजूद क्रिकेट के संयोजक इम्तियाज खान ने खिलाड़ियों का हार्दिक स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि हर वर्ष आप लोग इसी तरीके से हमारी टीम को मजबूती देते रहें हर वर्ष खिलाड़ी हमारे गांव के टूर्नामेंट में भाग ले इस मौके पर मौजूद संजय कुमार तिवारी अशोक कुमार दुबे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बैजनाथ प्रसाद सुशील पटेल प्रवीण तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, सात वाहन सीज



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर एवं अपर जिलाधिकारी कुँवर वीरेंद्र मौर्य के नेतृत्व में खनन विभाग द्वारा सोमवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत लाला नगर टोल के पास देर रात लगभग 02:00 बजे अवैध खनन करते हुए 01 जेसीबी एवं 01 डम्पर को पकड़कर थाना औराई में निरुद्ध किया गया। वहीं, सोनभद्र से बिना वैध परिवहन प्रपत्र के मिट्टी लादकर ला रहे 02 अन्य डम्परों को परिवहन प्रपत्र से अधिक मात्रा में मिट्टी पाए जाने पर सीज किया गया। इसी क्रम में थाना कोईरौना क्षेत्र में 01 ट्रक एवं 01 टिपर को परिवहन प्रपत्र में अंकित मात्रा से अधिक उपखनिज ले जाते हुए पकड़ा गया, जिन्हें थाना कोईरौना में सीज किया गया। इसके अतिरिक्त थाना ऊंज क्षेत्र में बिना परिवहन प्रपत्र के उपखनिज का परिवहन कर रहे 01 ट्रक को भी निरुद्ध किया गया।इस प्रकार कुल 07 वाहनों को जनपद के विभिन्न थानों में सीज किया गया। खनन निरीक्षक भदोही ने बताया कि जनपद में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए आगे भी निरंतर अभियान चलाया जाता रहेगा।

### सीडीओ ने किया औराई विकासखंड का निरीक्षण, योजनाओं की प्रगति पर दिया जोर



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी बालगोविंद शुक्ल ने सोमवार को विकासखंड कार्यालय औराई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय व्यवस्था एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इसके पश्चात सीडीओ ने ग्राम पंचायत पुरुषोत्तमपुर स्थित पंचायत भवन तथा विधायक निधि से कराए गए इंटरलॉकिंग कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। वहीं जल जीवन मिशन के अंतर्गत औराई ग्राम सभा में निर्माणाधीन पेयजल परियोजना एवं लघु सिंचाई विभाग द्वारा निर्माणाधीन तालाब का भी निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुँचना चाहिए।

### यूजीसी बिल के समर्थन में सरदार सेना का ज्ञापन



**चुनार, मीरजापुर।** यूजीसी एक्ट 2026 को बिल के रुप मे संसद मे लाकर कानून बनाए जाने एवं जाति जनगणना कराये जाने की मांग को लेकर सरदार सेना के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौपा।जिलाध्यक्ष सुनील कुमार पटेल के नेतृत्व मे सरदार सेना के संस्थापक एवं जनहित संकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा आर एस पटेल के निर्देशन मे प्रदेश ब्यापी ज्ञापन सौपने के क्रम मे सोमवार को तहसील परिसर मे चक्रमण कर नारेबाजी करते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित दो सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम राजेश कुमार वर्मा को सौपा। कहा कि जनगणना के कालम मे जातिय जनगणना का कालम जोडते हुए ओवीसी वर्ग व सामान्य का कालम बढाया जाय। यूजीसी एक्ट 2026 भारत सरकार द्वारा 13 जनवरी 2026 को जारी किया गया था परन्तु 29 जनवरी 2026 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उसपर रोक लगा दिया गया, यूजीसी एक्ट 2026 बिल के रुप मे संसद मे लाकर कानून बनाया जाय।इस दौरान रामलाल पटेल, चन्द्रभान सिंह, मुन्ना मैनेजर, अरविन्द सिंह, मुहम्मद इजहार खान आदि मौजूद रहे।

### श्री राघव जी मंदिर में रामायण एवं प्रसाद वितरण

**चुनार, मीरजापुर।** गंगेश्वर नाथ स्थित श्री राघव जी मंदिर में शनिवार को रामायण पाठ एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। आरती, पाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सत्येंद्र दुबे, दीपक सिंह, अमित, दासू वर्मा, हिमांशु, प्रतीत राव बैद्य,समर्थ वैद्य इत्यादि उपस्थित रहे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति व जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

● सभी स्कूल के वाहन चालको का मेडिकल,चरित्र एवं ड्राइविंग लाइसेंस का कराये सत्यापन-एडीएम

सेव लाइव फाउण्डेशन की कार्य समिति के बिंदुओं पर दिया गया प्रभावी बल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही/** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति व जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में सेव लाइव फाउण्डेशन की कार्य समिति के बिंदुओं पर बल दिया गया। कट पर चढ़ने के लिए या उतरने सर्विस लेन पर दोनो तरफ ब्रेकर बनाये जाये।दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का बोर्ड लगायें।लाईट की व्यवस्था,साईनिज बोर्ड।एनएचआई / पीडब्ल्यूडी स्पीड लिमिट का बोर्ड लगाये। कस्बे में रम्बल जरूर लगाये विशेष कर मिर्जापुर तिराहे, गोपीगंज चौराहापर।एनएच अतिक्रमण हटाये विशेष कर लिपन चौराहा, उगापुर में।नो इन्ट्री के बोर्ड लगे हो। कैमरे (ब्लैक स्पॉट) लगाये जाये।एनएच पर कस्बे में रेलिंग अवश्य लगाये। पैदल कास करने तथा जानवर भी न चढ़ सके।

अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने सभी प्राइवेट स्कूलों के प्रबन्धकों को निर्देश दिया कि बच्चों को ट्रान्सपोर्ट करते समय स्कूल के एक स्टाप जो रिपोन्सिबल हो उसे बसों में ड्यूटी पर लगाया जाय जो बच्चों को ले जाने एवं ले आने में बच्चों को उतरते समय या चढ़ते समय हेल्प करें। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि कही इस प्रकार की कोई भी दुर्घटना घटती है तो सम्बन्धित स्कूलों के प्रबन्धकों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी स्कूल जो भी शासन के निर्देश है उन्हें पालन करें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी।

जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक में अपर जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कहा कि निजी/प्राइवेट स्कूलो के सभी वाहन चालको के मेडिकल परीक्षण, चरित्र व ड्राइविग लाइसेंस का अभियान चलाकर शत प्रतिशत सत्यापन किया जायें। उन्होने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने स्तर से पत्राचार कर सभी स्कूल प्रबन्धको को डी0एल0 व चरित्र प्रमाण-पत्र सत्यापन हेतु निर्देशित करे।

अपर जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे डग्गामार सवारी वाहनो एवं स्कूल वाहनो के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जो भी व्यवसायिक वाहन जनपद में संचालित है और उन पर रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट नही लगे है उनके विरूद्ध लगातार प्रवर्तन की कार्यवाही की जायें। स्कूल में चल रहे वाहन मानक के अनुसार फिटनेस सही रहे तथा यह भी सुनिश्चित किया जाये कि स्कूल के बसो के गेट पर छात्र न खड़ा हों इसके लिये गेट बन्द रखा जाये तथा खिड़कियो से बच्चे हाथ व सिर न निकाल सके इसके लिये भी समुचित व्यवस्था किया जायें। उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में चल रहे ओवरलोड बसो के विरूद्ध भी अभियान चलाकर कार्यवाही की जायें। अपर जिलाधिकारी ने विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देशित करते हुये कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में संचालित विद्यालयो में अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही की जाये तथा विद्यालयी वाहनो में सीट क्षमता के अधिक बच्चे न बैठाये जाये ऐसे वाहन संचालित पाये जाते है तो उनके विरूद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की जायें। उन्होंने पी0डब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि जो भी स्कूल सड़क के किनारे स्थित है,उन स्कूलों पर गति अवरोधक ब्रेकर और बोर्ड लगाया जाए कि यहॉ स्कूल है कृपया धीरे चले एवं सावधान होकर चलें। इस तरह के बोर्ड लगाये जाएं।

बैठक में एजेण्डा के अनुसार विस्तृत जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राम सिंह यादव ने सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये बताया के दुघर्टनाओ में कमी लाये जाने हेतु यातायात विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त प्रयास किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत प्रवर्तन की कार्यवाही एवं जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष कुमार चक,पुलिस उपाधीक्षक यातायात राजीव कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, विद्यालय के प्रबन्धगण पुनीत मेहरा आदि उपस्थित रहें।

### विन्ध्याचल मण्डल स्तरीय पेंशन अदालत बीस को भदोही के पेंशनरों को मिलेगा समाधान



**भदोही।** आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर की अध्यक्षता में 20 फरवरी को अपराह्न 02 बजे कार्यालय सभागार में मण्डल स्तरीय पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ कोषाधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि इसमें भदोही जनपद के सेवानिवृत्त पेंशनरों की पेंशन, ग्रेच्यूटी, पेंशन निर्धारण, पुनरीक्षण एवं अन्य संबंधित समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। पेंशन अदालत में आवेदन हेतु प्रपत्र कोषागार भदोही में उपलब्ध है, जिसे तीन प्रतियों में भरकर 09 फरवरी को अपराह्न 03 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा। समयसीमा के बाद या अपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### थाना औराई में छात्र-छात्राओं से एएसपी ने किया संवाद

● पुलिस के प्रति भय दूर करने की पहल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भदोही पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को थाना औराई में एक अनूठी पहल के तहत छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के नेतृत्व में केशव प्रसाद राल्ही पीजी कॉलेज, औराई के छात्र-छात्राओं को थाना परिसर में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के मन से पुलिस थाने को लेकर व्याप्त भय और संकोच को दूर करना तथा उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली से परिचित कराना रहा।

संवाद सत्र के दौरान छात्र-छात्राओं को महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों से बचाव के उपाय, आपात स्थिति में 112 हेल्पलाइन के उपयोग, पुलिस से निर्भीक होकर संपर्क करने, आत्म-सम्मान एवं स्वावलंबन की महत्ता तथा साइबर सुरक्षा एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने खुलकर अपने विचार रखे, पुलिस अधिकारियों से सवाल पूछे और थाने के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया।

## जिलाधिकारी ने नवचेतना एफ पी ओ का किया निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़, मीरजापुर।** रविवार को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने रविवार को नवचेतना एफ पी ओ का निरीक्षण एवं दुग्ध आउटलेट और 5 मीट्रिक टन कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन किया। मीरजापुर जनपद में कृषि और महिला स्वावलंबन को नई ऊंचाई पर ले जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मीरजापुर ने सीखड़ स्थित नवचेतना एफ पी ओ का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जागृति स्वयं सहायता समूह (सात्र) और नवचेतना के समन्वय से स्थापित एक आधुनिक मिल्क आउटलेट का भव्य उद्घाटन किया।किसानों को मिली कोल्ड स्टोरेज की सौगात जिलाधिकारी द्वारा केंद्र पर 5 मीट्रिक टन क्षमता के कोल्ड स्टोरेज का भी लोकार्पण किया गया। इस कोल्ड स्टोरेज की स्थापना से क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। विशेष रूप से टमाटर और मिर्च जैसी जल्दी खराब होने वाली फसलों की 'शेल्फ लाइफ' (भंडारण क्षमता) बढ़ जाएगी, जिससे किसानों को बाजार में बेहतर दाम मिल सकेंगे। जिलाधिकारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जिला उद्यान अधिकारी डीएच ओ के सहयोग से निर्मित यह कोल्ड स्टोरेज क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगा।

स्वयं सहायता समूह की दीदियों का बढ़ाया उत्साह निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वर्मीकम्पोस्ट (जैविक खाद) इकाई और कोल्ड स्टोरेज के कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने वहां मौजूद स्वयं सहायता समूह की दीदियों और प्रगतिशील किसानों से संवाद करते हुए कहा कि,यदि सात्र और किसान एकजुट होकर काम करें, तो सीखड़ ब्लॉक के उत्पादों को राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान मिलेगी।' उन्होंने समूह की महिलाओं को और अधिक सशक्त होने और उद्यमिता से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी डीएच ओ, जिला कृषि अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं अधिकारियों ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा किसानों को तकनीकी सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ निरंतर प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में भारी संख्या में समूह की दीदियाँ और स्थानीय किसान मौजूद रहे, जिन्होंने इस नई शुरुआत पर हर्ष व्यक्त किया। उक्त अवसर पर नव चेतना सीईओ मुकेश कुमार पांडेय सौरभ, नवचेतना के निदेशक ईवीएम अखिलेश त्रिपाठी, मुकेश त्रिपाठी, रत्नेश त्रिपाठी, रमाकांत मिश्रा, मुन्ना पांडेय बब्बल पांडेय सहित समूह की महिला उपस्थित रही।

### समाजवादी पार्टी ने लगाया S.I.R में जबरदस्ती करने का आरोप



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आजमगढ़** में (s.i.r.) प्रक्रिया में सत्ता पक्ष के लोगों द्वारा बूथ लेबिल अधिकारी को डरा धमकाकर फॉर्म 7 पर जबरदस्ती दस्तकत करने के लिए दबाव डाला जा रहा है। कहीं-कहीं बूथ लेवल अधिकारियों ने मना कर दिया और कहीं-कहीं वे लोग उनकी जबरदस्ती दस्तकत बनवाकर फॉर्म को ऑनलाइन करने में लगे हैं।

घटना की जानकारी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व पार्टी के बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से प्राप्त हुई सरकार बड़े पैमाने पर धांधली व गुंडागर्दी के बल पर भाजपा के लोग समाजवादी पार्टी समर्थकों के ड्राफ्ट लिस्ट में सम्मिलित नाम को काटनवाना चाहते हैं। इस घटनाक्रम को लेकर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हवलदार यादव की अध्यक्षता में पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव विधायक,विधायक डॉ संग्राम यादव, विधायक नफीस अहमद, विधायक अखिलेश यादव, विधायक पूजा सरोज, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव-अजीत कुमार राव, यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष जोरार खान के नेतृत्व में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी से मिलकर विरोध दर्ज कराया तमाम मतदाता जिनका नाम काटने के लिए प्रयास किया जा रहा है वे लोग विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ो की तादाद में आए हुए थे।

जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि भाजपा सरकार चुनाव आयोग की मदद से घोर बेईमानी पर उतारू है ड्राफ्ट लिस्ट जारी होने के बाद जब उन लोगों को यह मालूम हो गया हमारे कि वोटर कम हैं उन लोगों ने साजिश करके टाइप सुधा फॉर्म 7 वोट कटवाने के लिए B.L.O.s के पास जाकर बड़ी संख्या में दस्तखत करवाने का प्रयास कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी ऐसे नियम विरुद्ध जबरदस्ती व धौंस के बल पर कराए जा रहे गलत कार्यों को बर्दाश्त नहीं करेगी। हमारे B.L.A हमारे कार्यकर्ता सतर्क हैं जिलाधिकारी ने ऐसे गलत कार्यों के खिलाफ जांच करने व ऐसे लोग जो इसमें संलिप्त पाए गए उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### आगामी त्यौहार शबे बारात को लेकर सुरियावा थाने पर पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**भदोही** सुरियावां 2 फरवरी सोमवार को आगामी त्यौहार शबे बारात को लेकर थाना अध्यक्ष सुरियावां मनीष द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के नियमों को पालन करने के लिए कहा गया तथा उपस्थित मौलवीलोगों से उनकी समस्याओं के बारे में सुझाव मांगा गया ताकि समस्याओं का समय पर समाधान किया जा सके उन्होंने त्योहार को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने के लिए कहा उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों पर विशेष निगाह रखी जा रही है किसी भी प्रकार के खुरापात को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बसन्तोत्सव समारोह का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चित्र 2

सीखड़, मीरजापुर। क्षेत्र के आत्मा दास औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पचरांव के प्रांगण में बसन्तोत्सव मिलन समारोह का आयोजन हुआ सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। माल्यार्पण क्षेत्र के समाजसेवी चन्द्र शेखर सिंह ने किया। इसके बाद सभी आंगन्तुको ने बारी बारी से मां सरस्वती को फूल अर्पित किया।इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष भा जा पा सीखड़ प्रमोद पाण्डेय ने कहा कि यह आयोजन भाई चारा आपसी प्रेम भाव को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। समाज सेवी चन्द्रशेखर सिंह ने कहा यह पहल बहुत शोभनीय और प्रेरणादायक है। ऐसा आयोजन हमेशा बारी बारी से स्थान बदल बदल कर होना चाहिए। ऐसे मे एक बहुत बढ़िया समाज में सन्देश जाएगा। और भाई चारा में बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर क्षेत्र सीखड़ के कई गणमान्य और प्रबुद्ध लोगों ने शिरकत किया।इस अवसर पर बाबू चन्द्र शेखर सिंह,रामबालक त्रिपाठी प्रमोद पाण्डेय, शिव प्रसाद द्विवेदी, सुनील पाल , सर्वेश सिंह, संतोष सिंह, धीरज त्रिपाठी, ओमप्रकाश सिंह, जे पी तिवारी, संजय मिश्रा, बीरेंद्र पाण्डेय, अवधेश तिवारी, बिजय नारायण राय, राजेश जयसवाल, दीपक उपाध्याय, अभय शंकर त्रिपाठी, लाले सिंह, नीरज पाण्डेय, शीतलेश्वर पाठक, गोपीनाथ मिश्र, राजन दूबे, रतन पाण्डेय,बिचित्रानन्द ,ज्ञानधर आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन शिव प्रसाद द्विवेदी ने किया।इस अवसर पर भब्य बांटी , चोखा,खीर , दाल चावल और पापड़ का भी आयोजन किया गया।

### महिला आयोग की जनसुनवाई चार को

**भदोही।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श नीलम प्रभात की अध्यक्षता में 04 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से राजकीय अतिथि गृह, ज्ञानपुर में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया ने बताया कि इस दौरान महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न एवं अन्य मामलों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। पीड़ित महिलाएं एवं बालिकाएं अपनी समस्याओं के समाधान हेतु सीधे जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपना प्रकरण रख सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय अथवा वन स्टॉप सेंटर, कलेक्ट्रेट परिसर से संपर्क किया जा सकता है।

## केंद्रीय बजट 2026-27 समावेशी विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस कदम-डॉ चंदन कुमार द्विवेदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ चंदन कुमार द्विवेदी ने केंद्रीय बजट 2026 27 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 भारत की आर्थिक नीतियों में निरंतरता, संरचनात्मक सुधार और दीर्घकालिक विकास दृष्टि को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।बजट की सबसे प्रमुख विशेषता पूंजीगत व्यय (Capital E&penditure) पर ज़ोर है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर लगभग 12.2 लाख करोड़ किया गया है। यह पिछले वर्षों की तुलना में एक बड़ा कदम है और इसका उद्देश्य बुनियादी ढाँचे के निर्माण, रोजगार सृजन और निजी निवेश को प्रोत्साहित करना है। आर्थिक सिद्धांतों के अनुसार, पूंजीगत व्यय का गुणक प्रभाव (Multiplier Effect) अधिक होता है, जिससे समग्र मांग और उत्पादन दोनों में वृद्धि होती है। सरकार ने इस बजट में विकास के साथ-साथ राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने की प्रतिबद्धता भी दोहराई है। राजकोषीय घाटे को मध्यम अवधि में नियंत्रित करने का लक्ष्य यह संकेत देता है कि सरकार ऋण-सततता और मैक्रो-आर्थिक स्थिरता को लेकर सजग है। यह दृष्टिकोण निवेशकों के विश्वास को मजबूत करता है ।बजट में विनिर्माण क्षेत्र को अर्थव्यवस्था का प्रमुख इंजन माना गया है। सेमीकंडक्टर, उच्च-प्रौद्योगिकी उद्योगों और MSME क्षेत्र के लिए वित्तीय सहायता एवं संस्थागत समर्थन बढ़ाने की घोषणा की गई है। कृषि एवं ग्रामीण विकास बजट का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बना हुआ है। किसान ऋण, ग्रामीण बुनियादी ढाँचा और रोजगार योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण मांग को बनाए रखने का प्रयास किया गया है। दुर्लभ खनिज, सेमीकंडक्टर और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों पर ध्यान देकर सरकार ने



रणनीतिक आत्मनिर्भरता की दिशा में स्पष्ट संकेत दिया है। यह भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत स्थिति दिलाने में सहायक हो सकता है। कुल मिलाकर, केंद्रीय बजट 2026-27 को लोकलुभावन बजट की बजाय नीति-आधारित और विकासोन्मुख बजट कहा जा सकता है। इसका मुख्य बल निवेश, सुधार और संस्थागत मजबूती पर है। हालांकि बजट की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि घोषित योजनाओं का क्रियान्वयन कितनी प्रभावशीलता से होता है।

### वर्ल्ड वेटलैंड डे पर एनसीसी कैडेट्स ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**भदोही।** इन्द्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज, भदोही में वर्ल्ड वेटलैंड डे के अवसर पर सोमवार को एनसीसी कैडेट्स द्वारा पर्यावरण संरक्षण को समर्पित वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैडेट्स ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाकर आद्र भूमि (वेटलैंड) एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विलास चन्द्र दूबे ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि वर्ल्ड वेटलैंड डे प्रत्येक वर्ष 2 फरवरी को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि वेटलैंड पारिस्थितिकी तंत्र का एक

## नारायण साहित्य शाला भारत ट्रस्ट का तीसरा वार्षिकोत्सव अखिल भारतीय कवि सम्मेलन संपन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़, मीरजापुर।** श्री शंकराश्रम इन्टर कालेज सीखड़ के प्रांगण में नारायण साहित्य शाला भारत ट्रस्ट भुवालपुर, सीखड़ प्रकाशन कार्यालय? दिल्ली का तीसरा वार्षिकोत्सव एक फरवरी दिन रविवार को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं भंडारे के साथ भव्य आयोजन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य, सभापति स्वास्थ व कल्याण समिति सदस्य जिला कार्ययोजना समिति संयोजक स्वदेशी जागरण मंच समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान उपाध्यक्ष जिला बालीवाल एसोसिएशन संघ मीरजापुर कृष्ण कुमार सिंह का नारायण साहित्य शाला के संस्थापक रामजस त्रिपाठी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के उप प्रबंधक कृपा शंकर चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम मे नारायण राष्ट्रीय महासचिव श्री विनोद बनारसी, अध्यक्षा श्रीमती अर्चना त्रिपाठी, राष्ट्रीय संयोजक राजेश कुमार तिवारी कोषाध्यक्ष धीरज दीक्षित 'धैर्य' तथा ट्रस्टी श्री वीरेंद्र कुमार चतुर्वेदी तथा देश-प्रदेश से पधारे साहित्यकारों, और विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिव कुमार, आदर्श कन्या इंटर कालेज की पूर्व प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा चतुर्वेदी, श्री माया शंकर पांडेय, शिव शंकर त्रिपाठी (पूर्व टीटीई), रविंद्र चतुर्वेदी (राजातालाब), आदिनाथ तिवारी, क्षमा शंकर पांडेय, आनंद शंकर चतुर्वेदी सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं प्रदेशों से पधारे वरिष्ठ साहित्यकारों में डॉ. पंकजवासिनी जी (हिंदी विभागाध्यक्ष, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर, बिहार), छंदकार मनोज कुमार द्विवेदी जी,डॉ. विश्वनाथ शुक्ला जी (विभागाध्यक्ष, माइक्रोलॉजिक विभाग, बीएचयू), निराला सम्मान प्राप्त साहित्यकार श्री शिवानंद सहयोगी जी (वाराणसी), प्रो. कृष्ण बिहारी दुबे जी (चुनार),धर्मगुरु श्री राजेश कुमार तिवारी जी (सतना, मध्य प्रदेश), श्री भवानी शंकर कुमावत जी (राजस्थान), श्री सुधीर सिंह 'सुधाकर' (नोएडा),वरिष्ठ साहित्यकार जगन्नाथ पांडेय जी (सूरजपुर, छत्तीसगढ़), वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती गायत्री पांडेय जी (रीवा, मध्य प्रदेश), श्री आलोक कपिनाथ 'ऋतुराज', श्री केसरी प्रसाद नंदन जी (प्रयागराज), विजय कुमार तिवारी 'रसिक' (मिर्जापुर), विनय कुमार सिंह (वाराणसी), श्रीमती अर्चना आनंद जी गाजीपुर,श्रीमती सुषमा सिंह वाराणसी राजकुमार राजन (चुनार) सहित अनेक साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर किया। इसके अतिरिक्त सामाजिक कार्यकर्ता संतोष कुमार पांडेय, आशुतोष कुमार पांडेय, आशीष कुमार पांडेय, बीएचयू के छात्र एवं नर्सिंग स्टाफ दीपक शर्मा, संजीव श्रीवास्तव, कृषि मित्र नीरज दीक्षित, दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्र संस्थान के प्रकाशन प्रमुख- हरिनारायण त्रिपाठी रमैया कॉलेज ऑफ़ बैंगलोर के आइटी छात्र- हरिओम त्रिपाठी जी, साइको सेवा सोसायटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी सहित क्षेत्र के समस्त साहित्य-सेवी सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जेलकर्मी ने फांसी लगाकर दी जान



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी जेल में तैनात एक जेलकर्मी ने फांसी लगा कर जान दे दी। पृथ्वीराज चौहान (26) 2021 से नैनी जेल में बंदी रक्षक के पद पर तैनात थे। हालांकि मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका ।उनकी जल्द ही शादी होने वाली थी। सुसाइड से पहले उन्होंने आखिरी बार अपनी मंगेतर से फोन पर बात की थी।पृथ्वीराज मूल रूप से मऊ जनपद के मोहम्मदाबाद गोहना स्थित उम्मनपुर के रहने वाले थे। नैनी जेल के पास ही प्रयागपुरम कॉलोनी में किराए पर रहते थे। रविवार को रोज की तरह ड्यूटी पर गए। दिन में वीडियो कॉल पर पिता प्रभुनाथ से बात की। हाल-चाल जाना। फिर काम में लग गए।शाम को ड्यूटी से वापस आए। इसके बाद मंगेतर ने कई बार फोन किया तो कॉल रिसीव नहीं हुई। काफी देर होने पर पिता को बताया। उन्होंने पड़ोस में रहने वाले एक युवक को फोन किया और खबर देने को कहा। युवक पहुंचा तो आवाज देने के बाद भी जवाब नहीं मिला।रोशनदान से झांक कर देखा तो पृथ्वीराज फंदे पर लटके दिखाई दिए। सूचना पर जेल अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।

### धोखाधड़ी से नियुक्त शिक्षकों की जांच कर छह महीने में हटाएं, इलाहाबाद हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश

**» हाई कोर्ट ने प्रमुख सचिव (बेसिक शिक्षा) को ऐसे सभी शिक्षकों की जांच कर हटाने का निर्देश दिया**

**» कहा- फर्जीवाड़े में शामिल अधिकारियों के खिलाफ भी की जाए विभागीय जांच तथा कार्यवाही**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में प्रमुख सचिव (बेसिक शिक्षा) को ऐसे सभी शिक्षकों की जांच कर उन्हें छह महीने में हटाने का निर्देश दिया है जिन्होंने धोखाधड़ी कर नौकरी हासिल की है। कोर्ट ने कहा है कि विस्तृत जांच कर कानून के अनुसार सभी को हटाया जाए। साथ ही इसमें संलिप्त मिले अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्यवाही की जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने देवरिया की सहायक अध्यापिका गरिमा सिंह की याचिका खारिज करते हुए दिया है।

फर्जीवाड़ा मिलने पर याची की नियुक्ति अगस्त 2025 में रद कर दी गई थी। कोर्ट ने कहा, कानून का शासन बनाए रखने, बड़े सार्वजनिक हित की रक्षा और यह सुनिश्चित करने के लिए कि बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा से समझौता न हो, अदालत के पास सहायक शिक्षकों की नियुक्तियों की व्यापक और समयबद्ध जांच करने के लिए प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा को निर्देश देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

न्यायमूर्ति ने टिप्पणी की, इस अदालत ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का प्रयोग करते हुए बार-बार एक परेशान करने वाला पैटर्न देखा है। इसमें बड़ी संख्या में सहायक शिक्षकों ने जाली और फर्जी प्रमाण पत्र, नकली दस्तावेजों अथवा जानबूझकर महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपा कर नियुक्ति प्राप्त की है। ऐसे व्यक्ति वर्षों तक सेवा में बने रहते हैं, संस्थान प्रबंधन के साथ खुले तौर पर मिलीभगत और कई मामलों में संबंधित बेसिक शिक्षा अधिकारी की सक्रिय मिलीभगत अथवा मौन अनुमोदन के साथ। मुकदमे से जुड़े संक्षिप्त तथ्यों के अनुसार 27 जुलाई 2010 को याची सहायक शिक्षक नियुक्त की गई थी। उच्चतर प्राथमिक विद्यालय, बर्दीहा दलपत, विकास खंड- सलेमपुर, जिला- देवरिया में कार्यभार ग्रहण किया था। बीएसए ने छह अगस्त 2025 को पारित आदेश में उसकी नियुक्ति रद कर दी। इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। याची की तरफ से कहा गया कि सारे दस्तावेजों की जांच की गई थी। लगभग 15 वर्षों की सेवा हो चुकी है।

प्रतिवादी बीएसए की ओर से कहा गया कि नियुक्ति के समय प्रस्तुत सभी दस्तावेज जाली मिले हैं। याची को दो जुलाई 2025 को उचित नोटिस दिया गया था, जिसका कोई जवाब नहीं मिला न ही ऐसा दस्तावेज प्रस्तुत किया है जिससे यह साबित हो कि नियुक्ति के समय प्रस्तुत शैक्षिक प्रमाण पत्र, डोमिसाइल सर्टिफिकेट और अन्य संबंधित दस्तावेज वास्तविक हैं। गरिमा सिंह नामक अन्य उम्मीदवार के शैक्षिक दस्तावेजों और डोमिसाइल सर्टिफिकेट का उपयोग नियुक्ति किया गया है। कोर्ट ने रजिस्ट्रार (अनुपालन) को निर्देश दिया है कि वह आदेश की प्रति संबंधित अधिकारियों तक भिजवाएं।

## प्रमोद व मोना ने बजट को किसान, बेरोजगारों, युवा व उद्योग विरोधी बताया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता सांसद प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक व नेता कांग्रेस विधानमण्डल दल आराधना मिश्रा मोना ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह ऐसा बजट है जो एक झुनझुने की तरह दिखता तो है परन्तु बजता नहीं है। मोदी सरकार के कार्यकाल का यह सबसे निराशाजनक बजट है। यह बजट किसान विरोधी, बेरोजगार व नौजवान विरोधी, लघु एवं मध्यम वर्ग विरोधी बजट है।इसीलिए सेंसेक्स में 2300 शेयर की गिरावट आयी है। सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने कहा कि पिछले एक साल से पूंजी निवेश रूका हुआ है। अब न तो विदेशी निवेश हो रहा है और न ही स्वदेशी निवेश हो रहा है। नेता द्वय ने कहा कि बजट के बाद इसमें और भी गिरावट आयेगी। मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट भयंकर घाटे वाला बजट है। सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि चालू वर्ष में राजस्व प्रास्तियां रू0 78086 करोड़ और नेट टैक्स संग्रह रू0 162748 करोड़ कम रहा, जो आर्थिक सुस्ती का साफ संकेत है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग सहित महत्वपूर्ण योजनाओं के बजट में बड़ी कटौती की गयी है। जैसे स्वास्थ्य में 3686 करोड़ की कटौती, शिक्षा में 6701 करोड़, समाजकल्याण में 9999 करोड़, कृषि में 6985 करोड़, ग्रामीण विकास में 53067 करोड़, नगर विकास में 39573 करोड़, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना में 890 करोड़, जल जीवन मिशन में 50000 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना में 3200 करोड़ की कटौती तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के स्कार्लशिप की धनराशि में कटौती, फसल बीमा योजना, यूरिया, एलपीजी कनेक्शन, अर्नामेंट, एयरफोर्स प्रोजेक्ट, नेवल डाकयार्ड प्रोजेक्ट और रक्षा आधुनिकीकरण आदि के बजट में कटौती करने का अक्षम्य अपराध किया गया है। नेता द्वय ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए कोई ठोस नई योजना या अतिरिक्त बजट का प्राविधान नहीं है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के कुल नौ बजट में यह सबसे खराब बजट है, इस बजट से आज देश को निराशाा हुई है।

## शिवम अक्षयवट् का शिविर सेवा मेला समाप्ति के साथ संपन्न हुआ



**नैनी, प्रयागराज।** पीपुल्स वेलफेयर सोसाइटी एवं शिवम अक्षयवट् हॉस्पिटल का शिविर अरैल घाट सेक्टर 7 में निषादराज मार्ग पर स्थित था जहां एक माह तक कल्पवासियों को निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और दवा वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई।एवं विशेष स्नान पर भंडारे का आयोजन किया गया मकर संक्रांति पर संस्थान द्वारा खिचड़ी एवं शिविर समापन पर वृहद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न आश्रम के साधु-संत एवं छात्रों को पुस्तक एवं अंगवस्त्र वितरण किया गया, जोड़ एवं हड्डी रोग के मरीजों को डॉक्टर ए.के. राय द्वारा उचित परामर्श दिया गया, डॉ आनन्द पाण्डेय ने पुरे माह शिविर का प्रबंधन और संचालन किया, फार्मासिस्ट अजय उपाध्याय, विरेन्द्र मिश्रा ने सहयोग प्रदान किया, सोसाइटी की सचिव डॉ नम्रता राय ने बताया कि सोसाइटी पिछले 15 वर्षो से ये सेवा दे रही है, और आगे भी देती रहेंगी।

## सात अभियुक्त गिरफ्तार ,कब्जे से 96 एंड्रॉयड मोबाइल बरामद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** सोमवार नैनी पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के अन्दर मोबाइल फोन चोरी करने के 7 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए , कब्जे से विभिन्न कम्पनियों के कुल 96 एंड्रॉयड मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत करीब 50 लाख) बरामद किए गए। नैनी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 54/2026 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित 07 अभियुक्तों 1. राहुल प्रसाद उर्फ कृष्णा पुत्र स्व0 राम विलास प्रसाद निवासी गांधी मैदान के पास थाना गोविन्दनगर, हनुमान मन्दिर जनपद राजेन्द्र नगर बिहार 2. श्रवण कुमार पुत्र अनन्त प्रसाद महतो निवासी ग्राम बाबूपुर थाना तीन पहाड़ जनपद साहेबगंज झारखंड 3.राम जन्म कुमार पुत्र विजय महतो निवासी ग्राम महाराजपुर नयाटोला थाना तिलझारी जनपद साहेबगंज झारखंड 4.छोटू रवानी पुत्र भानू रवानी निवासी धनबाद, थाना धनबाद जनपद धनबाद झारखंड 5. राजू रवानी पुत्र सुखदेव रवानी निवासी ग्राम तेलीपाडा शिवमंदिर थाना धनबाद जनपद धनबाद झारखंड

6. बंटी भुइया पुत्र शंभू भुइया निवासी गांव काली पहाडी थाना आसनसोल जनपद बर्धमान पश्चिम बंगाल 7. सोनू पासवान पुत्र जनार्दन पासवान निवासी ग्राम सकरी गली थाना तेलिझारी जनपद साहेबगंज झारखंड को थाना नैनी क्षेत्रान्तर्गत चकबबूरा अलीमाबाद तालाब के पास से गिरफ्तार करते हुये अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी के कुल 96 विभिन्न कम्पनियों के एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

## जेएनयू प्रशासन की कार्रवाई, जे.एन.एस.यू के सभी पदाधिकारी 2 सेमेस्टर के लिए निलंबित

**● जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय प्रशासन ने जे.एन.एस.यू के चार पदाधिकारियों और एक पूर्व अध्यक्ष को दो सेमेस्टर के लिए निलंबित कर दिया है. यह कार्रवाई डॉ. बी.आर. अंबेडकर सेंट्रल लाइब्रेरी में निगरानी प्रणाली के खिलाफ हुए छात्र आंदोलन में उनकी भागीदारी को लेकर की गई है.जे.एन.एस.यू ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर की है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में प्रशासन की सख्त कार्रवाई को लेकर जे.एन.एस.यू ने नाराजगी जताई है. चीफ प्रॉक्टर ने जे.एन.एस.यू के चारों वर्तमान पदाधिकारियों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव और संयुक्त सचिव के साथ-साथ पूर्व अध्यक्ष नितीश पर दो सेमेस्टर के लिए निलंबित कर दिया साथ ही कैंपस से बाहर रहने का आदेश जारी किया है।

बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई डॉ.बी.आर.आंबेडकर सेंट्रल लाइब्रेरी में लगाए गए निगरानी सिस्टम के खिलाफ हुए छात्र आंदोलन में उनकी भागीदारी को लेकर की गई है. प्रशासन ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जे.एन.एस.यू) के अध्यक्ष अदिति मिश्रा, उपाध्यक्ष किझाकूट गोपिका बाबू, महासचिव सुनील यादव और संयुक्त सचिव दानिश अली के खिलाफ एक्शन लेते हुए निलंब्क कर दिया साथ ही तुरंत हॉस्टल खाली करकैंपस से बाहर रहने का आदेश दिया गया है.

**जे.एन.एस.यू ने जताई नाराजगी**

वहीं प्रशासन की इस कार्रवाई पर जे.एन.एस.यू ने कड़ी आपत्ति जताई है. छात्र संगठनों का कहना है कि यह फैसला एक राजनीतिक बदले की कार्रवाई है और इसका मकसद छात्र आवाज़ों को दबाना है।

**'प्रशासन संगठन की आवाज दबाना चाहता है'**

जे.एन.एस.यू का आरोप है कि जब यूनियन यूजीसी प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस 2026 पर रोक के खिलाफ बड़ा आंदोलन शुरू करने की तैयारी कर रही थी, जिसमें मशाल जुलूस और 7 फरवरी को स्टूडेंट्स पार्लियामेंट शामिल है, उसी समय यह कार्रवाई की गई. जे.एन.एस.यू का कहना है किल प्रशासन संगठन की आवाज दबाना चाहता है।

छात्रों का कहना है कि हाल ही में अदालत में प्रशासन को छात्रों की अवैध हिरासत के मामले में फटकार मिली थी और स्कूल ऑफ लैंग्वेजेस में निजीकरण के खिलाफ हड़ताल के बाद प्रशासन बौखलाया हुआ है. जे.एन.एस.यू ने कहा कि यह फैसला छात्र विरोधी है और छात्रों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को बाहर करने की कोशिश है।

**छात्रों से की एकजुट होने की अपील**

जे.एन.एस.यू का कहना है कि सीपीओ मैनुअल छात्रसंघ के कामकाज और असहमति जताने के अधिकार को नियंत्रित नहीं कर सकता. जे.एन.एस.यू के पदाधिकारियों ने छात्रों से अपील की है कि वो प्रशासन की इस कार्रवाई के खिलाफ एकजुट हों और छात्र राजनीति एवं अभिव्यक्ति की आज़ादी की रक्षा करें।

## श्री हरि धाम बाबा सेवा समिति की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** माघी पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व के अवसर पर पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा श्री हरि धाम बाबा सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व श्री हरि धाम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी विनयानंद गिरि जी महाराज ने किया। संगम क्षेत्र में आयोजित इस भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, साधु-संतों एवं आम जनमानस ने सुबह नौ बजे से शाम दस बजे तक निरंतर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

महामंडलेश्वर स्वामी विनयानंद गिरि जी महाराज ने माघी पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माघ मास में संगम पर किया गया स्नान, दान और सेवा जीवन को पवित्र करने वाला होता है। माघी पूर्णिमा का स्नान विशेष फलदायी माना गया है। इस दिन श्रद्धालु अपने समस्त पापों से मुक्त होकर मोक्ष की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने कहा कि भंडारा सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है, जिसमें सेवा भावना के साथ सभी को एक समान सम्मान दिया जाता है।

स्वामी विनयानंद गिरि जी ने बताया कि भंडारे का मुख्य उद्देश्य भूखे को भोजन, प्यासे को जल और जरूरतमंद को सहारा देना है।

उन्होंने कहा कि सेवा और दान से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। इसी भावना के साथ श्री हरि धाम बाबा सेवा समिति हर वर्ष माघ मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा में निरंतर जुटी रहती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि माघ मेले के दौरान संयम, स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखें तथा धर्म के मार्ग पर चलें।भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए उत्तम एवं सात्विक भोजन की व्यवस्था की गई थी। और सुबह नौ बजे से रात दस बजे तक निरंतर भंडारा चलता रहा।समिति के स्वयंसेवकों ने पूरी निष्ठा और श्रद्धा के साथ सेवा कार्य किया। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए विशेष ध्यान रखा गया, जिससे सभी को सुविधा पूर्वक प्रसाद प्राप्त हो सके। आयोजन स्थल पर स्वच्छता, पानी, बैठने और सुरक्षा की भी समुचित व्यवस्था की गई थी।कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। 'हर-हर महादेव' और 'गंगा मैया की जय' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। अंत में महामंडलेश्वर स्वामी विनयानंद गिरि जी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं के सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि सेवा ही सच्ची साधना है और इसी से समाज का कल्याण संभव है।मंगल पटेल, योगेश वर्मा, पन्ना लाल कुशवाहा, अमृत लाल शर्मा, रविंद्र कुशवाहा, कृष्ण अवतार पटेल,आशा शर्मा, रवि शंकर शर्मा, विमल, विश्वकर्मा, ननकू लाल विश्वकर्मा समस्त सदस्य सहयोग में रहे।

## बिहार की राजधानी पटना अमीरी में अव्वल, सबसे गरीब जिला कौन? आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 रैंकिंग जारी

**● बिहार के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में राज्य के अमीर और गरीब जिलों की जानकारी सामने आई है. बताया जाता है कि जिलों की संपन्नता का आकलन पेट्रोन-डीजल और एलपीजी की खपत के आधार पर किया है, जिसमें प्रति व्यक्ति लघु बचत को भी जोड़ा जाता है**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में राज्य के अमीर और गरीब जिलों की जानकारी सामने आई है.आर्थिक सर्वेक्षण में पटना का जलवा देखने को मिला. पटना बिहार राज्य का सबसे अमीर जिला बना है जबकि सबसे गरीब जिला शिवहर को बताया गया है. वहीं आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 की रिपोर्ट के अनुसार बिहार की औसत प्रति व्यक्ति आय अब 76,490 रुपये हो गई है।

सोमवार को बिहार का आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश किया गया, जिसमें बिहार की अर्थव्यवस्था और जिलों की संपन्नता की जानकारी दे गई. बिहार के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 की रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी पटना प्रदेश का सबसे अमीर जिला बनकर उभरा है. वहीं, विकास की दौड़ में शिवहर सबसे निचले पायदान पर है. रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि पटना की प्रति व्यक्ति आय, शिवहर के मुकाबले लगभग छह गुना से भी ज्यादा है, जो राज्य के भीतर मौजूद आर्थिक असमानता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

**कैसे किया आकलन? पटना सभी में अव्वल**

बताया जाता है कि जिलों की संपन्नता का आकलन पेट्रोन-डीजल और एलपीजी की खपत के आधार पर किया है, जिसमें प्रति व्यक्ति लघु बचत को भी जोड़ा जाता है. आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26, पेट्रोल की खपत के मामले में पटना, मुजफ्फरपुर और पूर्णिया क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर है. वहीं डीजल की खपत में पटना, शेखपुरा और औरंगाबाद शीर्ष स्थान पर है. सर्वेक्षण में बताया गया कि सबसे कम पेट्रोल की खपत वाले जिलों में लखीसराय, बांका और शिवहर शामिल हैं जबकि डीजल की सबसे कम खपत शिवहर, सीवान और कैमूर में दर्ज की गई है।

वहीं एलपीजी की खपत के मामले में पटना, बेगूसराय और गोपालगंज सबसे आगे हैं, जबकि अररिया, बांका और मधेपुरा में खपत सबसे कम पाई गई. आर्थिक सर्वेक्षण के ये आंकड़े बिहार के भीतर विकास की असमानताओं को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं. सर्वेक्षण में प्रति व्यक्ति आय के आधार पर राज्य के सभी 38 जिलों की रैंकिंग जारी की गई है।

**प्रति व्यक्ति आय में पटना अव्वल**

वहीं आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 की रिपोर्ट के अनुसार बिहार की औसत प्रति व्यक्ति आय अब 76,490 रुपये हो गई है. प्रति व्यक्ति आय के आधार पर जिलों की रैंकिंग में पटना सबसे आगे है. उन आकंड़ों के मुताबिक़ सबसे अमीर जिलों में पटना में प्रति व्यक्ति आय 1,31,332 रुपये, बेगूसराय का 61,566 रुपए, मुंगेर का 54,469 रुपए और सबसे गरीब जिलों में शिवहर है जिसका प्रति व्यक्ति आय 18,980 रुपया, अररिया का 19,795 रुपया और सीतामढ़ी का 21,448 रुपया प्रति व्यक्ति आय है।

## नरवणे की 'अनपब्लिश्ड' किताब पर संसद में रार, राहुल के बयान को लोकसभा रिकार्ड से हटाया गया

**● राहुल गांधी के भाषण पर लोकसभा में भारी हंगामा हुआ. चीनी घुसपैठ और जनरल नरवणे की किताब का जिक्र करते हुए राहुल ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला. राहुल के कई बयान रिकॉर्ड से हटाए गए**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी के बयान पर जबरदस्त हंगामा हो गया. हंगामे की वजह पूर्व सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे की किताब थी, जो अभी तक प्रकाशित नहीं हुई है. इस किताब का हवाला देकर राहुल ने मोदी सरकार पर हमला बोला. इस दौरान उन्होंने चीनी घुसपैठ का भी मुद्दा उठाया, जिसका जिक्र नरवने की किताब में किया गया है इस दौरान राहुल ने राहुल ने पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए कुछ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, जिसे लोकसभा रिकार्ड से हटा दिया गया. इसके अलावा राहुल राहुल ने ये भी कहा कि नरवणे ने प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ के चरित्र के बारे में भी किताब में लिखा है. इस लाइन को भी लोकसभा रिकार्ड से हटाया गयौ।

**राहुल गांधी ने क्या कहा?**

राहुल गांधी ने संसद में कहा कि प्रधानमंत्री जी हमारी पार्टी पर, हमारी पार्टी के चरित्र पर, हमारी राष्ट्रीयता और विपक्ष के सदस्यों की राष्ट्रीयता पर सवाल उठाते हैं. मगर जनरल नरवणे ने प्रधानमंत्री और राजनाथ सिंह जी के चरित्र के बारे में लिखा है. राहुल के इस बयान के बाद संसद में हंगामा शुरू हो गया. राहुल द्वार कही गई इस लाइन को रिकॉर्ड से हटा दिया गयौ।

**देश की सुरक्षा पर PM मोदी और गृह मंत्री चुप क्यों?**

संसद में राहुल ने कहा कि देश की सुरक्षा का मुद्दा सबसे बड़ा मुद्दा है. देश की सुरक्षा पर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह चुप क्यों हैं? राजनाथ सिंह को नरवणे की बात पता थी. नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश की सुरक्षा पर चर्चा होनी चाहिए.

राहुल के बयान पर राजनाथ सिंह ने कहा कि जो किताब पब्लिश ही नहीं हुई, उसका जिक्र ही क्यों, उसमें क्या लिखा है, ये कैसे पता? इस मुद्दे पर संसद में हंगामा चलता रहा. बाद में कार्यवाही अगले दिन (मंगलवार) तक के लिए स्थगित कर दी गईं।

## समाज कल्याण विभाग के अनुदानित विद्यालयों के शिक्षकों की नियुक्तियां संदेह के घेरे में, प्रयागराज मंडल के जिलों में होगी जांच

**● गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़ और बलिया जनपद में गड़बड़ी के खुलासे के बाद उठाया गया कदम**

**हर जिले के बीएसए करेंगे जांच, एसीएस समाज कल्याण ने एसीएस बेसिक शिक्षा को लिखा पत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** बलिया, मऊ, आजमगढ़ और गाजीपुर जनपदों में समाज कल्याण विभाग के अनुदानित विद्यालयों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई। बगैर मान्यता विद्यालय के संचालन के साथ शिक्षकों की नियुक्तियों में अनियमितता पकड़ी गई। भले ही इन मामलों में जांच चल रही हो, लेकिन अब पूरे प्रदेश में इन विद्यालयों की व्यवस्था संदेह के घेरे में आ गई है।

**प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशांबी व फतेहपुर में जांच**

शासन अब प्रयागराज मंडल के प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशांबी और फतेहपुर समेत सभी जिलों के अनुदानित विद्यालयों की जांच कराने जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव एल. वेंकटेश्वर लू ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों से इसकी जांच कराने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।

**गरीब परिवारों के बच्चों को निश्शुल्क मिलती है शिक्षा**

समाज कल्याण विभाग की ओर से गरीब परिवारों के बच्चों को निश्शुल्क प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए यह विद्यालय खोले गए थे। निजी प्रबंध तंत्र की देखरेख में चलने वाले इन विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति शासन के अनुमोदन के बाद होती है।

**प्रयागराज मंडल में 32 विद्यालय संचालित**

प्रयागराज मंडल में ही विभाग के 32 विद्यालय संचालित हैं। इनमें सबसे अधिक 26 स्कूल प्रयागराज में हैं। वहीं प्रतापगढ़ में चार तो कौशांबी व फतेहपुर में एक-एक विद्यालय है। इन चारों जनपदों के 32 विद्यालयों में पंजीकृत 2197 छात्र-छात्राएं को पढ़ाने के लिए 69 शिक्षक नियुक्त हैं। यह विद्यालय और उनमें तैनात शिक्षक भी जांच के दायरे में आ गए हैं।

**शिक्षकों की नियुक्तियों की होगी जांच**

इन स्कूलों की मान्यता, नियमों व शर्तों के अनुपालन के साथ मौजूदा समय में कार्यरत शिक्षकों की नियुक्तियों की जांच भी होगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी यह जांच करेंगे। उपनिदेशक समाज कल्याण सुधीर कुमार ने बताया कि कई जनपदों में विभाग के अनुदानित विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति समेत अन्य गड़बड़ी सामने आई थी। इसी के बाद अब सभी जिलों के अनुदानित विद्यालयों की जांच कराई जा रही है। इसका आदेश आ गया है।

**ऐसे ही नहीं गहराई अनियमितताओं की आशंका**

समाज कल्याण विभाग के अनुदानित विद्यालयों में अनियमितताओं की शिकायत लगातार हो रही थी। इसी बीच वर्ष 2019 में मुंगराबादशाहपुर की विधायक विधायक सुषमा पटेल ने यह मुद्दा विधानसभा में उठा दिया। इस पर आजमगढ़, मऊ, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, लखनऊ में विभाग के विद्यालयों की जांच हुई। जांच के दौरान गाजीपुर में 13, आजमगढ़ में 42 और मऊ में 40 शिक्षकों की नियुक्ति में गड़बड़ी मिली।

**कुछ नियुक्तियां का शासन से अनुमोदन नहीं**

कुछ नियुक्तियां शासन से अनुमोदन लिए बगैर हुई थीं तो कुछ के नियुक्ति पत्र ही बेसिक शिक्षा से जारी नहीं हुए थे। इसके बाद वर्ष 2024 में बलिया में ऐसी गड़बड़ी मिली। यहां महामना मालवीय अनुसूचित



जाति प्राथमिक पाठशाला जकरिया, रसड़ा के शिक्षकों ने वेतन व अन्य देयकों को लेकर उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। इसमें दावा किया कि शिक्षा अधिनियम-1772 के तहत उनके विद्यालय को मान्यता मिली है। जबकि, शिक्षा अधिनियम ही 1972 में आया था। गहराई में जाकर मामले की जांच हुई तो पता चला कि न विद्यालय मान्यता प्राप्त है और न शिक्षकों की नियुक्ति का कोई अनुमोदन।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएवी जूनियर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन



**हजारीबाग, झारखंडः-** डीएवी जूनियर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्य स्तर की स्केटिंग प्रतियोगिता में अविशा ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है जिसका आयोजन रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने किया था और राष्ट्रीय स्तर पर भी उसने एक रजत पदक जीता है और एक सीबीएसई द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भी कांस्य पदक प्राप्त किया है। गुंजन ने भी रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राज्य स्तर प्रतियोगिता में एक स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता है। ज्योति कुमारी ने भी राज्य स्तर पर एथलेटिक्स (लॉन्ग जम्प) में रजत पदक जीता है। अविनाश ने भी राज्य स्तर पर एथलेटिक्स (जैवलिन थ्रो) में रजत पदक जीता है। आराध्या ने भी राज्य स्तर पर अस्मिता टूर्नामेंट (बैडमिंटन) में कांस्य पदक जीता। विराट ने भी चेस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। इन सभी विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूल ने सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेकानंद चौधरी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता निरंतर अभ्यास और अनुशासन का परिणाम है।

### 4 फरवरी को देवरिया आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य, करेंगी जनसुनवाई

**देवरिया।** महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग की सदस्य 4 फरवरी 2026 को जनपद देवरिया के भ्रमण पर रहेंगी। जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल सोनकर ने बताया कि आयोग की सदस्य 11 बजे से 2 बजे तक महिला जनसुनवाई करेंगी। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, भरण-पोषण, दहेज उत्पीड़न सहित अन्य महिला संबंधी मामलों की सुनवाई की जाएगी। प्राप्त शिकायतों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला कल्याण से जुड़े विभागों का निरीक्षण भी किया जाएगा और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जिला प्रशासन ने जनपद की महिलाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी समस्याएं आयोग के समक्ष रखें। प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### मोमोज की लत बनी बड़ी भूल, नाबालिग ने 80 लाख के जेवर दुकानदार को सौंपे

**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां मोमोज खाने की आदत एक नाबालिग के लिए भारी पड़ गई। ग्राम भगवानपुर तिवारी निवासी विमलेश मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके नाबालिग बेटे ने मोमोज खाने के लिए घर में सुरक्षित रखे सोने-चांदी के कई आभूषण मोमोज बेचने वाले दुकानदार को दे दिए। आभूषणों की कीमत करीब 80 लाख रुपये बताई जा रही है। जब परिजनों को जेवरात गायब होने की जानकारी हुई तो खोजबीन शुरू की गई, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और संबंधित दुकानदार समेत दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

### लूट की घटना का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, नकदी व मोबाइल बरामद

**देवरिया।** जनपद के लार थाना पुलिस ने लूट की एक घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खेमादेई मंदिर के पास से तीनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से लूट का एक मोबाइल फोन, 5670 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि 29 दिसंबर 2025 को वादी से मारपीट कर 18,500 रुपये और मोबाइल लूट लिया गया था। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना लार के उपनिरीक्षक व कांस्टेबल शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार द्वारा 13 फरवरी को भव्य फाल्गुन निशान पूजा एवं भजन संध्या का आयोजन

**●फाल्गुन मास में बाबा श्याम की भक्ति से सराबोर होगा हजारीबाग, अग्रसेन भवन में सजेगा दिव्य आयोजन**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** फाल्गुन मास के पावन अवसर पर बाबा श्याम के भक्तों के लिए हजारीबाग में एक अत्यंत भव्य, दिव्य एवं भक्तिमय आयोजन होने जा रहा है। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा श्री श्याम फाल्गुन निशान पूजा का भव्य आयोजन 13 फरवरी, शुक्रवार को अग्रसेन भवन परिसर में किया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4:15 बजे होगा, जिसमें श्रद्धा, भक्ति और भव्यता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। आयोजन के दौरान बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करते हुए अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में डूब जाएगा। भजन संध्या के दौरान फूलों की होली, इत्र की वर्षा, अखंड ज्योत प्रज्वलन एवं विधिवत भोग अर्पण के साथ बाबा श्याम की भव्य आराधना की जाएगी। कार्यक्रम स्थल को विशेष रूप से सजाया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और अलौकिक अनुभूति का अनुभव हो सके। फाल्गुन महीना बाबा श्याम की भक्ति के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि इस पावन मास में बाबा श्याम अपने भक्तों पर विशेष कृपा बरसाते हैं। इसी कारण देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी फाल्गुन मास के दौरान बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करते हुए भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए हजारीबाग में यह दिव्य आयोजन आयोजित किया जा रहा है, जो श्याम भक्तों के लिए आस्था और भक्ति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। इस संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के नौ समर्पित सदस्यों की एक छोटी टीम लेकिन अत्यंत निष्ठावान टीम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह टीम समय-समय पर बाबा श्याम से जुड़े धार्मिक, भक्ति एवं सामाजिक आयोजनों का सफलतापूर्वक संचालन करती रही है। आयोजन को और अधिक भव्य एवं दिव्य स्वरूप प्रदान करने में श्री श्याम परिवार तुलसी धाम, कोलकाता का विशेष सहयोग एवं आशीर्वाद भी प्राप्त हो रहा है, जिससे कार्यक्रम की आध्यात्मिक गरिमा और अधिक बढ़ गई है। आयोजन समिति की ओर से समस्त श्याम प्रेमियों, श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस भक्तिमय आयोजन में सहभागी बनें। बाबा श्याम के भजनों, कीर्तन और आराधना के माध्यम से यह आयोजन श्रद्धालुओं को न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करेगा, बल्कि प्रभु श्याम के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट करने का एक अनुपम अवसर भी देगा। बाबा श्याम की कृपा और आशीर्वाद से यह आयोजन हजारीबाग के धार्मिक आयोजनों में एक विशेष स्थान प्राप्त करेगा।

## बोर्ड परीक्षा से पहले सुदामा यादव ने बढ़ाया छात्रों का मनोबल



परीक्षा धैर्य और एकाग्रता का भी परीक्षण है, हिम्मत से आगे बढ़ें : सुदामा यादव

**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदामा यादव ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें तनावमुक्त होकर परीक्षा देने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि छात्रों ने पूरे वर्ष मेहनत से तैयारी की है और उन्हें विश्वास है कि सभी परीक्षार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। सुदामा यादव ने बताया कि बोर्ड परीक्षा केवल शैक्षणिक ज्ञान का ही नहीं, बल्कि धैर्य, एकाग्रता, समय प्रबंधन और साहस का भी परीक्षण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे आत्मविश्वास के साथ, पूर्ण एकाग्रता बनाए रखते हुए और बिना किसी तनाव के परीक्षा में सम्मिलित हों। साथ ही अभिभावकों व शिक्षकों से भी अनुरोध किया कि वे बच्चों का मनोबल बढ़ाएं, ताकि सभी छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

## यूथ कांग्रेस हजारीबाग जिला अध्यक्ष मो जाविर ने केंद्रीय बजट को बताया जनविरोधी

**●युवाओं, किसानों और गरीबों को निराश करने वाला बजट, बेरोजगारी पर सरकार मौन : मो जाविर**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** यूथ कांग्रेस हजारीबाग के जिला अध्यक्ष मो जाविर ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट की कड़ी आलोचना करते हुए इसे जनविरोधी बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता और विशेष रूप से युवाओं, किसानों, मजदूरों, गरीबों और मध्यम वर्ग को इससे कोई ठोस राहत नहीं मिली है। मो जाविर ने कहा कि देश का युवा आज बेरोजगारी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है, लेकिन बजट में स्थायी रोजगार को लेकर कोई ठोस योजना नहीं दिखाई देती। सरकार हर साल नए रोजगार देने के दावे करती है, लेकिन बजट में इसके लिए स्पष्ट रोडमैप का अभाव है। इससे युवाओं में गहरी निराशा और असंतोष है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है, लेकिन बजट में महंगाई पर नियंत्रण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं आम जनता की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं, फिर भी सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए मो जाविर ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है, लेकिन बजट में किसानों को सीधी राहत देने वाला कोई प्रावधान नहीं किया गया। एमएसपी को कानूनी दर्जा न दिए जाने से किसानों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों के लिए बजट में अपेक्षित वृद्धि नहीं की गई है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग को भविष्य में और कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। छात्रों की फीस, किताबें और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पहले से ही महंगी है, लेकिन सरकार ने इस दिशा में कोई राहत नहीं दी।

## बजट में गरीब, किसान और युवाओं की उपेक्षा, महंगाई-बेरोजगारी पर सरकार चुप : अजय प्रजापति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ हजारीबाग के जिला अध्यक्ष अजय प्रजापति ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट की कड़ी आलोचना करते हुए इसे निराशाजनक और जनविरोधी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता और विशेष रूप से ओबीसी वर्ग, गरीब, किसान, मजदूर, छात्र एवं बेरोजगार युवाओं को इससे कोई ठोस लाभ नहीं मिला है। अजय प्रजापति ने कहा कि बजट में महंगाई और बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर कोई ठोस समाधान नहीं दिया गया है। रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन आम लोगों को राहत देने के लिए सरकार की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने वाला है, जबकि आम जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया। न तो ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति बढ़ाई गई और न ही स्वरोजगार एवं रोजगार सृजन के लिए कोई ठोस योजना लाई गई। इससे ओबीसी समाज में निराशा का माहौल है। किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए अजय प्रजापति ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात तो करती है, लेकिन बजट में न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने की कोई घोषणा नहीं की गई। खाद, बीज, डीजल और बिजली की बढ़ती कीमतों से किसान पहले से ही परेशान हैं, लेकिन बजट में उनकी समस्याओं का कोई स्थायी समाधान नहीं दिखता। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के नाम पर केवल घोषणाएं की गई हैं, लेकिन स्थायी और सम्मानजनक रोजगार को लेकर कोई ठोस नीति सामने नहीं आई है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों के बजट में अपेक्षित वृद्धि न होने से आम जनता को भविष्य में और कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

## झारखंड राज्य ओपन कराटे चैंपियनशिप में द कोबरा कराटे अकादमी का दबदबा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-**ताना भगत इंडोर स्टेडियम, खेल गांव, रांची में आयोजित 4था झारखंड स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप और सीनियर एवं अंडर 21 स्टेट कराटे चैंपियनशिप में हजारीबाग स्थित द कोबरा कराटे अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अकादमी के खिलाड़ियों ने कुल 30 पदक जीते, जिसमें 14 स्वर्ण, 13 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। अकादमी के फाउंडर और हेड कोच सेम्पी चंद्र प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि यह जीत उनके खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। स्वर्ण पदक विजेताओं में चंद्र प्रकाश उपाध्याय सीनियर मेल काता, मंदाकिनी यादव कैडेट फीमेल काता और कुमिते 52 किग्रा, प्रांजल कुमार 12 वर्ष मेल काता और कुमिते +45 किग्रा, शिवा यादव 7 वर्ष मेल काता और कुमिते -30 किग्रा, मनीष राज अंडर 21 मेल काता, प्रियंका कुमारी अंडर 21 फेमेल काता और कुमिते -50 किग्रा, संध्या कुमारी सीनियर फेमेल कुमिते 55 किग्रा, कार्तिक राज गुप्ता 8 वर्ष मेल कुमिते 35 किग्रा, प्रांजल श्रीवास्तव 10 वर्ष मेल कुमिते + 40 किग्रा, और कुमार उज्जवल कैडेट मेल कुमिते -60 किग्रा शामिल हैं। रजत पदक विजेताओं में प्रमोद यादव सीनियर मेल काता और कुमिते -55 किग्रा, मनीष राज सीनियर मेल कुमिते -60 किग्रा, संध्या कुमारी सीनियर फीमेल काता, कार्तिक राज गुप्ता 8 साल मेल काता, प्रांजल श्रीवास्तव (10 साल मेल काता, वैष्णवी सिन्हा अंडर 21 फीमेल काता और कुमिते -55 किग्रा, विवेक विश्वकर्मा अंडर 21 मेल कुमिते -60 किग्रा, अंजलि कुमारी जूनियर फीमेल कुमिते +65 किग्रा, अभिजीत कुमार(कैडेट मेल काता और कुमिते -55 किग्रा) और स्वस्तिका गुप्ता 10 साल फीमेल कुमिते +40 किग्रा। ब्रॉन्ज मेडल विजेताओं में भूवंश अमित रावल 7 साल मेल कुमिते -25 किग्रा, मनीष राज अंडर 21 मेल कुमिते -60 किग्रा) और अंजलि कुमारी (जूनियर फीमेल काता, सेम्पी चंद्र प्रकाश उपाध्याय ने अपने माता-पिता और कोच सेंसेई शशि पांडेय और डॉ. रवींद्र कुमार मिश्रा को इस जीत का श्रेय दिया। साथ ही बताया की वे और उनके साथ सीनियर वर्ग के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी 26 फ़रवरी से 1 मार्च तक होने वाले सीनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2026 जो नयी दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के द्वारा आयोजित की जाएगी के लिए हो गया है, ये सभी खिलाड़ी वहा पे अपना दम खम दिखाएंगे और झारखण्ड राज्य का नाम रोशन करके आएंगे। इस शानदार प्रदर्शन के साथ, द कोबरा कराटे अकादमी ने एक बार फिर अपनी ताकत और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अकादमी के खिलाड़ियों का भविष्य उज्ज्वल है, और वे आने वाले समय में और भी बड़े पदक जीतने के लिए तैयार हैं।

## कारीमाटी में वैदिक श्री श्री 1008 श्री रुद्रमहायज्ञ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम कारीमाटी में आयोजित वैदिक श्री श्री 1008 श्री रुद्रमहायज्ञ एवं सत्संग प्रवचन कार्यक्रम के अवसर पर भव्य एवं आकर्षक कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव द्वारा मेन कलश प्रदान कर की गई। उनके द्वारा विधिवत रूप से कलश यात्रा का शुभारंभ किए जाने के साथ ही पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बन गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सिर पर कलश धारण किए श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयघोष करते हुए यात्रा में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों, शंखध्वनि और हर-हर महादेव के उद्घोष से पूरा इलाका धार्मिक, आध्यात्मिक और भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रमुख मनोज रजक, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, दुलमहा पंचायत मुखिया नारायण यादव, बरसोत पंचायत मुखिया मोतीलाल चौधरी, पंचायत समिति प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, युवा नेत्री पूनम यादव, जेएलकेएम नेता कृष्णा यादव एवं संजय यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाराज सेवा समिति, कारीमाटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति के अध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव, सचिव संजय यादव एवं कोषाध्यक्ष विजय कुशवाहा के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अतिथियों और श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, संस्कार, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। साथ ही ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ लोगों को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं।

## माघ पूर्णिमा पर संकट मोचन धाम पथरोल में भजन-संध्या, महाआरती व खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाथरोल, करौं, देवघर, झारखंडः-** सिद्ध पीठ पथरोल के कालीधाम स्थित संकट मोचन धाम में रविवार देर शाम माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य भजन संध्या, हनुमान जी की महाआरती तथा खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। वर्ष 2002 से यहां प्रत्येक पूर्णिमा को भक्तों के सहयोग से महाआरती, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण की परंपरा निरंतर निभाई जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी गोतम पाठक द्वारा हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई। इसके बाद भजन गायक लालटू पाल और रामजी रवानी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। वहीं संगीत में सुरेन दास, दिनेश दास, जटाशंकर राउत व डब्लू समेत अन्य कलाकारों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। मंदिर प्रबंधक श्री पाठक ने बताया कि पूर्णिमा के दिन भजन-कीर्तन और खिचड़ी प्रसाद वितरण भक्तों के स्वैच्छिक सहयोग से होता है। यह परंपरा वर्षों से बिना रुके जारी है, जिसमें ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। मौके पर संतोष पांडेय, महेंद्र तिवारी, विकास पोद्दार, संदीप साह, सुशील सिंह, गंभीर कुमार, किशुन साह, रमन कुमार सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के माधो मंडल, कारू रवानी, उपेंद्र रवानी, सुरेंद्र दास, अजय रवानी, दिनेश दास, नरेश रजवार, राजकिशोर, गुणधार मंडल, महेंद्र विश्वकर्मा, कामदेव रवानी, सुशील सिंह, कामदेव महतो, गुड्डा पंडित, उमा रवानी, पंचु शर्मा, बलदेव रवानी, रवि रवानी, राजेश रवानी, सुधीर महतो, मनोज यादव, जटाशंकर राउत, हीरो यादव, बरूण बावरी, होली मंडल व अन्य ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। माघ पूर्णिमा का यह भव्य आयोजन आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा, जिसमें सभी भक्तों ने भजन-कीर्तन का आनंद लिया और महाप्रसाद ग्रहण किया।

### सखनी ताल से गूंजा संरक्षण का संदेश, छात्रों ने रैली निकालकर जगाई पर्यावरण चेतना



**देवरिया।** विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर पथरदेवा क्षेत्र के ऐतिहासिक सखनी ताल पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक वानिकी प्रभाग देवरिया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 'आर्द्रभूमि और पारंपरिक ज्ञान' विषय पर विशेष जोर दिया गया। सेन्ट्रल पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का महत्व बताया। छात्रों ने स्लोगन लिखी तख्तियों के माध्यम से वेटलैंड बचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बर्ड वॉचिंग भी कराई गई, जिसमें बच्चों ने दूरबीन से स्थानीय व प्रवासी पक्षियों का अवलोकन किया। अधिकारियों ने बताया कि आर्द्रभूमियां जल शुद्धिकरण, बाढ़ नियंत्रण, भू-जल संरक्षण और जैव विविधता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सेवा सप्ताह के तहत बेंदगी शिव मुहल्ला में संघ स्वयंसेवकों ने चलाया संपर्क अभियान

**●बच्चों की शिक्षा और संस्कार पर दिया गया जोर, घर-घर जाकर किया गया जागरूक**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** जो अनपढ़ हैं उन्हें पढ़ाएं, जो चुप हैं उन्हें वाणी दें, पीछे रह गए जो उन्हें आगे बढ़ाएं और समरसता का भाव जगाएं – इस विचार को चरितार्थ करते हुए बेंदगी शिव मुहल्ला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों के माध्यम से बाल संस्कार केन्द्र का सफल संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांतीय सेवा कार्यविभाग की वार्षिक योजना के तहत सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस पर सेवा मुहल्ला संपर्क अभियान का आयोजन किया गया। यह संपर्क अभियान बरही मंडल के अंतर्गत रसोईया धमना विवेकानंद शाखा की ओर से चलाया गया, जिसमें बेंदगी शिव मुहल्ला हरिजन टोला के कई घरों में स्वयंसेवकों ने जाकर संपर्क किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति का आकलन करना तथा अभिभावकों को शिक्षा और संस्कार के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान के दौरान योगाचार्य ईन्द्रदेव गुप्ता, क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव एवं अजित कुमार ने घर-घर जाकर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अभिभावकों से संवाद करते हुए बच्चों को नियमित शिक्षा, नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया और बाल संस्कार केन्द्र के माध्यम से शिक्षा के क्रियान्वयन के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने बताया कि बाल संस्कार केन्द्र के माध्यम से बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन, सामाजिक समरसता, नैतिकता और राष्ट्रभक्ति जैसे मूल्यों का विकास किया जा रहा है। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इसे उपयोगी बताया।

## स्वच्छ पेयजल के अभाव में टोला वासियों को गंदे और अधूरे कूप से पानी पीने की मजबूरी : महिलाएँ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** जल प्रकृति प्रदत्त एक महत्वपूर्ण तरल पदार्थ है, जिसकी आवश्यकता मानव के साथ सभी जीवधारियों को होती है। किंतु पंचायत प्रतिनिधियों तथा जल एवं स्वच्छता विभाग की उपेक्षा के कारण आज भी कई ग्रामीणों और टोला वासियों को स्वच्छ तथा सुविधाजनक पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप वे दूषित जल पीने को मजबूर हैं। बताया जाता है कि पाकुड़िया प्रखंड के बीच पहाड़ी पंचायत अंतर्गत तेंगुड़िया ग्राम में, पाकुड़िया-राधानगर पी.डब्ल्यू.डी. मुख्य सड़क के निकट तृपतिया नदी तट पर बसे राय टोला के लोगों को अधूरे एवं गंदे निजी कूप का पानी पीना पड़ रहा है। यह जानकारी टोले की महिलाओं ने शुक्रवार को दी। आक्रोशित महिलाओं ने बताया कि वर्षों से वे इसी नदी के किनारे स्थित प्राकृतिक झरने का स्वच्छ जल पीती आई हैं, किंतु पिछले वर्ष पक्का चेक डैम निर्माण के दौरान आमकोना के ठेकेदार नेजाम अंसारी द्वारा उस झरने को ध्वस्त कर दिया गया। महिलाओं के अनुसार ठेकेदार ने उन्हें धमकी भी दी कि 'तुम लोग कुछ नहीं कर सकते हो।' लगभग दो महीने पूर्व पूर्ण किए गए चेक डैम के स्थल निरीक्षण के दौरान महिलाओं ने बताया कि झरने के स्थान पर पक्के कूप जैसा निर्माण कर दिया गया है, जिसमें नदी का जल जमा रहता है, परंतु वह जल पीने योग्य नहीं है। महिलाओं का कहना है कि सरकारी नल-कूप इस टोले में कम हैं और जो हैं, वे भी ठीक से पानी नहीं देते। उन्हें दूर-दराज के स्थानों से पानी लाकर पीना पड़ता है। टोले में एक अधूरा निजी कूप भी है, जिसमें पौधे उग आने के कारण उसका पानी भी दूषित हो चुका है, परंतु मजबूरन वही पीना पड़ता है। आक्रोशित महिलाओं ने कहा कि 'वोट लेने सभी आते हैं, परंतु साफ जल की व्यवस्था करने में सभी कन्नी काट जाते हैं।'

# पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के मुख्य आतिथ्य में सेलिब्रेटिंग कल्चरल हेरिटेज’ की थीम पर नेचर एण्ड बर्ड फेस्टिवल हुआ आयोजित

### ●पर्यटन मंत्री ने ललितपुर-झांसी की 24 करोड़ रुपए की पर्यटन विकास योजनाओं का किया लोकार्पण

### महावीर स्वामी वन्य जीव अभ्यारण्य हुआ गुलजार, विभिन्न विभागों के मंत्री-अधिकारी और प्रकृति प्रेमी कार्यक्रम में हुए शामिल

### ‘वन डिस्ट्रिक्ट, वन वेटलैंड’ के लक्ष्य की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश- जयवीर सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** सोमवार को विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर ललितपुर के देवगढ़ स्थित महावीर स्वामी वन्यजीव अभ्यारण में नेचर एण्ड वर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जहां उ0प्र0 शासन के मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना एवं राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और झांसी-ललितपुर क्षेत्र में 24 करोड़ से अधिक की पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों ने आयोजन स्थल से पहले बनाए गए बर्ड विलेज में ठहरकर प्रकृति के लुभावने दृश्यों का आनन्द लिया, इसके बाद मुख्य आयोजन स्थल की ओर रवाना हुए। यहां पर उन्होंने सर्वप्रथम फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और 24 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का पट्टिकाओं का अनावरण कर लोकार्पण किया। उन्होंने परिसर में लगाये गए फोटो गैलरी, चित्र प्रदर्शनी व स्टॉलों का निरीक्षण कर सराहना की। उन्होंने मंच पर पहुंचकर मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया तत्तपश्चात प्रधान मुख्य वन संरक्षक/विभागाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, डीएफओ नवीन शाक्य सहित अन्य अधिकारीगणों ने मंत्रीगणों का बुके भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उ0प्र0 मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुश्वाहा, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, प्रमुख सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनिल कुमार सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधिगण, निदेशक इको पुष्प कुमार के0 सहित इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड, पर्यटन विभाग एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, प्रकृति प्रेमी, स्थानीय नागरिक, बर्डिंग एवं ट्रैकिंग से जुड़े विशेषज्ञ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के कलाकार उपस्थित रहे। राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत व सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी।

इसके उपरान्त कार्यक्रम में सारस गणना 2025 कॉफी टेबिल बुक व डॉक्यूमेन्ट्री का विमोचन किया गया, इसके बाद फोटोग्राफी, स्लोगन व चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन विभाग और





वन विभाग संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म को शिखर पर पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि वैश्विक इको पर्यटन मानचित्र पर बुंदेलखंड को विशिष्ट स्थान प्राप्त हो, बर्ड फेस्टिवल इसकी आधारशिला है।

मंत्री जयवीर सिंह ने आगे कहा कि श्ललितपुर का देवगढ़ क्षेत्र ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से अत्यंत समृद्ध है। यहां प्राचीन काल के जैन मंदिर, बौद्ध गुफाएं, दशावतार मंदिर के साथ-साथ बेतवा नदी के किनारे जैव-विविधता और वन्यजीवों के सरंक्षण का अद्भुत केंद्र है। केवल देवगढ़ ही नहीं पूरा ललितपुर पर्यटन आकर्षणों से भरा है। नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल के दौरान आमलोग पक्षियों को देख सकते हैं, प्रकृति के बीच भ्रमण कर सकते हैं तथा आर्द्रभूमि संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का हिस्सा बन सकते हैं।

**वन डिस्ट्रिक्ट, वन वेटलैंडश् की दिशा में बढ़ रहे**

पर्यटन मंत्री ने कहा कि इंटरनेशनल वेटलैंड डे पर जानकारी देते हुए हर्ष हो रहा है कि केंद्र सरकार की एक जनपद, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना और राज्य सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट, वन क्यूज़ीन योजना के बाद हम वन डिस्ट्रिक्ट, वन वेटलैंड की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड भविष्य के ब्रांड अंबेसडर भी तैयार कर रहा है। युवा टूरिज्म क्लबों के सदस्यों को विभिन्न अवसरों पर विस्टाडोम कोच, विभिन्न पक्षी विहारों सहित नजदीक प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराया जाता है। विद्यालयों में प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में प्रारंभिक स्तर से ही पर्यावरण संरक्षण और ईको टूरिज्म के प्रति जागरूकता विकसित की जा रही है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक जनपद के अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों का भी विकास किया जाए।

**रामसर साइट्स-टाइगर रिजर्व के पास पर्यटन विकास**

पर्यटन मंत्री ने कहा कि पिछले दिनों हुई संयुक्त बैठक में वन विभाग ने बताया कि अब तक 52 वेटलैंड सूचीबद्ध किए जा चुके हैं। यहां पर्यटन सुविधाओं के विकास पर सहमति बनी है। इस प्रदेश के प्रत्येक जिले पर्यटकों को आकर्षित करेंगे। दोनों विभागों के बीच प्रदेश की 11 रामसर साइट्स और 04 टाइगर रिजर्वों के आसपास पर्यटन सुविधाओं के विकास पर सहमति बनी है। उत्तर प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विभिन्न राज्यों और देशों के टूर ऑपरेटरों एवं यात्रा व्यवसायियों की फैम ट्रिप आयोजित की जा रही है। हाल में ही यूके, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से आए प्रतिनिधि न केवल राज्य के सौंदर्य से आकर्षित हुए, बल्कि उत्तर प्रदेश के डेस्टिनेशन को अपनी आइटनरी में शामिल भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड घरेलू और विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद बने। पर्यटन स्थलों और पर्यटकों की सुविधाओं पर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुण सक्सेना, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने कहा, नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल-2026 उत्तर प्रदेश की समृद्ध जैव-विविधता, पक्षी संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह उत्सव न केवल प्रदेश के वेटलैंड्स, वन क्षेत्रों और प्रवासी पक्षियों की महत्ता को रेखांकित करता है, बल्कि नागरिकों विशेषकर युवाओं को प्रकृति के संरक्षण के लिए जागरूक और प्रेरित भी करता है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को समृद्ध प्राकृतिक विरासत मिल सके।

**नदियां, वेटलैंड्स, प्रवासी पक्षी हमारी धरोहर**

वन मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि उत्तर प्रदेश की नदियां, वेटलैंड्स, वन क्षेत्र और प्रवासी पक्षी हमारी प्राकृतिक धरोहर हैं, जिनका संरक्षण आवश्यक है। नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल-2026 यह संदेश देता है कि विकास तभी सार्थक है जब वह प्रकृति के संतुलन के साथ हो। प्रदेश सरकार जैव-विविधता संरक्षण, पक्षी आवासों के संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है।

इसके अलावा कार्यक्रम में राज्यमंत्री, सदर विधायक, जिलाध्यक्ष भाजपा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों व अधिकारियों ने अपने सम्बोधन में जिले के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन व भावी पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके उपरान्त मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### गौसेवकों ने क्योलारी गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं की शिकायत की



**कोंच(जालौन)-** तहसील क्षेत्र के ग्राम क्योलारी में संचालित गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं की शिकायत करते हुए गौसेवकों ने एसडीएम से कार्यवाही किए, जाने की मांग की है। गौसेवक नितिन कुमार, बादल गौतम, संजय, दीपक, अमित, नितिन आदि ने सोमवार को एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में संचालित गौशाला में गौवंशों को सर्दी से बचाव के कोई इंतजाम नहीं हैं और न ही बीमार गोवंशो का समुचित इलाज कराया जा रहा है। साफ सफाई से लेकर चारा पानी का ही उचित प्रबंध नहीं है। गौसेवकों ने कहा कि बीमारी एवं भूख प्यास से जिन गोवंशो की मौत हो जाती है, उन्हें गड्ढा खुदवाकर उसमें डाल दिया जाता है लेकिन ऊपर से गड्ढे में मिट्टी नहीं डलवाई जाती है जिससे दुर्गंध फैलती रहती है। उन्होंने बताया कि करीब 3 माह पूर्व गौशाला में 150 गौवंश थे जो वर्तमान में 40-50 गौवंश ही बाकी रह गए हैं। मामले को लेकर गौसेवकों ने एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### एएसपी ने पैदल मार्च कर कानून व्यवस्था की परखी हकीकत



**कोंच(जालौन)-** अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार ने पुलिस फोर्स के साथ रविवार देर शाम कस्बे में पैदल मार्च किया। कोतवाली से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होते हुए सागर चौकी तक फुट पेट्रोलिंग की गई। रास्ते में एएसपी ने लोगों से संवाद स्थापित कर शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। पैदल मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने रास्ते में आने वाले प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। अधिकारियों ने दुकानदारों और आम नागरिकों से क्षेत्र की स्थिति के बारे में जानकारी ली और आश्वासन दिया कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एएसपी ने कहा, इस प्रकार के पैदल मार्च से पुलिस की उपस्थिति का संदेश आम जनता तक पहुंचता है और असामाजिक तत्वों में भी भय व्याप्त होता है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में भी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी ताकि जनसामान्य को सुरक्षा का अहसास हो सके। इस दौरान सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह, सुरही चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह, सागर चौकी प्रभारी सुमित पांडे सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### वरिष्ठजनों ने रैन बसेरा आवंटन करने की उठायी मांग



**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित श्री हनुमान मंदिर पर सीनियर सिटीजन की एक मीटिंग हुई। बैठक में यह तय किया गया कि सीनियर सिटीजन के लिए एक मीटिंग हॉल की व्यवस्था नगर पालिका अध्यक्ष से पुनः की जाए विगत वर्षो से इसके लिए मांग करते चले आ रहे हैं। लेकिन ईओ का इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि पूर्व जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने आदेश किया था की 3 महीने में वरिष्ठजन को रेन बसेरा कोतवाली के सामने आवंटित किया जाए, लेकिन अधिशासी अधिकारी की हठधर्मिता के चलते आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकती। इसलिए नए जिलाधिकारी से इस मांग को लेकर होना ज्ञापन दिया जाएगा और उनसे मांग की जाएगी की जाएगी। पुराने सारे आदेशों को लेकर फिर से अनुरोध किया जाएगा। एक और प्रस्ताव में मांग की गई की वर्तमान बजट में वृद्धजनों के लिए अतिरिक्त कोई सुविधा प्रदान नहीं की गई, जिसमें कोरोना कल से पहले वृद्ध जनों को सीनियर सिटीजन को रेल कंसेशन मिलता था, वह बंद कर दिया गया। अब फिर से वरिष्ठ जनों को रेल में छूट प्रदान की जाए तथा जो वृद्ध जनों की या सेवा में मृत लोग हैं। उनकी जमा पूंजी पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत ब्याज दिए हो इसकी भी मांग की गई। बैठक में जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, अशोक स्वर्णकार, गंधर्व सिंह लोधी, रमेश पाठक, राजाराम गोस्वामी, प्रमोद गोस्वामी, अरविंद कुमार संज्ञा, गिरजा शंकर दुबे, आत्माराम रिछारिया, मनजीत सिंह सरदार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अवैध रुपयों की मांग कर पति देता था ब्लैकमेल करने की धमकी

**महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम रोंडा में रहने वाली सीतू राजा पुत्री महेन्द्र सिंह बुन्देला ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका विवाह विगत 16 वर्ष पहले झांसी महानगर के नगरा के राजीव नगर निवासी उदय प्रताप सिंह परमार पुत्र जयपाल सिंह परमार के साथ हिन्दी रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ था। शादी के बाद उसे एक पुत्र तनिस राज भी है, जिसकी उम्र वर्तमान में 8 वर्ष है। सीतू राजा का आरोप है कि शादी के बाद से उसका पति आये दिन गाली-गलौज करते हुये मारपीट करता था, जिस कारण पति ने ही उसे करीब पांच वर्ष पहले पुत्र सहित घर से निकाल दिया था, जिसके बाद से अब तक वह अपने मायके ग्राम रोंडा में ही निवासरत है। बताया कि जब भी वह अपने ससुराल जाती है तो उसका पति गालियां देते हुये घर से निकाल देता है। अब वह मेहनत-मजदूरी करके अपना व बच्चे का भरण-पोषण करती है। यह भी बताया कि पति बार-बार फोन करके गालियां देता है और उसकी ननद शिल्पा राजा, ससुर जयपाल सिंह परमार, सास कृष्णा राजा एकराय होकर उसे प्रताड़ित करते हैं और उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। सीतू राजा का आरोप है कि पति द्वारा अवैध रुपयों की मांग की जाती है और पैसे न देने पर ब्लैकमेल करने की धमकी देते हुये पति द्वारा आत्महत्या करने की भी धमकी दी जाती है। पीड़िता सीतू राजा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पति समेत ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 352, 115 (2), 351 (2) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## खैरी गांव में नाला निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश, की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैरी में जिला पंचायत द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नाला निर्माण कार्य स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार न होकर मनमाने ढंग से दूसरी जगह कराया जा रहा है जिससे गांव की सड़कों, जल निकासी व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सोमवार को गांव के तमाम ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी एसडीएम को सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्ताव के अनुसार नाला निर्माण हुल्की माता मंदिर के तालाब से प्रारंभ होकर प्राथमिक विद्यालय होते हुए घनश्याम के खेत से बम्बा तक किया जाना था जिससे गांव की जल निकासी सुचारू हो सके और प्राथमिक विद्यालय में होने वाले जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। लेकिन वर्तमान में नाले का निर्माण ऐसे स्थान पर कराया जा रहा है जहां से पानी का निकास संभव ही नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के चलते गांव की मुख्य सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और पेयजल लाइनें टूट



रही हैं जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में इस संबंध में अधिकारियों को लिखित शिकायत दी जा चुकी है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो गांव की स्थिति और बिगड़ जाएगी जिसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। प्रभारी एसडीएम वीरेंद्र गुप्ता ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कराकर शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर आशीष कुमार, घनश्याम, अनन्तराम, दीपक कुमार, राघवेंद्र, सुमित कुमार, अमित मिश्रा, चेतन पचौरी, प्रताप सिंह, अनिल कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## सीएचसी ऑफिस में बैठकर टीम द्वारा निरीक्षण हुआ पूरा



**कोंच(जालौन)-** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने आई राज्य स्तरीय टीम ने स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक के ऑफिस में बैठकर निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति कर इतिश्री की। सोमवार को राज्य स्तरीय एक टीम दोपहर के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की हकीकत परखने के बजाय टीम ने स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक के ऑफिस में बैठकर स्टॉफ सदस्यों को वहीं पर बुलाकर उनसे गुफ्तगू की। मीडिया ने जब टीम से निरीक्षण के बाबत जानकारी लेनी चाही तो टीम ने कहा कि सीएमओ से जानकारी प्राप्त करें, टीम ने इतना जरूर कहा कि वह स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं से संतुष्ट हैं। अब सवाल यह है कि जब टीम ने स्वास्थ्य केंद्र का घूम कर निरीक्षण किया ही नहीं फिर संतुष्टि कैसी। इस दौरान टीम के अन्य सदस्यों सहित केंद्र अधीक्षक डॉ अनिल शाक्य और स्टॉफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## मुख्य बाजार में कूड़ा डालने पर व्यापारियों ने जताई नाराजगी

**आरआई/सफाई निरीक्षक ने मौके पर पहुंच कर व्यापारियों को किया शांत, हटवाया कूड़ा**

**कोंच(जालौन)-** बाजार क्षेत्र का कूड़ा इकठ्ठा कर सोमवार को एक दुकान के बाहर नगर पालिका कर्मचारियों ने डाल दिया जिस पर आसपास के दुकानदारों ने नाराजगी जताई और विरोध प्रदर्शन किया। कुछ देर बाद नगर पालिका के आरआई/ सफाई निरीक्षक मौके पर पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों को समझा बुझाकर शांत किया और दुकान के बाहर डाले गए कूड़े को मौके से हटवाया। सोमवार की सुबह नगर के रामगंज बाजार में स्थित ज्योति गारमेंट की दुकान के बाहर नगर पालिका कर्मचारियों ने बाजार क्षेत्र का कूड़ा इकठ्ठा कर जमा कर दिया। कुछ देर बाद दुकानें खुलने का समय हुआ तो दुकानदारों ने कूड़े का ढेर देखकर नाराजगी जताई और हंगामा करने लगे। दुकानदारों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता को मामले से अगवत कराया। पालिकाध्यक्ष ने तत्काल नगर पालिका आरआई व सफाई निरीक्षक सुनील कुमार को मौके पर भेजा उन्होंने दुकानदारों को समझा बुझाकर शांत कराया और नगर पालिका कर्मचारियों को बुलाकर मौके से कूड़ा हटवाया जिसके बाद दुकानदारों की नाराजगी खत्म हो सकी।

## जल संरक्षण को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** स्थानीय सेठ बद्री प्रसाद महाविद्यालय में संचालित एनएसएस योजना के तहत सोमवार को सामाजिक एवं सांस्कृतिक शिक्षा के अंतर्गत जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। महाविद्यालय के कॉर्डिनेटर कन्हैया नीखर, एनएसएस प्रभारी हरिशंकर निरंजन, कार्यवाहक प्राचार्य बृजेंद्र सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई संगोष्ठी में कॉर्डिनेटर ने एनएसएस स्वयंसेवकों को जल की बचत, उसके सही उपयोग, भावी पीढ़ी के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने के उपायों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और इसके संरक्षण से ही भविष्य सुरक्षित है। एनएसएस स्वयंसेवक आयन एवं प्रीति ने कहा कि यदि आज हम पानी एक एक बूंद बचाएंगे तभी आने वाली पीढ़ी को पर्याप्त जल मिल सकेगा। उन्होंने सभी से दैनिक जीवन में जल की बर्बादी रोकने की अपील की। एनएसएस प्रभारी ने कहा कि




संगोष्ठी का उद्देश्य जल के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर समाज में चेतना फैलाना है। इस दौरान उपस्थित सभी स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। संगोष्ठी में डॉ मनोज पटेल, डॉ सत्यप्रताप, तैयबा सिद्दीकी, पूनम देवी, जया सरोज, डॉ शिवम सिंह, इं. संतोष रायकवार, राधेश्याम पटेल, धर्मेंद्र पटेल, मनोज श्रीवास्तव, दिनेश बाबूजी, मनोहर प्रजापति, विवेक बाबू, राजकुमार, संदीप, संजय, कल्लू सिंह, नन्हे राजा आदि मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन सभागार में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

### ●जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ, एनसीसी कैडिट सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उरई(जालौन)-** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (1 जनवरी से 31 जनवरी 2026) का समापन सोमवार को समारोह पुलिस लाइन सभागार, उरई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता, दुर्घटनाओं में कमी और यातायात अनुशासन को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डा घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, जल शक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डा दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह सहित अनेक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सतत जन आंदोलन है। आमजन की सहभागिता, छात्र-छात्राओं की सक्रिय भूमिका तथा विभागीय समन्वय से ही









दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। यातायात नियमों के पालन को जीवन सुरक्षा का मूल मंत्र बताते हुए जागरूकता अभियानों को और मजबूत करने पर जोर दिया। पूरे माह यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता में एनएसएस व एनसीसी के छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा, जिसके परिणामस्वरूप जनवरी माह में सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। समारोह में सड़क सुरक्षा माह में सहयोग प्रदान करने वाले विभागों, स्टेक-होल्डर्स, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, वाहन विक्रेताओं/डीलरों तथा एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में उपस्थित सभी जनों को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाते हुए ‘‘राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह’’ का औपचारिक समापन किया गया। इस अवसर पर सुरेश कुमार, वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, चन्द्रप्रकाश, बेसिक शिक्षा अधिकारी, बीर बहादुर सिंह, यातायात प्रभारी, यूपीडा व एनएचएआई के पदाधिकारी, जनपद के वाहन विक्रेता/डीलर्स-टाटा, ट्योटा, जेएमके, टीवीएस, धुब्रतारा, हीरो, होण्डा आदि के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिले के पांच ब्लॉकों में मनरेगा रक्षा को लेकर प्रदर्शन

### ●महामहिम राष्ट्रपति को प्रदर्शन कर भेजा गया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** 20वें मनरेगा दिवस पर ललितपुर क्षेत्र के मनरेगा मजदूर एवं ग्रामीण नागरिक यह ज्ञापन गहरी चिंता के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 कोई योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों को प्राप्त काम का कानूनी अधिकार है। प्रस्तावित व्ही.बी. जीरामजी 2025 इस अधिकार को समाप्त कर मनरेगा को एक केन्द्र-नियंत्रित, बजट-आधारित योजना में बदल देता है। इससे मांग-आधारित रोजगार की गारंटी कमजोर होगी, ग्राम सभा की भूमिका घटेगी और मजदूरों की सौदेबाजी



शक्ति छिनेगी। यह बिल मजदूर-विरोधी तकनीकी हस्तक्षेपों जैसे ऐप-आधारित उपस्थिति, आधार-आधारित भुगतान, बायोमेट्रिक हाजिरी और डिजिटल निगरानी को कानूनी मान्यता देता है। ये व्यवस्थाएं डिजिटल रूप से दलित, आदिवासी, विकलांग, महिलाओं, भूमिहीन मजदूरों और बुजुर्गों को काम और मजदूरी से बाहर कर देंगी तथा जवाबदेही को इंसानों से हटाकर मशीनों पर डाल देंगी। खेती के मौसम में 60 दिन काम रोकने का प्रावधान, मजदूरी का बोझ राज्यों पर डालना और मजदूर एवं जन संगठनों से बिना सलाह-मशविरे के यह कानून लाना इन सभी कदम से काम की गारंटी खोखली होगी। यह बदलाव मज़दूरों के हितों के विरुद्ध है जिस से जबरन पलायन बढ़ेगा व ग्रामीण अर्थव्यवस्था कमजोर होगी। मांगों को लेकर बताया कि मजदूर विरोधी व्ही.बी. जीरामजी बिल को तत्काल रद्द करो और नरेगा कानून को बहाल करो। साल में काम की गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 200 दिन प्रति व्यक्ति करो। नरेगा की दैनिक मजदूरी न्यूनतम मज़दूरी से बढ़ाकर 800 रुपये करो। एक हफ्ते के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने का कानून बनें। ग्राम सभा की अनुमति के बिना कोई कार्य न हो व उसकी भूमिका और स्वायत्तता को मजबूत किया जाए। उन्होंने देश के करोड़ों ग्रामीण मजदूरों की आवाज सुनेंगे और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने का आह्वान किया गया।

## अपनी ही क्लास के बाहर सत्याग्रह पर बैठे प्रोफेसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पच्चीस माह से भी लम्बे समय तक बहाली को जबरन रोके रखते हुये आर्थिक व मानसिक उत्पीडऩ किये जाने का आरोप लगाते हुये नेहरू महाविद्यालय में पदस्थ प्रो.(मेजर) पंकज शर्मा ने सोमवार को महाविद्यालय परिसर में ही सत्यागृह शुरू कर दिया। विवश होकर शुरू किये गये सत्याग्रह के दौरान प्रो.(मेजर) पंकज शर्मा ने बताया कि 25 माह से भी अधिक समय से लम्बित जांच को अनावश्यक लटकाये




रख दुर्भावनावश उनकी नियुक्ति बहाली को रोक, उनका व उनके परिवार का आर्थिक व मानसिक उत्पीडऩ किये जाने के विरूद्ध जब वह अपने कर्तव्य स्थल नेहरू महाविद्यालय के इतिहास विभाग के समक्ष प्रथम चरण में वह पूर्ण रूप से शान्तिपूर्वक तरीके से सत्य एवं न्याय के लिए क्रमिक सत्याग्रह पर बैठ गये हैं। इस सत्यागृह को लेकर नेहरू महाविद्यालय की प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रदीप चौबे ने भी एक पत्र जारी करते हुये प्रो.(मेजर) पंकज शर्मा से लगाये जा रहे आरोपों को लिखित रूप से सत्य वक्तव्य जांच समिति के समक्ष प्रस्तुत करने की बात कही है। अब यह मामला कहां तक जाता है, यह तो भविष्य की गर्त में छिपा है।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी-112 आपात सेवाओं को मिली मजबूती, कमिश्नरेट कानपुर नगर में 20 नए दोपहिया वाहन शामिल



**कानपुर।** यूपी-112 आपात सेवाओं के अंतर्गत आमजन को शीघ्र, प्रभावी एवं सुलभ पुलिस सेवा उपलब्ध कराने हेतु 20 दोपहिया वाहनों को दिनांक 2.02.2026 को रघुबीर लाल, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा हरी झंडी दिखाकर ड्यूटी हेतु रवाना किया गया। इस अवसर पर आशुतोष कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक/संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), विनोद कुमार सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध), स्टाफ ऑफिसर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। इन वाहनों की तैनाती से यूपी-112 के मूल उद्देश्य 'त्वरित पुलिस आपके द्वार' को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा तथा आमजनमानस की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित होगा।

### सड़क सुरक्षा माह के समापन पर नेवादा टोल प्लाजा पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**कानपुर।** आज दिनांक 02 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार की उपस्थिति में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा आज नेवादा टॉल प्लाजा पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। साथ ही स्कूली बच्चियों द्वारा प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए गए, जिनमें सुरक्षित वाहन चलाने, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। स्कूली बच्चों द्वारा पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से सड़क सुरक्षा संदेशों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का वितरण किया गया तथा यातायात नियमों से संबंधित जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में NHAI के अधिकारी एवं कर्मचारी, स्कूल के छात्र-छात्राएं, तथा स्थानीय ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सभी ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में NHAI टीम मैनेजर, उपजिलाधिकारी (SDM) बिल्हौर, सहायक पुलिस आयुक्त (ACP) बिल्हौर, थानाध्यक्ष चौबेपुर, थानाध्यक्ष शिवराजपुर, NHAI से अलोक सिन्हा, संदीप तोमर, सेफ्टी मैनेजर, NHAI के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एक दिन में तीन जगह दलित लड़कियों के साथ छेड़छाड़ दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला आया सामने
### कहीं ना कहीं सिस्टम फेल नजर आ रहा है पुलिस के कार्य शैली पर उठ रहे सवाल नहीं मिल पा रहा है गरीब जनता को न्याय

**बस्ती।** बस्ती जिले में अपराध ग्राफ बढ़ता जा रहा है अपराधियों में नए पुलिस का खौफ राजा मामला जनपद के लालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में बकरी चरा रही नाबालिक दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का किया गया प्रयास। आरोपी मोहम्मद रजा बकरी बेचने व खरीदने के बहाने से बात करते हुए किशोरी को ले गया बीड़ी बांध के नीचे।दुष्कर्म करने का किया प्रयास किशोरी के चिल्लाने पर छोड़कर धमकी देते हुए भागा आरोपी।पीड़िता को जान से मारने की धमकी दिया कहा घर जाकर बताओगी तो जिंदगी बिगाड़ देंगे। पीड़िता की मां ने तत्काल थाने पर सूचना दी थाना अध्यक्ष पोक्सो एक्ट एससी-एसटी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा किया दर्ज वहीं दूसरी घटना कलवारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव का है जहां पर 19 वर्षीय दलित युवती के साथ छेड़खानी करने का मामला सामने आया। युवती स्कूल में पढ़ रही थी 26 जनवरी को झंडा रोहन के दौरान विद्यालय से आ रही थी रास्ते में आरोपी मोहम्मद वाहिद अली उर्फ सबलू ने बुरी नीयत से युवती को रास्ते में रोक कर अश्लील हरकतें करने लगा और छेड़छाड़ किया इसके संबंध में स्थानीय थाना कलवारी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# दबंग प्रधान ने बीएलओ को कमरे में बंधक बनाकर मारापीटा जबरन पिलाया शराब

● शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के सभी बीएलओ ने दबंग ग्राम प्रधान व उसके सहयोगियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए सौपा ज्ञापन

**ग्राम प्रधान समेत 6 लोगों पर केस दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरा अलीदापुर में बीएलओ विजय कुमार को ग्राम प्रधान व उनके सहयोगी द्वारा मारने पीटने का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर नाराज बीएलओ के परिजन, क्षेत्र के बीएलओ, शिक्षा मित्र, शिक्षकों ने तहसील पर धरना देकर एसडीएम को दोषी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। चिल्हिया पुलिस ने छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गयी है। चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सीतारामपुर टोला बनकटवा दक्षिणी निवासी विजय कुमार पुत्र रामचंद्र यादव बीएलओ के रूप में गौरा बाजार बूथ संख्या 45 में बीएलओ के रूप में तैनात हैं। वह मकनपुर विद्यालय में शिक्षा मित्र हैं। बीएलओ द्वारा एसआईआर के तहत डुप्लीकेट मतदाता सूची का प्रकाशन, मिलान, सत्यापन, पात्रों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने आदि कार्य के लिए गावं में गये हुये थे। आरोप है कि गांव के दबंग प्रधान पंकज चौबे अपने साथियों के साथ बीएलओ से दबाव डालकर मतदाता सूची में गलत कार्य करने का दबाव डालने लगे। बीएलओ के मना करने पर ग्राम प्रधान व साथियों ने बीएलओ को कमरे में बंद करके मारपीट की। आरोप यह भी है कि बीएलओ को बन्द कमरे में जबरन शराब पिलाया गया। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्र के बीएलओ व परिजन उन्हें घायल अवस्था में नजदीक के अस्पताल ले जाकर इलाज कराने में लग गए। हालत नाजुक होने पर घायल बीएलओ को मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर में इलाज के लिये भर्ती भी कराया गया है। जहां इलाज चल रहा है। सोमवार को तहसील पर भारी संख्या में नाराज बीएलओ व शिक्षामित्र, शिक्षकों ने धरना देते हुए दोषी ग्राम प्रधान और उनके साथियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए उपजिलाधिकारी विवेकानंद मिश्र को ज्ञापन सौपा। एसडीएम ने लोगों को दोषी के खिलाफ कार्रवाई का पूरा भरोसा देते हुए धरना को समाप्त कराया।

ग्राम पंचायत सीतारामपुर टोला बनकटवा दक्षिणी निवासी पीड़ित बीएलओ के पिता रामचंद्र यादव की तहरीर पर चिल्हिया पुलिस ने आरोपी अलीदापुर परैया निवासी पंकज चौबे, संजय चौबे, वेद प्रकाश, शैलेंद्र यादव व दो अन्य अज्ञात के खिलाफ धारा 191( 2) , 127( 2), 221, 121(1), 351(3) बीएनएस 2023 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात में जुट गई है। इस दौरान हेमंत कुमार शुक्ला, इंद्रजीत यादव, लालजी यादव , शिवनाथ, पृथ्वी पाल, अशोक कुमार , विनोद कुमार ,राम सूरत यादव, शिवशरन चौधरी, सुग्रीव यादव, राकेश राज, रामानंद, कृष्ण गोविंद, प्रदीप उपाध्याय, धुरुव चंद पाठक, विजय शंकर, केशव यादव, कौशल किशोर सहित भारी संख्या शिक्षक, शिक्षा मित्र में लोग मौजूद रहे।

### 7वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**उरई(जालौन)-** चुर्खी थाना क्षेत्र के टिकावली गांव में एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। रविवार की देर शाम गांव निवासी गोविंद सिंह की 14 वर्षीय पुत्री जानवी ने अपने घर के कमरे में दुपट्टे से गले में फंदा डाल कर आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब चला जब परिजन उसे देखने कमरे में पहुंचे, जहां जानवी का शव फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखकर घर में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई प्रशांत सिंह ने बताया कि जानवी महेवा स्थित एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा सातवीं की छात्रा थी। वह पढ़ाई में अच्छी थी और रोज़ की तरह स्कूल जाती थी। रविवार को पूरे दिन वह घर पर ही रही, लेकिन देर शाम अचानक उसने यह कदम उठा लिया। परिवार को आत्महत्या की कोई वजह समझ फिलहाल नहीं आ रही है। पिता गोविंद सिंह खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बेटी की मौत से मां राम जानकी देवी, दोनों भाइयों समेत पूरा परिवार गहरे सदमे में है। गांव में भी इस घटना से शोक की लहर व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलते ही चुर्खी थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल की जांच की और साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

# कानपुर में विस्फोट से झुलसे चार बच्चे , जांच में जुटी सचेंडी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** यहां से सचेंडी थाना क्षेत्र में हुए विस्फोट में चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं । उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है । इनमें से 2 बच्चे के चेहरे की पूरी खाल जल गई। पुलिस और फोरेंसिक विस्फोट किससे हुआ इसकी जांच में जुटी है। घटना संचेड़ी थाना क्षेत्र का है। इस विस्फोट में घायल हुए बच्चों का नाम निहाल, करिया, ऋषि और कृष्णा है। इसमें निहाल और करिया सगे भाई हैं। इन सभी की उम्र 7 से 8 साल है। ये सभी बच्चे दोपहर 12 बजे शौंच करने के लिए एक साथ घर से निकले थे। मौके पर पहुंची पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक वहां से लौटने के दौरान बच्चों को रास्ते में राख की तरह पॉलीथीन में कोई विस्फोटक मिला। बच्चे उसे उठा लाए। घर के बाहर बच्चों ने आग जलाई और उसमें पॉलीथीन रखी। वैसे ही उसमें विस्फोट हो गया। जिससे बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। जिसके बाद परिवार के लोग पास के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इन सभी का प्राथमिक उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल उर्सला में एडमिट करा गया गया है। बच्चों को इलाज चल रहा है। पुलिस को निहाल के पिता दीनू वही ने बताया कि बच्चे कही से कूड़ा बिनकर लाये थे उस कूड़े में एक पन्नी में कुछ विस्फोटक पदार्थ था। बच्चों ने आग जलाई और पालीथीन उसमें डाल दी। इसके बाद उसमें विस्फोट हो गया। विस्फोट में चार बच्चे झुलस गए। जिस जगह घटना हुई। वहां करीब 150 से अधिक लोग रहते हैं। डीसीपी वेस्ट ने बताया कि पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच के लिए विस्फोट वाली जगह और जहां पर विस्फोटक मिला था दोनों जगह जांच की है। विस्फोटक किस तीव्रता का और क्या था इसकी जांच के लिए पॉलीथीन का सैंपल लिया गया है। फिलहाल विस्फोटक वहां कैसे पहुंचा पुलिस द्वारा इसकी भी जांच की जा रही है।

# केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा हेतु 18 परीक्षा केंद्र निर्धारित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) फरवरी 2026 एडमिट कार्ड जारी करने से पहले सीटेट से जुड़ा शेड्यूल और परीक्षा केंद्रों की सूची केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी कर दी गई है।यह परीक्षा उन अभ्यर्थियों लिए आयोजित की जा रही है जो कक्षा 1 से 8 तक शिक्षक पद के लिए पात्रता प्राप्त करना चाहते हैं। परीक्षा में दो पेपर आयोजित किए जाएंगे पहला पेपर कक्षा 1 से 5 तक के लिए और दूसरा पेपर कक्षा 6 से 8 तक के विद्यालयों में शिक्षक भर्ती में आवेदन करने के लिए पात्रता हासिल करने के लिए होंगे।सीटेट की परीक्षा के लिए प्रतापगढ़ के 18 सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों में होगी।कुल 19 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।07 और 08 फरवरी को सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा संपन्न होगी।प्रतापगढ़ जिले में सीटेट टेस्ट 07 और 08 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इसके लिए 18 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इनमें 19 हजार 553 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्राइमरी स्तर की परीक्षा 07 तथा 08 को द्वितीय पाली में होगी तथा जूनियर स्तर की परीक्षा 07 तथा 08 को प्रथम पाली में होगी। बनाए गए परीक्षा केंद्रों में सभी विद्यालय सीबीएसई बोर्ड के हैं। सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट सीबीएसई द्वारा कराया जा रहा है। परीक्षा के लिए जिन विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है उनमें न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, संगम इंटरनेशनल स्कूल, डाल्फिन पब्लिक स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, नागेश दत्त पब्लिक स्कूल लालगंज सहित 18 स्कूल शामिल हैं। प्राइमरी स्तर की परीक्षा में 10693 परीक्षार्थी तथा जूनियर स्तर की परीक्षा में 17698 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ बजे से 12:30 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा दो से 4:30 बजे तक होगी।

### यातायात पुलिस का सख्त अभियान, 136 वाहनों का चालान, 7 सीज

**देवरिया।** दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस देवरिया ने शहर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में कोतवाली क्षेत्र में ई-रिक्शा वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान वैध कागजात वाले ई-रिक्शा वाहनों पर नंबरिंग की गई, जबकि बिना वैध कागजात पाए जाने पर चालान और सीज की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 136 वाहनों का ई-चालान किया गया और 7 वाहनों को सीज किया गया। यातायात पुलिस ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई से नियमों के पालन को बढ़ावा मिलेगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। साथ ही वाहन चालकों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बजट सत्र में संसद के जरिए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को पास कराए जाने की उठाई आवाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक की मुहिम को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के बैनर तले रविवार को यहां बार कौन्सिल चुनाव के गहमागहमी के बीच अधिवक्ताओ ने एकजुटता का प्रदर्शन किया। एसोसिएसशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को लेकर वकीलों की आम सभा भी हुई। आम सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने केंद्र सरकार के समक्ष यह मांग उठाई है कि सरकार का बजट पेश होने के बाद अब उसे अगला विधेयक संसद में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम का लाना चाहिए।उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के बजट में अधिवक्ताओ के लिए कल्याण कारी योजनाओं को लेकर अलग से बजट न रखना अत्यंत निराशा जनक है। महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि यदि सरकार इस सत्र में यह विधेयक पारित नहीं कराती तो एसोसिएशन प्रदेशव्यापी आंदोलन तेज करेगा। आम सभा की अध्यक्षता हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के पूर्व उपाध्यक्ष विष्णु पाण्डेय व संचालन प्रदेश प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया।वकीलों ने अपनी मांग को लेकर नारे बाजी के साथ जागरूकता मार्च निकाला।बड़ी संख्या में बार कौन्सिल के चुनाव को लेकर यहां जमा वकीलों ने भी अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग का समर्थन किया। जागरूकता मार्च का संयोजन प्रदेश महासचिव लवलेश शुक्ल ने किया।आम सभा को वरिष्ठ अधिवक्ता इमामुद्दीन, संजय ओझा ,राघवेंद्र बहादुर सिंह, अनुग्रह प्रताप सिंह, सुभाष तिवारी, नवीउल्लाह,रणविजय सिंह, विपिन शुक्ल, राजेश तिवारी, संतोष पाण्डेय ने भी संबोधित किया।इस मौके पर अबरार अहमद, केके शुक्ला, मो.जैद,राकेश सेन,नफीस अली, हैदर अली,जितेन्द्र तिवारी, अरविन्द त्रिपाठीआदि अधिवक्ता रहे।

# शबे बारात के मौके पर कब्रिस्तानों एवं दरगाहों मस्जिदों के आसपास साफ सफाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** इस्लाम धर्म का महत्वपूर्ण त्यौहार शबे बारात 3 फरवरी 2026 दिन मंगलवार को है! इस दिन मुसलमान कब्रिस्तान पहुंचकर अपने पूर्वजों की कब्रों पर फूल खुशबू डालकर दुआएं करते हैं यह सिलसिला शहर भर के विभिन्न कब्रिस्तानों में और दरगाहों पर पूरी रात जारी रहता है साथ ही रात भर जाग कर मस्जिदों में इबादत करते हैं और सुबह यानी 4 फरवरी बुधवार रोजा रखेंगे! शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में मुस्लिम कब्रिस्तान हैं जैसे कर्नलगंज बकर मंडी चौराहा, लकड़ मंडी, ईदगाह कॉलोनी बेनाझाबर ,बाबू पुरवा, मछरिया जूही लाल कॉलोनी, काकादेव, रावतपुर कल्याणपुर, जाजमऊ ओम पुरवा आदि! इस दिन विभिन्न कब्रिस्तानों में एवं दरगाहों और मस्जिदों के आसपास साफ सफाई की उचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की गई है। संगठन व पूरी टीम ने विभिन्न कब्रिस्तानों में जाकर सर्वे किया मौके की परिस्थितियों का जायजा लिया जहां कब्रिस्तानों में अवैध कब्जे आवारा जानवरों एवं टूटी बाउंड्री स्ट्रीट लाइट आदि की समस्या है साथ ही जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं वक्फ निरीक्षक कानपुर द्वारा कब्रिस्तानों का सर्वे कराकर सही स्थिति स्पष्ट करने हेतु निर्देश दें ताकि कब्रिस्तानों को कब्जा मुक्त भी कराया जा सके !यह की कब्रिस्तान तकिया हुजूरी शाह मे कब्रों के ऊपर कबाड़ के गोदाम बना रखे हैं उसे हटाया जाए कब्रिस्तान के अंदर स्ट्रीट लाइट लगाई जाए! यह की विभिन्न कब्रिस्तानों में बाउंड्री टूटी है बड़ी तादात में आवारा जानवर एवं कुत्ते मौजूद है कब्रिस्तान जाने वालों पर हमला कर देते हैं इसको भी दिखा लिया जाए !यह की विशेष दिन में दो बार प्रेशर के साथ पानी की सप्लाई दी जाए ताकि लोग स्नान कर पाक साफ होकर अपने पूर्वजों की कबरों पर फातिहा पढ़ने जा सके !यह की विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नगर निगम जलकल द्वारा पानी के टैंकर मोबाइल टॉयलेट आदि साफ सफाई की व्यवस्था कराई जाए !यह की केस्को द्वारा इस दिन यानी 3 फरवरी शाम 5:00 बजे से सुबह 6:00 बजे विशेष टीम बनाकर कर्मचारियों को रखा ताकि फाल्ट होने की सूरत में तुरंत काम किया जा सके !यह की शहर भर के विभिन्न कब्रिस्तानों में अतिक्रमण की समस्या दिन पे दिन बढ़ती जा रही है !मुख्य रूप से शहर काजी कानपुर साकिब मिस्बाही नायब काजी कारी सगीर आलम हबीबी महबूब आलम खान कारी अब्दुल रहीम महताब आलम अंसारी मोहम्मद वसीम आदि मौजूद रहे।

# सिद्धार्थनगर में प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी को ग्रामीणों ने चोर समझ कर, उसे पेड़ में बांधकर पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिले के डुमरियागंज थाना क्षेत्र में प्रेमिका से से मिलने पहुंचे प्रेमी की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी। प्रेमी युवक अपनी प्रेमिका के बुलाने पर उससे मिलने पहुंचा था। लोगों को इसकी भनक लगी तो एकजुट होकर देखने पहुंचे। ग्रामीणों ने समझा - चोर है। उसे घसीटते हुए बाहर लाए, कहासुनी के बाद मारपीट की। इसके बाद उसे पेड़ से बांध दिया और तब तक मारते रहें जब तक वह बेहोश नहीं हो गया। मारने पीटने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि स्वतंत्र प्रभात वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है, वायरल वीडियो में युवक को पेड़ के सहारे निवार पट्टी से बंधा हुआ दिखाया गया है। चारों तरफ से लोग उसे घेर कर पिटाई कर रहें हैं। किसी के हाथ में बेल्ट तो किसी के हाथ में चप्पल है। कई लोग हाथ में फोन लेकर घटना का वीडियो रिकार्ड करते नजर आ रहें हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर रविवार को वायरल हो गया। मामला डुमरियागंज थाना क्षेत्र के टड़वा गांव का बताया जा रहा है। पीड़ित युवक की पहचान कादीराबाद निवासी शैलेंद्र कुमार उर्फ पिंटू के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही युवक के साथ मारपीट की। युवक खुद को निर्दोष बताता रहा और बार-बार छोड़ने की गुहार लगाता रहा, लेकिन भीड़ ने उसकी एक न सुनी। यह घटना कई घंटों तक चलती रही। घटना के दौरान किसी व्यक्ति ने पूरी वारदात का वीडियो बना लिया। वीडियो में युवक को बंधे हुए हालत में पीटा जाता देखा जा सकता है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई इस मामले में थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर -** भनवापुर क्षेत्र के बुढ़ऊ चौराहे पर चल रहे नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के तीसरे दिन रविवार की रात शिव-पार्वती विवाह का अत्यंत भावपूर्ण एवं विस्तृत वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। श्रीधाम अयोध्या से पधारी सुप्रसिद्ध कथावाचिका कनकेश्वरी देवी ने अपने ओजस्वी व मधुर स्वर में इस पावन प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा स्थल को भक्तिमय बना दिया। कथावाचिका ने बताया कि माता पार्वती द्वारा भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की गई। उनकी अटूट श्रद्धा, संयम और भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने विवाह के लिए सहमति प्रदान की। शिव-पार्वती विवाह प्रसंग के दौरान शिव बारात का मनोहारी वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। भूत-पिशाच, देवता और ऋषि-मुनियों से सजी शिव बारात का दृश्य सुनते ही कथा पंडाल 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा।कनकेश्वरी देवी ने कहा कि शिव-पार्वती का विवाह केवल एक पौराणिक घटना नहीं, बल्कि त्याग, तप, विश्वास और समर्पण का जीवंत उदाहरण है। यह प्रसंग गृहस्थ जीवन में संयम और आपसी सम्मान का संदेश देता है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और संगीतमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया, कई श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए।इस मौके पर इन्द्रजीत उपाध्याय, अमित श्रीवास्तव, मस्तराम वर्मा, विजय उपाध्याय, अखिलेश श्रीवास्तव, अन्नू त्रिपाठी, आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालुउपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि श्रीराम कथा का यह आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक सद्भाव को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहा है। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

# अनियमितता व हेराफेरी पर विक्रेता पर आवश्यक वस्तु अधिनियम में एफआईआर दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** गुरुवार को प्राप्त शिकायत के क्रम में ग्रामसभा अलीपुर विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ स्थित सुरेश कुमार उचित दर विक्रेता की दुकान का औचक निरीक्षण जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी द्वारा क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक रामपुर संग्रामगढ़, पूर्ति निरीक्षक सांगीपुर एवं पूर्ति निरीक्षक लालगंज की संयुक्त टीम के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित कार्डधारकों के खाद्यान्न वितरण से संबंधित लिखित बयान दर्ज किए गए। कार्डधारकों ने बताया कि उचित दर विक्रेता सुरेश कुमार द्वारा अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से 02 से 03 किलोग्राम कम खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। साथ ही आधार प्रमाणीकरण के उपरांत भी तत्काल खाद्यान्न वितरण नहीं किया गया। कार्डधारकों ने यह भी अवगत कराया कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद ई-केवाईसी निःशुल्क किए जाने के स्थान पर विक्रेता द्वारा प्रति यूनिट 50 रुपये अवैध रूप से वसूले गए।ग्रामवासियों की उपस्थिति में जब उचित दर दुकान का भौतिक सत्यापन किया गया तो दुकान में एक भी बोरी खाद्यान्न उपलब्ध नहीं पाई गई। ई-पॉश मशीन एवं चालानों के मिलान से यह स्पष्ट हुआ कि 29 जनवरी तक विक्रेता के स्टाक में 41.16 कुंतल गेहूं एवं 62.05 कुंतल चावल उपलब्ध होना चाहिए था।निरीक्षण के दौरान बार-बार बुलाए जाने के बावजूद विक्रेता मौके पर उपस्थित नहीं हुए। जांच में पाई गई गंभीर अनियमितताओं के दृष्टिगत विक्रेता के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराए जाने की संस्तुति जिलाधिकारी को प्रेषित की गई।जिलाधिकारी द्वारा अनुमति प्रदान किए जाने के पश्चात थाना सांगीपुर में विक्रेता सुरेश कुमार, ग्राम पंचायत अलीपुर के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

### महिला आयोग की सदस्य 06 फरवरी को विकास भवन में करेंगी जनसुनवाई

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का जनपद प्रतापगढ़ भ्रमण कार्यक्रम तय किया गया है। वह 05 फरवरी को अपरान्ह 5.30 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ पहुंचेगी। 06 फरवरी को महिला आयोग की सदस्य प्रातः 8 बजे आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण, गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगी। इसके पश्चात प्रातः 8.30 बजे वन स्टाफ सेंटर का निरीक्षण करेंगी। पूर्वान्ह 9 बजे डॉ. सोनेलाल पटेल 100 बेड जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी। इसके बाद पूर्वान्ह 10.30 बजे वृद्धाश्रम चिलबिला तथा पूर्वान्ह 11.30 बजे जिला महिला बंदीगृह का निरीक्षण करेंगी। अपरान्ह 1.30 बजे विकास भवन में महिला आयोग की सदस्य जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक करेंगी। शाम 6 बजे पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता के यहां आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी।

### लम्बित व अदावी धनराशि नागरिकों को लौटाने हेतु ग्रामीण बैंक ने शुरू किया अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** 'आपकी पूंजी आपका अधिकार' अभियान के तहत उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने लम्बित एवं अदावी धनराशि नागरिकों को लौटाने हेतु सभी सरकारी कार्यालयों से समन्वय व सहयोग की अपील की है। बैंक प्रबंधन ने भारत सरकार के इस जनहित अभियान के अन्तर्गत उद्देश्य की पूर्ति के लिए जनपद के सभी संबंधित विभागों से सहयोग की अपेक्षा जतायी है। ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक आशुतोष चैबे व उपक्षेत्रीय प्रबंधक रितुराज सिंह ने बताया कि अभियान जनहित से जुड़ा है। इसलिए विभाग आवश्यक अभिलेख, अधिकृत हस्ताक्षर तथा अन्य अपेक्षित सहयोग प्रदान करें। जिससे की पात्र लाभार्थियों को उनकी धनराशि बिना किसी विलम्ब के प्राप्त हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी के मदरसा में हाफिज ए कुरान के सर पगड़ी बांध कर किया सम्मानित



**नई दिल्ली,** दारुल वोलूम रिजवीया मदरसा गुमती नगर स्थित जलसा ए दस्तार बंदी का आयोजन किया गया। मौलाना सदारत में हुए इस जलसे में 84 हुफ्फज ए कराम को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। बतौर मुखय अतिथि हज़रत मौलाना ने कुरान की शिक्षाओं का महत्व आध्यात्मिक विकास नैतिक आचरण और समाजिक न्याय के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कुरान न केवल एक धार्मिक मार्गदर्शन है बल्कि यह शिक्षा और ज्ञान को भी अत्यधिक महत्व देता है, जो व्यक्ति और समाज दोनों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जलसा में शामिल होने वाले का गुनाह अल्लाह माफ़ कर देता है। इस दस्तार बंदी में विभिन्न प्रदेश से इए तलवा कारी अब्दुल राजीक, मधुबनी। कारी मो उस्मान क़ादरी, सितामढी।कारी मो अली असगर, पुरेनिया। कारी सहबाज आलम, बिहार।कारी मो जमील हुसैन,कारी एहतराम सहीत अन्य तालिबे इल्म को पगड़ी बांध कर दीनी तालीम का प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर डॉ किताबुदिन,मो हाफिज,मो शकील सहित कारी हाफिज एवं अन्य तालिब उपस्थित थे।

### दिल्ली के तुगलकाबाद में मामूली विवाद बना जानलेवा, युवक को डंडों से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट; जांच जारी

**दक्षिणी दिल्ली के तुगलकाबाद गांव में सोमवार को मामूली विवाद के बाद एक युवक हिमांशु कुमार चौहान की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।**



**दक्षिणी दिल्ली।** गोविंदपुरी थाना क्षेत्र स्थित तुगलकाबाद गांव में सोमवार को मामूली विवाद के बाद हुए झगड़े में एक युवक की डंडों से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया है। हत्या की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतक और आरोपित एक दूसरे को पहले से जानते थे। आरोपितों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि मृतक हिमांशु कुमार चौहान उर्फ अंशु अपने परिवार के साथ कांगड़ मोहल्ला, तुगलकाबाद गांव में रहता था।

**यूपी का रहने वाला है परिवार**

परिवार मूलतः उत्तर प्रदेश के एटा का रहने वाला है। हिमांशु कुमार ओखला फेज-1 स्थित एक इंस्टॉलेशन में हाउस कीपिंग का काम करता था, पर पिछले तीन महीनों से वह बेरोजगार था।

उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 3:45 बजे पुलिस को झगड़े की सूचना मिली। गोविंदपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को कंगाड़ मोहल्ला स्थित मकान नम्बर 268 के कमरे के दरवाजे पर एक युवक का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में युवक के पास मिले दस्तावेज और पड़ोसियों से पूछताछ के बाद मृतक की पहचान कर उसके परिजनों को वारदात की जानकारी दी गई। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

### विश्व आर्द्र भूमि जागरुकता दिवस में वनकर्मियो ने बच्चों को दिखाया छक्षियो की प्रजाति

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय वन क्षेत्र के ददरी बाध में विश्व आर्द्र भूमि दिवस के तहत रविवार को वनकर्मियो ने ददरी बाध में बच्चों व ग्रामीणों को पक्षियों की प्रजाति की पहचान कराते हुए गणना किया है जिसमें बाध में काला बगुला व सफेद बगुला की संख्या 20, चकहा 30, पनडुब्बी 10, सिलही 12, नकवा 9, कव्वाल 6, सिलही 3 आदि की गणना करते हुआ पहचान कराया। इस दौरान वन दरोगा सूरज पांडेय, शनी सिंह, नीतू शर्मा, राजकुमार वर्मा, रामदास आदिवासी, शीतला बक्श सिंह, संदीप कुमार, अंकुर शुक्ला, शिवम सिंह आदि के साथ सुरक्षा श्रमिक व ग्रामीण,बच्चे मौजूद रहे।

# अमेरिका के हमले का जरा भी खौफ नहीं, खुमैनी के मकबरे से दहाड़े खामनेई

**खामनेई ने कोम में जमकरान मस्जिद का दौरा किया। यह स्थल शिया समुदाय के लिए आध्यात्मिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। वहां उनकी उपस्थिति ने उनके समर्थकों में विश्वास जगाया है। उन्होंने तेहरान में इमाम खुमेनी के स्मारक का दौरा किया।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

ईरान के सुप्रीम लीडर आया सैयद अली खामिनी कहीं छुपे नहीं है बल्कि वह कुछ दिनों के बाद खुलकर सामने आए हैं और ना सिर्फ सामने आए बल्कि उनकी हालिया सार्वजनिक उपस्थिति ने उन तमाम अटकलों और अफवाहों का करारा जवाब दिया है जिसमें उनके छिपे होने या फिर बंकर में जाने की खबरें फैलाई जा रही थी। दरअसल खामनेई ने कोम में जमकरान मस्जिद का दौरा किया। यह स्थल शिया समुदाय के लिए आध्यात्मिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। वहां उनकी उपस्थिति ने उनके समर्थकों में विश्वास जगाया है। उन्होंने तेहरान में इमाम खुमेनी के स्मारक का दौरा किया। यह दौरा दहा-ए फज्र यानी इस्लामी क्रांति की 47वीं वर्षगांठ की शुरुआत के अवसर पर किया गया। उनकी तस्वीरों के साथ सार्वजनिक रूप से सामने आने का उद्देश्य यह दिखाना है कि वे देश की कमान पूरी मजबूती के साथ अभी भी संभाल रहे हैं। इसके बाद उन्होंने गरजते हुए अमेरिका को खुली चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा ईरान पर कोई भी सैन्य हमला मिडिल ईस्ट में क्षेत्रीय युद्ध को जन्म देगा जिससे पूरे इलाके में बड़े पैमाने पर संघर्ष फैल सकता है।

ईरानी नेता का यह बयान तब सामने आया जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इस्लामी गणराज्य पर सैन्य हमले की धमकी दी है। माना जा रहा है कि 86 वर्षीय आयातुल्लाह अली खामिनी की ये टिप्पणियां अब तक की उनके सबसे प्रत्यक्ष धमकी है। ईरानी सरकारी टेलीविज़न ने कामी के हवाले से बताया कि अमेरिकियों को यह पता होना चाहिए कि अगर वे युद्ध शुरू करते हैं तो इस बार यह एक क्षेत्रीय युद्ध होगा। हमें उकसाया नहीं जाना चाहिए और ना ही हम किसी देश पर हमला करना चाहते हैं। लेकिन ईरानी राष्ट्र किसी भी ऐसे व्यक्ति को करारा जवाब देगा जो उस पर हमला करेगा या फिर उसे परेशान करेगा।

ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालिबाफ ने कहा कि इस्लामी गणराज्य ईरान अब यूरोपीय संघ की सभी सेनाओं को आतंकवादी संगठन मानता है। उनका यह कड़ा बयान यूरोपीय संघ द्वारा ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के फैसले के बाद आया है। यूरोपीय संघ ने यह कदम ईरान में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित रूप से की गई खूनी कार्रवाई के मद्देनजर उठाया था। कालिबाफ की इस घोषणा को मुख्य रूप से प्रतीकात्मक माना जा रहा है। 2019 में पारित एक कानून के तहत ईरान ने अमेरिका द्वारा रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के जवाब में अन्य देशों की सेनाओं को भी इसी कैटिगरी में रखा था।

# श्रीभूमि जिले के रामकृष्ण नगर विधानसभा क्षेत्र के भेटारबंद और सिंगलाछड़ा ज़िप में विकास की लहर

**● एक दिन में 7 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से चार परियोजनाओं का शिलान्यास विधायक विजय मालाकार द्वारा।**

**विधायक ने कहा कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के समय में असम सहित रामकृष्णनगर क्षेत्र के हर कोने में विकास कार्य चल रहे हैं।**









**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमिः** 26वीं विधानसभा चुनाव के दिन के नज़दीक आते ही राज्य भर में विकास कार्य जारी हैं, रामकृष्णनगर क्षेत्र भी पीछे नहीं है। 2 फरवरी (सोमवार) को रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के दुल्लभछड़ा के पास स्थित भेटारबंद ज़िप के धूपनपुर ट्राइबल हाई स्कूल में 4.5 करोड़ रुपये की लागत से नई स्कूल बिल्डिंग का शिलान्यास किया और विशाल जनसभा में भाग लिया। एक ही दिन में 7 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से चार परियोजनाओं का शिलान्यास किया। तीन सड़कें और एक हायर सेकेंडरी स्कूल की नई बिल्डिंग। यह दिन असम के सभी छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री हिमन्त विश्व शर्मा असम के गौहाटी से वर्चुअल माध्यम से हायर सेकेंडरी स्कूलों के नए भवन का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री के प्रोग्राम के बाद विधायक पहले भेटारबंद ज़िप के धूपनपुर ट्राइबल हायर स्कूल की 4 करोड 50 लाख रुपये की लागत से नई इमारत का शिलान्यास किया। यह नई इमारत 2025-26 वित्तीय वर्ष के आर आई डी एफ प्रोजेक्ट के तहत होगी।

इसके बाद विधायक ने तीन ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास किया। यह तीनों सड़कें मुख्यमंत्री पकिपथ योजना के तहत बनाई जाएंगी। इन सड़कों में हैं: भेटारबंद जीपी की पूर्व फनाई से दौलतपुर तक की सड़क, जो 2025-26 वित्तीय वर्ष में 99 लाख रुपये की लागत से बनेगी। दूसरी सड़क भैरवबाड़ी से रांखल बस्ती तक 1 करोड 13 लाख रुपये की लागत से और तीसरी सड़क सिंगलाछड़ा जीपी के सी आर सड़क से पीएमजीएसवाई आबादी बस्ती रोड तक, 2025-26 वित्तीय वर्ष में 68 लाख रुपये की लागत से बनाई जाएगी। भेटारबंद जीपी के धूपनपुर ट्राइबल हायर स्कूल के शिलान्यास समारोह में बड़े जनसमूह को देखते हुए विधायक विजय मालाकार ने कहा कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के समय में असम सहित रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के हर कोने में विकास कार्य हुए हैं और रामकृष्ण नगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विकास कार्य करना मेरा प्रथम कर्तव्य है लोगों के हित के लिए। समारोह में धूपनपुर ट्राइबल हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य प्रदीप गोस्वामी, भेटारबंद जीपी के अध्यक्ष बिमल नाथ, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोपी मोहन नाथ, एपी सदस्या सुप्ता दे, दुल्लभछड़ा मंडल बीजेपी के अध्यक्ष चंदन भर, जनरल सचिव नुपुर चक्रवर्ती, दुल्लभछड़ा और चैरेगी जिला परिषद सदस्य प्रणव मुखर्जी और पंकज राय शर्मा, पूर्व शिक्षक राजेंद्र बराई, लालछड़ा जीपी अध्यक्ष संजय गोस्वामी, दुल्लभछड़ा माइनॉरिटी मोर्चा के अध्यक्ष आलिम उद्दिन, वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा राज्यिक सदस्य उमा शंकर बनिया और अन्य विभिन्न मोर्चाओं के कार्यकर्ता समेत विशिष्ट व्यक्ति। इस दिन स्कूल की छात्राओं ने कार्यक्रम में सुंदर ढंग से धमाल नृत्य का प्रदर्शन किया।

## वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया दिल्ली प्रदेश टीम में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बदलाव

**● नए पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियाँ**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली** 7 दिनांकः 2 फरवरी 2026? पत्रकारों के हितों एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिल्ली प्रदेश टीम में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बदलाव किए गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय, महासचिव नरेंद्र भंडारी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सक्सेना जी के निर्देशानुसार दिल्ली प्रदेश संगठन को मजबूत करने हेतु दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष संदीप शर्मा के नेतृत्व में दिल्ली इकाई में नए उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं।इन बदलावों के तहत देवेन्द्र पवार को दिल्ली प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है।मुकेश मधुर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।संजीव चौहान को संगठन का कोषाध्यक्ष बनाया गया है

इस अवसर पर संजय सक्सेना जी को अन्य राज्यों के साथ दिल्ली प्रदेश टीम के संपर्क अधिकारी का दायित्व सौंपा गयासंजय सक्सेना जी को दिल्ली प्रदेश टीम का संपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया है।इसके अतिरिक्त संगठन को मजबूती देने



में सक्रिय भूमिका निभा रहे पदाधिकारियों में धर्मेंद्र भदौरिया (उपाध्यक्ष), नरेंद्र धवन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष स्वतन्त्र सिंह भुल्लर (उपाध्यक्ष),ईश मालिक उपाध्यक्ष जगजीत सिंह (प्रचार सचिव) तथाजितेंद्र दिवाकर प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर संगठन की बैठक में पत्रकारों की समस्याओं, उनके अधिकारों, सुरक्षा, सम्मानजनक कार्य वातावरण एवं कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श कर यह संकल्प लिया गया कि पत्रकारों की आवाज़ को मजबूती से सरकार और प्रशासन तक पहुँचाया जाएगा। राष्ट्रीय नेतृत्व ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए अपेक्षा जताई कि सभी पदाधिकारी संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और पत्रकार हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 97 जोड़ों का विवाह सम्पन्न



**देवरिया।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सोमवार को ओम मैरेज हॉल, तरकुलवा में भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 97 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया, जिसमें 83 हिन्दू एवं 14 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सरकार की एक प्रभावी और संवेदनशील पहल है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता और सादगी का उदाहरण प्रस्तुत करता है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये व्यय किए जाते हैं, जिसमें 60 हजार रुपये कन्या के खाते में, 25 हजार रुपये उपहार सामग्री तथा 15 हजार रुपये आयोजन पर खर्च होते हैं। उन्होंने बताया कि अगला सामूहिक विवाह 4 फरवरी को प्रिंस पैलेस, देवरिया में आयोजित होगा, जिसमें 95 जोड़ों का विवाह प्रस्तावित है। योजना से जरूरतमंद परिवारों को सामाजिक व आर्थिक संबल मिल रहा है।

## दुष्कर्म मामले में दो गिरफ्तार




**देवरिया।** जनपद के लार थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। थाना लार में पंजीकृत मुकदमा संख्या 30/2026 के तहत धारा 70(2), 351(3) बीएनएस एवं 5जी/5जे(2)/6 पोक्सो अधिनियम में अभियुक्त शुभम सैनी निवासी थाना लार तथा एक बाल अपचारी को 2 फरवरी को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि 31 जनवरी को वादिनी ने तहरीर देकर बताया था कि उनकी नाबालिग पुत्री, जो कक्षा आठ की छात्रा है, को स्कूल के ही चार लड़कों द्वारा नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दुष्कर्म किया। मामले में विवेचना जारी है। पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## शिवनगर में विश्व शांति के लिए नाम कीर्तन महोत्सव, यज्ञ, भंडारा का आयोजन





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**असम धेमाजी।** सिलापथार शिवनगर सर्वजनिन शिव मंदिर आंगन में आज से विश्व शांति के लिए अष्ट प्रहर यानी 24 घंटे अविराम नाम कीर्तन का एवं भंडारा का आयोजन किया गया है। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार गत कल शाम जलारूहण के बाद कुंज का उद्घाटन, भगवद गीता के पाठ किया गया। वैष्णवों द्वारा कलश की स्थापना के बाद, शिवनगर के नाम कीर्तन दल ने आदिवास कार्य संपन्न किया। महोत्सव सुबह 6 बजे हरे कृष्ण हरे राम नाम के जाप के साथ शुरू हुआ।

महोत्सव में अलीपुर नित्यानंद कीर्तन दल, कदमताल, चेंगाजान,सिलापथार के अद्वैत्य और गौर निताई कीर्तन दल ने नाम कीर्तन पेश किया। दोपहर 12 बजे दीनबंधु महंत बाबाजी के भोग लगाने के बाद महाप्रसाद वितरण किए गया। इस कार्यक्रम में इलाके के 3,000 से ज़्यादा लोग शामिल हुए और महाप्रसाद लिया। उत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष नाथ, सचिव प्रेमानंद नाथ ने मीडिया को दिए जानकारी अनुसार इस बार 44 संख्यक वर्ष में पदार्पण किया। ओर विश्व शांति के लिए हर वर्ष इलाके की लोगों की सहयोग में इस महोत्सव का आयोजन करते हुए आ रहे हैं, आज संपूर्ण रात नाम कीर्तन चलेगा कल सूर्योदय के बाद दही के भांड तोड़ कर नाम कीर्तन विराम दिया जाएगा एवं महंत विदाई अनुष्ठान संपन्न होगा।

## परीक्षा सिर पर लेशन थीं तक हुई पढाई हाई स्कूल सलैया का मामला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल बिरसिंहपुर पाली–** माध्यमिक शिक्षा मंडल व्दारा परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी गई है जो कि 17 फरवरी से होने वाली है, लेकिन अध्यापन कितना हुआ, यह जानकर आप भौचक्के रह जायेगें। मामला हाई स्कूल सलैया 01 का है, जहाँ पर अभी तक अग्रेजी बिषय की कुल तीन लेशन तक पढाई हुई है। बताया जाता है की अग्रेजी बिषय के अध्यापन की जिम्मेदारी संस्था प्रमुख प्राचार्य श्री मती मनोरमा सोनी जी सम्हाल रही है जो कि मूल रूप से कृषि विज्ञान वर्ग एक की शिक्षक है। विद्यालयो में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बिषय वार शिक्षको की पद संरचना की गयी है, जिस वजह से नियमत एक विद्यालय में शिक्षकों की तादाद भी निश्चित है, जिस वजह से सलैया विद्यालय में अग्रेजी बिषय की शिक्षक की भर्ती ही नहीं की गयी, जिस वजह से कृषि विज्ञान के शिक्षक से अग्रेजी बिषय पढाने की जिम्मेदारी उठा रही , इन्होंने जानबूझकर अग्रेजी बिषय के अतिथि शिक्षक की भर्ती ही नहीं की और न ही इस बात की जानकारी विभागीय अधिकारियों को देना उचित नहीं समझा। आखिर कार पूरे सत्र में सलैया विद्यालय में अग्रेजी बिषय का शिक्षक की नियुक्ति न कर विद्यालय में अध्ययन रत छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ क्यों किया गया, यह सवाल आज भी अनुत्तरित है।

**प्राचार्य के साथ अतिथि शिक्षक की भी चल रही छुट्टी**

सलैया विद्यालय में कक्षा नवमी में 30 छात्र और कक्षा 10 में 18 छात्र दर्ज हैं जहाँ पर सात शिक्षक पदस्थ है जिनमें तीन शिक्षक निमयित और चार अतिथि शिक्षक भर्ती किये गए हैं। इनमें से नरेश सोनी सहायक प्रयोग शाला शिक्षक भी लगातार अवकाश में बताये जाते हैं। मालूम होवे की अतिथि शिक्षक श्री सोनी विद्यालय के प्राचार्य के पति है, जिससे वह साल के अधिकांश दिनों में अवकाश में ही रहते हैं फिर भी उनका वेतन पूरे समय का आहरित किया जा रहा है। यह ओ डी भी बकायदा भरी जाती है। इस तरीके से विद्यालय शासन के नियमों से कम पारिवारिक संबंधों के आधार पर ज्यादा संचालित हैं। बताया जाता है कि इन दिनों संस्था की प्राचार्य विद्यालय से नदारद मिली और साथ में अतिथि शिक्षक नरेश सोनी और संगीता तिवारी भी विद्यालय में अनुपस्थित पायी गयी। नरेश सोनी के संबंध में बताया गया की वह लगभग एक पखवाड़े से अनुपस्थित है। प्राचार्य ने दूरभाष में बतलाया की हम पिछले दिनों से लगातार अवकाश में है और नरेश सोनी के लिये भी उन्होंने अवकाश की जानकारी दी।बताया जाता है कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस में भी प्रभारी प्राचार्य और अतिथि शिक्षक श्री सोनी जी सहित विद्यालय नहीं पहुंचे ?।

**आयुक्त की जन सुनवाई में हुई शिकायत**

सलैया विद्यालय के छात्रों ने विद्यालय में अध्यापन कार्य के अपूर्ण होने की शिकायत कमिश्नर कार्यालय की जन सुनवाई में देते हुए कहा की विद्यालय में अग्रेजी बिषय का कोई शिक्षक ही पदस्थ नहीं है, जिससे अग्रेजी बिषय की पढ़ाई ही नहीं की गयी है। ध्यान देने योग्य है कि परीक्षा में कुल एक पखवाड़ा शेष रह गए हैं और उस बिषय की पढ़ाई न होना न सिर्फ विद्यालय प्रबंधन को कटघरे में खड़ा करता बल्कि पूरे अमले के ऊपर तीखे सवाल खड़े करके रख दिया है।




**अब चलेगा नियमित और प्रायवेट का खेल**

बोर्ड परीक्षाओं में नियमित छात्रों को प्रायवेट बनाने का खेल भी विद्यालयों में खूब फल फूल रहा है। बताया जाता है की बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणामों को सुधारने की दिशा में यह मील का पत्थर साबित हो रहा है, ताकि नियमित छात्रों की संख्या कम दर्शा कर अपने विद्यालय की नाक बचाने की कवायद की जाती है। साल भर विद्यालय में हाजिर होने वाले छात्रों को प्रायवेट बता कर संस्था प्रमुख अपनी पीठ थपथपाने का काम करते हैं इसी कड़ी में सलैया विद्यालय में कुछ नियमित छात्रों को प्रायवेट बनाया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक सलैया विद्यालय में नियमित रूप से अध्ययन रत बैगा समुदाय की लक्ष्मी बैगा, अनिल बैगा, लक्ष्मण बैगा और देववतिया खैरवार को प्रायवेट छात्रों की श्रेणी में डाल दिया गया है जबकि कुछेक छात्र जिनकी उपस्थित अपेक्षाकृत कम है उन्हें नियमित छात्र के रूप में शामिल किया जा रहा है।

## पुरुष सेपक टकराव ने टोक्यो में आयोजित एशियाई खेल में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम किया रौशन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष सेपक टकराव टीम ने मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एशियाई खेलों 2026 के टेस्ट इवेंट में टोक्यो में स्वर्ण पदक जीता। टीम को मुख्य कोच हेमराज द्वारा विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया और सेपक टकराव फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव श्री नरेश कुमार द्वारा कुशलतापूर्वक प्रबंधित किया गया। स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम में आकाश युमनाम,संदीप कुमार,अरुण,राम कुमार,बॉबी कुमार और एस मालमंगबा सिंह शामिल थे,जिनके सामूहिक प्रयास और समर्पण ने देश को गौरव दिलाया।यह उल्लेखनीय उपलब्धि भारतीय सेपकटकरा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई,जो एशियाई स्तर पर टीम की बढ़ती ताकत और प्रतिस्पर्धी कद को दर्शाती है।

पेरिका सुरेश, संयुक्त सचिव,सेपक टाकराव फेडरेशन ऑफ इंडिया श्री एस.आर.प्रेम राज, अध्यक्ष, साउथ एशिया सेपक टकराव एसोसिएशन और सेपक टकराव फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री श्रीनिवासुलु ने टीम की सफलता पर बेहद खुशी व्यक्त की। उन्होंने भारतीय टीम को बधाई दी और आगामी 7 से 10 फरवरी 2026 तक कोलंबो में आयोजित होने वाली छठी दक्षिण एशियाई सेपक टकराव चैंपियनशिप के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दीं। जॉइंट सेक्रेटरी सेपक टकराव फेडरेशन ऑफ इंडिया के जॉइंट सेक्रेटरी श्री सुरेश ने कहा कि यह खेल लगातार लोकप्रियता का नया-नया मुकाम बना रही है। उन्होंने कहा कि देश में भी यह खेल काफी लोकप्रिय हो रहा है और युवा भारी संख्या में इस खेल से जुड़ रहे हैं।

## 48 घंटे में अवैध निर्माण नहीं हटा तो जेएनयू के हॉस्टल वार्डनों पर होगा एक्शन, यूनिवर्सिटी प्रशासन की चेतावनी

**नई दिल्ली:** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रशासन ने परिसर में अवैध निर्माण के मामलों को गंभीरता से लेते हुए कड़ा रुख अपनाया है। विश्वविद्यालय ने सभी हॉस्टल वार्डनों को निर्देश दिया है कि वे 48 घंटे के भीतर वार्डन फ्लैट और हास्टल परिसर के अंदर-बाहर किए गए किसी भी तरह के अवैध निर्माण को हटाएं। आदेश का पालन नहीं करने पर वार्डन के पद से हटाने तक की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इस संबंध में डीन, छात्र कार्यालय की ओर से सोमवार को एक सर्कुलर जारी किया गया।

सर्कुलर में कहा गया है कि हाल के दिनों में यह सामने आया है कि कुछ हास्टल वार्डन विश्वविद्यालय परिसर के भीतर और आसपास अस्थायी व स्थायी दोनों प्रकार के अवैध निर्माण कर रहे हैं, जो विश्वविद्यालय के आवास आवंटन नियमों का सीधा उल्लंघन है।

जेएनयू प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जेएनयू परिसर में किसी भी तरह के अवैध निर्माण पर पूरी तरह प्रतिबंध है। विश्वविद्यालय की ओर से पहले भी इस विषय पर सख्त निर्देश जारी किए जा चुके हैं। पिछले वर्ष तीन दिसंबर को भी कर्मचारियों और वार्डनों को अवैध निर्माण से बचने को लेकर सर्कुलर जारी किया गया था, इसके बावजूद ऐसे मामलों की शिकायतें सामने आ रही हैं।

नए सर्कुलर में सभी हॉस्टल वार्डनों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने वार्डन फ्लैट के अंदर और बाहर किए गए सभी अनधिकृत निर्माण को 48 घंटे के भीतर स्वयं हटाना सुनिश्चित करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्देशों की अनदेखी करने पर विश्वविद्यालय नियमों के तहत सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## फॉर्म-7 के दुरुपयोग का आरोप, समाजवादी पार्टी ने दी चेतावनी

**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने आरोप लगाया है कि सत्तापक्ष फॉर्म-7 के दुरुपयोग के माध्यम से समाजवादी विचारधारा, पीडीए वर्ग और अल्पसंख्यक मतदाताओं के मताधिकार को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। यादव ने बताया कि फ़र्जी प्रपत्र, झूठे सत्यापन और प्रशासनिक दबाव के जरिए मतदाता सूची से नाम कटवाने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जांचें और बिना लिखित सहमति किसी को भी फॉर्म-7, फॉर्म-8 या अन्य प्रपत्र भरने की अनुमति न दें। उन्होंने चेतावनी दी कि मतदाता सूची से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ गंभीर अपराध है और इसमें शामिल कर्मचारियों व एजेंटों के खिलाफ एफआईआर, विभागीय निलंबन और न्यायिक कार्यवाही की जाएगी।